


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 मानसिक रूप से थके विराट को इंग्लैंड दौरे से पहले...

पाकिस्तानः सूचना मंत्री मरियम ने की पीएमडीए भंग करने की घोषणा 12



वर्ष : 09 | अंक : 342 | पटना, गुरुवार, 21 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, पंचमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 41.0°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

पंजाब, मध्य प्रदेश, झारखंड, यूपी, सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी।

**पोल**

**क्या कोरोना के प्रति देश में फिर से लापरवाही बरती जा रही है?**

हां 94%
नहीं 03%
कह नहीं सकते 03%

**बाजार**

सोना 54,320
चांदी 68,300
सेंसेक्स 57,037
निफ्टी 17,136

# बिहार में अवैध रह रहे बांग्लादेशियों के ठिकानों पर चलेगा बुलडोजर : रामसूरत

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

बिहार सरकार अवैध तरीके से राज्य में रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी और ऐसे घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उनके घरों पर बुलडोजर भी चलाया जाएगा। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय ने यह कहा है।

रामसूरत राय ने कहा कि उन्हें अपने विभाग के अधिकारियों द्वारा एवं अन्य स्रोतों से यह जानकारी मिल रही है कि बॉर्डर से सटे इलाकों में बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। इसकी जानकारी पुख्ता की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से भी आग्रह किया कि अगर ऐसी कोई जानकारी उनके पास है तो वो इसे सरकार को बतावें। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके अवैध ठिकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। राय ने कहा कि बिहार में ऐसे तमाम



जगहों पर राजस्व भूमि सुधार विभाग की नजर है, जहां सरकारी जमीनों पर कब्जा कर मकान बना कर लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। अगर यह स्पष्ट होता है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। ऐसे तमाम घुसपैठियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा, इस विषय

- जहां-जहां सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण हुआ है उसकी पहचान कर एक सप्ताह के अंदर उस पर बुलडोजर चलाने का निर्देश दिया गया है

पर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई है और तमाम जिलाधिकारियों से इसका पूरा ब्यौरा मांगा गया है।

ज्ञात है कि भाजपा नेता इस मुद्दे को समय-समय पर उठाते रहते हैं। कुछ माह पूर्व कुछ जिलों के जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक ने अवैध ढंग से बांग्लादेशी नागरिकों के रहने के संदर्भ में सरकार को पत्र लिखा गया था। तब उसको लेकर सूबे में राजनीति काफी गर्मा गई थी। अब स्वयं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री द्वारा दिए गए बयान के बाद यह मामला एक बार फिर से गर्मा सकता है। ऐसी खबरें लगातार आती रही हैं कि बांग्लादेश से अवैध शरणार्थी बिहार की सीमा के अंदर दाखिल होते रहते हैं।

## लोहार जाति एसटी से हुई बाहर, अधिसूचना जारी

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

बिहार में लोहार जाति अब अनुसूचित जाति नहीं मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के आलोक में बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार सरकार ने 2016 में लोहार जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देते हुए 23 अगस्त 2016 को अधिसूचना जारी की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस केएम जोसेफ और हृषिकेश राय की बेंच ने इस वर्ष 21 फरवरी को उसे निरस्त करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि लोहार और लोहारा दो अलग जातियां हैं। लोहारा जाति बिहार में नहीं रहती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले से लोहार जाति कभी भी अनुसूचित जनजाति की लिस्ट में नहीं रही, बल्कि वो राज्य की ओबीसी की सूची में है और लोहार जाति पूर्व की तरह ही ओबीसी कैटेगरी में ही रहेगी।

ज्ञात है कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के एक साल के अंदर ही बिहार सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया था कि लोहार जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति में गिना जाएगा।

# पीएम मोदी ने किया आयुष में निवेश और शोध का आह्वान

**गांधीनगर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष में शोध और निवेश का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसानों की आय और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की व्यापक संभावनाएं हैं। मोदी ने वैश्विक आयुष निवेश एवं नवाचार शिखर सम्मेलन 2022 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान आयुष औषधियों और चिकित्सा पद्धति ने मानवता में व्यापक स्तर पर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आयुष में निवेश और शोध बढ़ाने की जरूरत है, जिससे दुनिया की बड़ी आबादी को बेहतर और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि आयुष के क्षेत्र में स्थानीय संसाधनों का इस्तेमाल करने से किसानों की आय में भी इजाफा होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कई परियोजनाओं की रखी आधारशिला बोले- मेक इन इंडिया का हिस्सा बनेगा दाहोद

पीएम मोदी ने बुधवार को एक आदिवासी महासम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही लगभग 22 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की नींव रखी। इसमें दाहोद में रेलवे उत्पादन इकाई में नौ हजार हार्स पावर के इलेक्ट्रिक इंजन के निर्माण की परियोजना भी शामिल है। पीएम मोदी ने कहा कि दाहोद अब मेक इन इंडिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। मोदी ने कहा कि हमारे यहां एक प्राचीन कहावत है कि हम जहां रहते हैं उसका हमारे जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

## संक्षिप्त खबर

### फतेहपुर में बस हादसे में पांच की मौत, 15 घायल

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में बारातियों से भरी बस की एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 अन्य घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बुधवार को बताया कौशांबी से फतेहपुर जा रही बस एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर पलट गयी। यह हादसा घोष थाना क्षेत्र में प्रेम नगर के पास हुआ। उन्होंने बताया कि कौशांबी के सैनी थाना क्षेत्र में कमालपुर गांव से मंगलवार की रात 9:00 बजे बस बारात लेकर फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर जा रही थी। थाना क्षेत्र के प्रेम नगर चौराहे पर अनियंत्रित बस ट्रैक्टर से टकरा गई। इससे बस में सवार 4 बारातियों की मौके पर मौत हो गई। जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के दौरान एक अन्य यात्री की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे में पांच लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जतायी है। उन्होंने घायलों का समुचित उपचार कराये जाने के प्रशासन को निर्देश दिये हैं।

### आग लगने से परिवार के सात लोगों की जलकर मौत

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना के ताजपुर रोड पर देर रात एक दर्दनाक हादसे में एक झुग्गी को आग लगने से परिवार के सात लोगों की जलकर मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि मध्यरात्रि के बाद दो बजे एक झुग्गी में आग लगने से उसमें सो रहे परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गयी। हादसे में पति-पत्नी और पांच बच्चों की ज़िंदा जलकर मौत हो गयी। मारा गया परिवार बिहार से सम्बंधित बताया जा रहा है, जो पिछले कुछ समय से लुधियाना में रह रहा था। जांच टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। (विस्तृत पेज 4 पर)

### रक्षा मंत्रालय ने पूंजी खरीद बजट का 65 प्रतिशत घरेलू उद्योगों पर खर्च किया

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2021-22 में घरेलू उद्योग के लिए पूंजी खरीद बजट का 65.5 प्रतिशत इस्तेमाल किया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी करके कहा कि उसने इस वित्त वर्ष के दौरान पूंजी खरीद बजट के 64 प्रतिशत हिस्से का घरेलू उद्योगों के लिए इस्तेमाल करने का लक्ष्य रखा था। मंत्रालय ने इस लक्ष्य को हासिल करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को साकार करने में बड़ा सहयोग दिया है। इसके अलावा, मार्च 2022 की प्रारंभिक व्यय रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2021-22 में रक्षा सेवा बजट का 99.50 प्रतिशत उपयोग किया है।

# नौकरशाहों के लिए नागरिक अनुकूल दृष्टिकोण ही एकमात्र विकल्पः डा. सिंह

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री डा. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि नागरिकों के प्रति नौकरशाहों के दृष्टिकोण से ही आजादी के सौ साल बाद 2047 में देश के शासन मॉडल का निर्धारण किया जायेगा। डा. सिंह ने बुधवार को यहां विज्ञान भवन में 15 वें लोक सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नये शासन मॉडल में नौकरशाहों के लिए नागरिकों के अनुकूल दृष्टिकोण ही एकमात्र विकल्प होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस संबंध में टिप्पणी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, लोक



सेवा दिवस का वास्तविक मतलब आम आदमी के प्रति समर्पण है और प्रत्येक नौकरशाह को आम आदमी के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में आम आदमी की अपेक्षाएं बढ़ी हैं और नौकरशाहों को अपनी भविष्य की भूमिका को लेकर गंभीरता के साथ चिंतन करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें विशेष

- डा. सिंह ने बुधवार को विज्ञान भवन में 15 वें लोक सेवा दिवस समारोह को किया संबोधित

रूप से ऐसे अधिकारियों पर ध्यान देना होगा जिनकी सेवा के 25 वर्ष बचे हुए हैं और मौजूदा अधिकारियों को भारत को मजबूत और अग्रिम पंक्ति का राष्ट्र बनाने के लिए इनकी क्षमता तथा दक्षता बढ़ाने में मदद करनी होगी। महत्वपूर्ण योजना मिशन कर्मयोगी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नौकरशाहों को नये और चुनौतीपूर्ण कार्यों के लिए अपने आप को तैयार करना होगा क्योंकि सरकार की ज्यादातर प्रमुख योजनाएं विज्ञान और प्रौधोगिकी पर आधारित हैं।

## लालू प्रसाद की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 अप्रैल को

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

चारा घोटाले के मामले में सजायाफ्ता राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। लालू प्रसाद की जमानत याचिका पर सीबीआई की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है परन्तु जमानत याचिका पर सुनवाई अब 22 अप्रैल को होगी। बताया जाता है कि सीबीआई ने अपने जवाब में कहा है कि लालू प्रसाद यादव ने इस मामले में सजा की आधी अवधि पूरी नहीं की है। जबकि लालू प्रसाद ने अपनी याचिका में दावा किया है कि इस मामले में 41 महीने उन्होंने जेल में बिताया हैं। जबकि सजा की आधी अवधि 30 महीने ही होगी। ज्ञात है कि फिलहाल लालू यादव जेल बंदी के रूप में दिल्ली में अपना इलाज करा रहे हैं।

# अरवल का रामपुर चौरम थाना देश के सर्वश्रेष्ठ थानों में



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा भारत वर्ष के सभी 16955 थानों में से 10 सर्वश्रेष्ठ थानों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया है इन 10 सालों में अरवल जिले का रामपुर चौरम थाना भी शामिल है। अरवल जिला के पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन तथा तत्कालीन थानाध्यक्ष दुगार्नंद मिश्रा को पुलिस महानिदेशक एसके सिंघल द्वारा बुधवार को सम्मानित किया गया। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के अनुसार 1 जनवरी 2020 तक देश में स्वीकृत 16955 पुलिस थानों में से 1033 थाने बिहार में थे। सर्वश्रेष्ठ थानों के चयन का मानदंड महिलाओं के विरुद्ध अपराध कमजोर वर्ग के विरुद्ध अपराध संपत्ति संबंधित अपराध गुमशुदा व्यक्तियों के मामले अज्ञात पाए गए व्यक्तियों के मामले एवं आरोप पत्र ई करण इत्यादि विषय शामिल है चयन हेतु मूल्यांकन किसी तीसरे पक्ष द्वारा किया जाता है 80% मूल्यांकन अभिलेख आधारित होता है तथा 20% बुनियादी ढांचा स्थानीय निवासियों एवं व्यवसायियों की प्रतिपुष्टि के आधार पर होता है इनके चयन में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के पास उपलब्ध सूचना का उपयोग किया जाता है।

# कोसी और सीमांचल में आंधी बारिश का कहर, दो की मौत

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

कोसी और सीमांचल के जिलों में मंगलवार की देर रात आयी आंधी के साथ हुयी बारिश से व्यापक क्षति हुई है। आंधी के कारण कई घरों के छप्पर उड़ गये तो कुछ जगहों पर घरों की दीवार गिर गयी। आंधी-बारिश के कारण फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। आंधी बारिश के कारण जहां दो लोगों की मौत हो गयी वहीं कटिहार में चार घंटे तक ट्रेन परिचालन ठप रहा। इससे सबसे अधिक नुकसान मक्का की फसल को हुआ है, कुछ जगह गेहूं की कटनी और दौनी भी प्रभावित हुई है।

अररिया के रानीगंज के महुआ गांव में आंधी से घर की दीवार गिरने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी जबकि कटिहार के पोठिया में वज्रपात की

- मंत्री लेसी सिंह ने बुधवार को कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर नुकसान का सर्वे कराने एवं क्षतिपूर्ति मुआवजे देने को कहा

चपेट में आने से शंकर यादव के 17 वर्षीय पुत्र चिंटू यादव की जान चली गयी। कई जगहों पर बिजली भी गुल हो गयी। अररिया में 132 केवी के दो बड़े टावर गिरने से 12 घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति ठप रही। जबकि किशनगंज में पोल गिरने से आठ घंटे से अधिक समय तक तथा पूर्णिया जिले में 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। कटिहार के बरारी प्रखंड के काढ़ागोला और सेमापुर रेलवे स्टेशन के बीच आंधी के कारण रेलवे का तार टूटकर गिरने से बरौनी कटिहार खंड पर चार घंटे तक रेल परिचालन ठप रहा।

# शराबबंदी कानून में संशोधन माफियाओं को पकड़ने के लिए : सुनील कुमार

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

जदयू के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री सुनील कुमार और ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री जयंत राज ने जनसुनवाई किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में आम लोग एवं कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय पहुंच अपनी समस्याएं रखी जिनपर मंत्रियों ने नियमानुसार कारवाई की अनुशंसा की। इस अवसर पर उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना है, इसी कारण पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बोचहा में हुए उपचुनाव में जो चुनाव परिणाम आया है उसकी समीक्षा की जा रही है लेकिन इस उपचुनाव से सरकार के सेहत पर कोई असर पड़ने नहीं वाला है। इससे पहले भी बिहार





के दो स्थानों पर उपचुनाव हुए थे जहां जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। हाल ही में हुए बिहार विधान परिषद स्थानीय प्राधिकार चुनाव में भी एनडीए को बढ़त मिली है। इसके अलावे संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए उसे लगातार उठाया जा रहा है। मद्य निषेध मंत्री ने शराबबंदी कानून में संशोधन का कारण बताते हुए कहा की इसे अनुभव के आधार पर किया गया है। सरकार चाहती है की जो शराब माफिया हैं, उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और कोर्ट में पेंडिंग केस के बोझ को कम किया जाए। हमलोग इस मामले में एसपीडी ट्रायल पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। संशोधन के दो महीने के बाद आंकड़े का हमलोग स्टडी करेंगे और तब बताएंगे की इससे क्या फायदे हुए। पहले शराब पीकर जेल जाने वालों में 30 से 40% कमी आएगी। साथ ही व्यवहारिक कठिनाइ जो थी, किसी का वाहन तो किसी का घर जप्त किया जाता था उसमें भी कमी आयेगी। हमलोग जुमार्ना लगाने की कारवाई

- प्रदेश में 1.16 लाख किलोमीटर सड़क का हुआ निर्माण : जयंत राज
- जदयू मुख्यालय में ग्रामीण कार्य व उत्पाद मंत्री ने की जनसुनवाई
- बोचहा उपचुनाव परिणाम से कोई फर्क नहीं

करेंगे। हमलोग नई टेक्नोलॉजी का भी प्रयोग कर रहे हैं। शराब पकड़ने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है। इसके इस्तेमाल से बहुत फायदे हुए हैं। दूर दराज के इलाकोण में इसका बहुत ज्यादा लाभ मिल रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री जयंत राज ने इस अवसर पर कहा कि पार्टी कार्यालय में फिर से जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू हुआ है और इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जहां उनकी समस्याओं को सुन, उसका निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जाता है और जरूरत पड़ने पर अन्य मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार की पहल से बिहार में सड़क का जाल बिछा दिया है। आज बिहार में 1 लाख 16 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ढाई सौ आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ने का काम पूर्ण कर लिया है और अब 100 की संख्या वाले गांव को भी सड़कों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस तरह नीतीश सरकार में हर क्षेत्र में विकास का काम तेजी से चल रहा है और इसका लाभ जनता को मिल रहा है। मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डा नवीन आर्य चंद्रवशी, मुख्यालय महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह, मुख्यालय सचिव मनीष कुमार एवं वासुदेव कुशवाहा भी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** केंद्रीय गृह मंत्री का आगमन राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़ी यात्रा

# 23 अप्रैल विजयोत्सव पर लाखों देशभक्तों का होगा जुटान : उपमुख्यमंत्री

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने भोजपुर जिला अंतर्गत शाहपुर, बिहियां और जगदीशपुर में स्थानीय लोगों के बीच जन-संपर्क कर 23 अप्रैल को जगदीशपुर में निर्धारित विजयोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया एवं इस दौरान उन्होंने विजयोत्सव कार्यक्रम में लाखों की संख्या में भाग लेने की आम लोगों से अपील की। इस क्रम में जगदीशपुर किला ग्राउंड में हुयी बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय जायसवाल, कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, विधायक गण जनप्रतिनिधि गण एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अप्रैल को भारत के गृहमंत्री अमित शाह जगदीशपुर पहुंचेंगे। बाबू वीर कुंवर सिंह की इस पावन धरती पर उनका आगमन राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़ी यात्रा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे विजयोत्सव कार्यक्रम में लाखों



देशभक्तों का जुटान होगा तथा 75व हजार से अधिक देशभक्त, कार्यकर्ता और नागरिक राष्ट्रीय तिरंगे के नीचे एक साथ खड़े होंगे। राष्ट्रीय तिरंगे की शान में एक साथ खड़े होने का यह अद्भुत कार्यक्रम विश्व कीर्तिमान स्थापित करेगा।

उन्होंने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजो के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में अदम्य साहस का परिचय दिया, वे स्वतंत्रता संग्राम के शिखर पुरुष हैं। उनकी बहादुरी की मिशाल आज भी कायम है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में देश के स्वाभिमान और राष्ट्रवाद को वैश्विक प्रतिष्ठा मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वीर रणबांकुरों की याद में वार मेमोरियल का निर्माण कराकर उनके शौर्य और साहस को सलाम किया है। आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में अमृत महोत्सव के अवसर पर 23 अप्रैल को जगदीशपुर में आयोजित हो रहा विजयोत्सव कार्यक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है, जिससे राष्ट्रीय स्वाभिमान को नई ताकत मिलेगी। इस अवसर पर शामिल होने वाले लोग बाबू वीर कुंवर सिंह के गौरव और गरिमा को याद करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने शाहपुर, पीरो, जगदीशपुर के इलाके में स्थानीय लोगों के बीच जन-संपर्क करते हुए विजयोत्सव कार्यक्रम में भारी संख्या में भाग लेने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उत्साह के साथ शामिल हुए। कार्यकर्ता और नागरिकों ने जगह- जगह उपमुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ से अभिवादन किया। जन-संपर्क अभियान के दौरान कार्यकताओं और स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

जन-संपर्क अभियान के दौरान विधायक संजीव चौरसिया, जिला पार्षद् वंदना राजवंशी, मुख्य पार्षद संतोष यादव, उप मुख्य पार्षद संजय पासवान, चंदन पांडे, ठाकुर दयानंद, पंकज तिवारी, पूर्व विधायक मुन्नी देवी, रेखा देवी, भुवर ओझा, कौशल विद्यार्थी, कामेश्वर सिंह, प्रदीप गुप्ता, पंकज तिवारी, दीपक कुमार सिंह, अंकित पांडे, निशू राय, मदन सहनी, रवि केसरी, पप्पू सिंह, उदय प्रताप सिंह, विनोद सिंह, राजन राय, संजय गुप्ता, रोहित वर्मा, रमेश कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद, आदित्य कुमार, धनपुरा देवी, शिवजी वैश्य, अंसार वारिस खान, अमर चौबे, अखिलेश सिंह, सुरेंद्र साह, राजकिशन प्रसाद, अरुण सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# विजय माल्या और नीरव मोदी पर बड़ी खबर

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

- ब्रिटिश पीएम के भारत आने से पहले प्रत्यर्पण पर बात

भगोड़ा कारोबारी विजय माल्या और नीरव मोदी को लेकर बड़ी खबर आई है। सूत्रों के मुताबिक ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन के अगले सप्ताह भारत की प्रस्तावित यात्रा से पहले दोनों कारोबारियों के ब्रिटेन से प्रत्यर्पण को लेकर कोई बड़ी खबर आ सकती है। दोनों के प्रत्यर्पण को लेकर बातचीत जारी है। सूत्रों ने बताया कि विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण से जुड़ी प्रक्रियाओं पर काम जारी है। हालांकि ब्रिटेन की अदालत इस मामले में अंतिम फैसला सुनाएगी।

शराब कारोबारी विजय माल्या 2017 में देश के बैंकों से 9000 करोड़ रुपये लेकर लंदन भाग गया था। इसी तरह नीरव मोदी और मेहुल चौकसी ने मिलकर बैंकों को 11000 करोड़ रुपये का चूना लगाकर देश से भाग गया था। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या को 9000 करोड़ रुपये नहीं चुकाने के कारण भगोड़ा घोषित कर दिया था। हालांकि विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी की लगभग 11,900 करोड़ की संपत्ति को अब तक सरकार ने जब्त कर ली है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अगले सप्ताह भारत आ रहे हैं। समझा जा रहा है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के दौरान यह मुद्दा जोर-शोर से उठेगा और इसे लेकर कोई बड़ी खबर आ सकती है। हालांकि लंदन के विभिन्न कोर्ट में विजय माल्या का केस चल रहा है और हर जगह से हारने के बाद विजय माल्या ने ब्रिटेन में राजनीतिक संरक्षण की मांग की है। इसी तरह की गुहार नीरव मोदी ने भी लगाई है। नीरव मोदी के वकील ने बताया कि भारत जाने पर नीरव आत्महत्या कर सकते हैं, इसलिए उन्हें लंदन में ही रहने की इजाजत दे दी जाए। माना जा रहा है कि दोनों के पैंतरे अब अंतिम दौर में है और जल्दी दोनों को भारत लाने की इजाजत मिल सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी ने किया औचक निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



मधुबनी। मधुबनी जिले के अंधराठाढ़ी प्रखंड की जलसैन पंचायत में बुधवार को डीडीसी मधुबनी ने बिभिन्न योजनाओं की जांच की। मधुबनी के डीडीसी विशाल राज ने बुधवार को जांच के दायरे में मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल-नल, गली-नली आंगनबाड़ी, विद्यालय, जनवितरण प्रणाली की दुकानों आदि योजनायें थी। डीडीसी की इस जांच से अन्य पंचायत में हड़कम्प मची है। जांच के दौरान कनीय अभियंता अजीजुल रहमान, पंचायत सचिव उपेंद्र ठाकुर, लेखा पाल अशोक कुमार, कार्यपालक सहायक सुनील कुमार आदि साथ मौजूद थे।

### पंचायत समिति के ससुर की मौत पर प्रतिनिधियों ने जताया शोक

मधुबनी। मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड क्षेत्र के बेंताककरघटी पंचायत के पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-9 के पंचायत समीना खातून के ससुर व समाजसेवी मो० अंसारी के पिता मो० हाफिज नसीरुद्दीन (72)वर्ष में निधन हो जाने से पूरे पंचायत में शोक की लहर है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वही उनके निधन पर प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा, उप-प्रमुख गुलशन आरा, पं.स.स. आभा देवी, सावित्री देवी, मो० कलाम, मो० जुबैर, मो० खलील,) मो० अरमान, रसीदपुर पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रमोहन राय उर्फ बिजली, पूर्व पंचायत समिति राम कुमार ठाकुर, अनिल सेन, मुखिया जयप्रकाश मंडल, पूर्व पं.स.स. नूतन कुमारी, गुरुशरण चौधरी, मखबुल खातून सहित दर्जनों लोग ने शोक व्यक्त किया है।

### एंटी लीकर टास्क फोर्स के द्वारा खेत-खलिहान में भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित शराब बरामद

मधुबनी। मधुबनी जिले के झंझारपुर के भैरवस्थान थाना के रैयाम गांव के खेत खलिहान में चुलाई शराब बनाने के बर्तन और अर्द्धनिर्मित शराब बरामद की गई। रैयाम गांव में लगातार छापेमारी कर यहां देसी शराब बनाने वाली हैंड मेड मशीन को ध्वस्त किया जा रहा है। एंटी लीकर टास्क फोर्स के एसआई अजय कुमार के नेतृत्व में बुधवार कोभैरवस्थान, झंझारपुर व आरएस ओपी ने पुलिस बल के साथ रैयाम पासवान टोले और अगल-बगल खेत खलिहान में सर्च अभियान चलाया। रैयाम के पासवान टोला, मनीषार टोला समेत अन्य जगहों पर छापेमारी कर 150 लीटर शराब व निर्माण सामग्री को नष्ट किया गया है। इस अभियान में झंझारपुर थाना के रामाशंकर महतो, झंझारपुर रंजन कुमार, भैरवस्थान थाना के मनोज कुमार, इंद्र कुमार शामिल थे।

### विभिन्न योजनाओं का पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

केवटी। सरकार के निर्देश पर वरीय उप समाहर्ता संस्कार रंजन प्रखंड के खिरमा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार जलवारा, बीडीओ महताब अंसारी कोठिया तथा सीओ गंगेश कुमार झा ने लदारी पंचायत के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि सरकार के निर्देश के अनुसार जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी पंचायत के हर धर नल योजना, धर तक पक्की गली नाली, मनरेगा, ग्रामीण आवास, सहित अन्य योजनाओं के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, जनवितरण प्रणाली के दुकान का निरीक्षण किया गया।

# अग्निकांडों में वृद्धि की संभावना को देखते हुए लोगों से सचेत रहने की अपील जारी

सुमित कुमार, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी, अमित कुमार ने जिले में गर्मी के मौसम एवं चल रही तेज हवाओं के कारण अग्निकांडो में वृद्धि की संभावना को देखते हुए लोगों से सचेत रहने की अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी चूक से अग्नि कांड होने की संभावना बनी रहती है, और जानमाल की क्षति होती है। ऐसे में आम लोगों को सचेत रहने खेत, खलिहान एवं घरों में अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा को लेकर जानकारी एवं पूर्व तैयारी हो तो आपदा के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सकता है।

उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि खलिहान को हमेशा गांवों की आबादी एवं फसलों से भी दूर खुले स्थान पर लगाएं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि अगलगी से सुरक्षा एवं बचाव को लेकर जिले में आयोजित किये जा रहे है जागरूकता कार्यक्रम। उन्होंने ऐसे समय मे निम्न उपाय को ध्यान रखने को कहा 1. थ्रेसर का उपयोग करते समय डीजल इंजन या ट्रैक्टर के साइलेंसर को लंबे पाइप के द्वारा ऊंचाई पर रखें। 2. थ्रेसर के उपयोग करते समय पास में कम से कम 200 लीटर पानी भरकर अवश्य रखें। 3. खलिहान के आसपास छोटी-छोटी बाल्टियों में बालू भरकर रखें। 4. रोशनी के लिए सोलर लैंप, टॉर्च, इमरजेंसी लाइट इत्यादि बैटरी वाले यंत्र का ही प्रयोग करें। 5. एक खलिहान से दूसरे खलिहान की दूरी 20 फीट से कम ना रखें। 6. खलिहान वैसे जगह लगाएं जहां अग्निशमन वाहन आसानी से पहुंच सके। 7. खलिहान वैसी जगह हो जहां जल स्रोत नजदीक हो, जैसे नदी, तालाब, पैन, बोरिंग। 8. खलिहान में कच्ची फसलों का बड़ा टाल ना लगाया जाए। 9. खलिहान के आसपास अलाव ना जलाएं,यदि बहुत आवश्यक हो तो पानी भरी बाल्टीया अवश्य पास में रखें। 10. बिजली की नंगी तारों के नीचे खलिहान नहीं बनाया जाए। 11. खलिहान में पूजा में उपयोग किए जाने वाले वस्तु यथा अगरबत्ती, धूप, दीपक इत्यादि पर नजर रखें, जब तक कि वह पूरी तरह बुझ न जाए। 12. खलिहान के आसपास किसी भी उत्सव के दौरान आतिशबाजी का प्रयोग ना तो स्वयं करें नहीं दूसरे को करने दें।

**सूचना**

- आपदा नही होगी भारी, यदि पूरी है तैयारी : जिलाधिकारी

13. बांस के खंबे के द्वारा नंगे बिजली के तार खेतों में ना रखें। 14. खेतों के आसपास बीड़ी सिगरेट आदि ना पिए तथा ना ही किसी को पीने दे।

15. कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग ना लगाएं। 16. रसोईघर को यथासंभव अग्नि रोधक बनाने के लिए उसे चारों तरफ गीली मिट्टी का लेप लगा दे, फूस के घरों में भी मिट्टी का लेप लगाएं। 17. देहाती क्षेत्रों में खासकर फूस एवं खपरैल मकानों के निवासी खाना सुबह 8:00 बजे से पहले और शाम 5:00 से 6:00 के बीच (सूर्यास्त से पूर्व) बना लें। 18). दीप, लालटेन, ढिबरी आदि के प्रयोग में सावधानी बरतें। 19). रसोई में कोई भी ज्वलनशील पदार्थ ना रखें जैसे मिट्टी तेल, सिंथेटिक कपड़े इत्यादि। 20). ढीले और सिंथेटिक कपड़े ना पहने और बालों को खुला न रखें। 21. रसोईघर से बच्चों को दूर रखें। 22. तेज हवा में खुली जगह पर खाना ना बनाएं यदि संभव हो, तो चूल्हे को चारों तरफ से घेर कर रखें। 23. किसी भी जलते पदार्थ को बुझा कर ही सोएं।

24. घर में हमेशा अग्निशामक पदार्थ जैसे कि पानी, बालू, सूखी मिट्टी, धूल इत्यादि जमा कर रखें। 25. हरे पेड़ जैसे केला में अग्नि ताप को कम करने की क्षमता होती है, अतः इसे अपने घर के चारों ओर लगाएं। 26. सभी लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी होनी चाहिए, साथ ही सभी लोग आपातकालीन सेवा का फोन नंबर 101 एवं जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 06276-224445 अपने पास अवश्य रखें। 27. जलती हुई बीड़ी सिगरेट और माचिस की काठी के खेत खलियान में ना फेंके। 28. आग बुझाने के लिए पानी, बालू और सुखी मिटटी, धूल का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि अगलगी से सुरक्षा एवम बचाव को लेकर जिले में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मॉक ड्रील का आयोजन कर आग पर कैसे काबू पाया जाय इसके विभिन्न तरीकों को बताया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई हत्या, शव को फेंका गया खेत में



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड परसाही पश्चिमी पंचायत के परसाही गांव के एक युवक की बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर दी गई।

मृतक की पहचान परसाही के मोहम्मद इसराइल के पुत्र मोहम्मद समसुल के रूप में हुई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार समसूल मंगलवार शाम में इफ्तारी करने के बाद आराम कर रहा था। उसी बीच चंद्र गोईत जमीन को लेकर बात करने के लिए बुलाने आया। जब देर रात हुई, तो घर वालों ने समसुल को फोन लगाया फोन नहीं उठा रहा है। परिजन रात भर खोजबीन किया, पर शमशुल नहीं मिला। सुबह में परिजन द्वारा स्थानीय थाना को सूचित करने जा रहा था। उसी बीच कुछ बच्चों ने खेत में एक लाश को देखा और उनके परिजन को बोला कि एक लाश है।

परिजन दौड़कर खेत गया, तो देखा उनका शमशुल ही था। परिजन द्वारा स्थानीय थाना को खबर दी गई। खुटौना थाना पहुंची और खुटौना थाना अध्यक्ष के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को खबर दिया गया। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात शर्मा ने कहा हत्यारे की पहचान कर ली गई है। पुलिस उसे जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है। श्री प्रभात ने डॉग स्क्वायड की सूचित कर घटनास्थल पर बुलाए हैं। श्री प्रभात ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एसडीएम बेबी कुमारी ने किया औचक निरीक्षण



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के लदनियां प्रखंड में जयनगर एसडीओ बेबी कुमारी ने प्रखंड के कुमरखत पूर्वी पंचायत व बीडीओ अखिलेश्वर कुमार ने बुधवार को गिधवास पंचायत पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जांच की। जांच के क्रम में कई आंगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल, नलजल व सड़क निर्माण में अनियमितता पाई गई। कुमरखत पूर्वी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुलिया में छात्र की संख्या कम थी। आंगनबाड़ी केन्द्र पांच की स्थिति अच्छी नहीं पाई गई। वार्ड चार में लगे नल-जल को दो दिनों में चालू करने का आदेश दिया गया। उप-स्वास्थ्य केन्द्र बंद मिला। गिधवास पंचायत की आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-30 की निरीक्षण पंजी पत्र नवंबर-2018 के बाद किसी निरीक्षक के दस्तखत नहीं दिखे। उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल सिपहगिरी में छात्र की संख्या कम देखी गई। आधे से अधिक वार्डों में लगे नल-जल की स्थिति अपेक्षित नहीं देखी गई। आदेशानुसार चार पंचायतों की जांच होनी थी, जिसमें गजहरा व खोजा पंचायत में संबंधित पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण जांच नहीं हो सकी।

### महिला ने आवेदन देकर मारपीट एवं दुष्कर्म करने का मामला कराया दर्ज

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के खजौली थाना क्षेत्र के कसमा मरार वार्ड सात निवासी राशेन्द्र सहनी के पत्नी काजल कुमारी ने स्थानीय थाना को एक लिखित आवेदन देकर गांव के ही राम कुमार सहनी, भोला कुमार, जहरी देवी, जुरभी देवी, शिव कुमार सहनी, महेश सहनी के विरुद्ध मारपीट व दुष्कर्म करने का का मामला दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने आवेदन में पुलिस को बताया है कि राम कुमार सहनी के द्वारा मेरे पति के मोबाइल पर मेरे फोटो के साथ अपना फोटो लगाकर व उसमें गाली व अमर्यादित शब्द का प्रयोग कर भेजता है। वही उन्होंने दर्शया है कि 16 अप्रैल को संध्या करीब 5:30 बजे सभी नामजद आरोपी ने एक हसेरी बनाकर लाठी-फरसा से लैस होकर मेरे घर आकर गाली-ग्लौज करने लगा। जब उन लोगों को गाली गलौज से मना किया, तो उन लोगों मिलकर मेरे साथ मारपीट करने लगा। इसी दौरान राम कुमार सहनी ने मेरा बाल खींचकर नीचे गिरा दिया, और मेरे कपड़ा को फार कर मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। इस पर मैं अपने बचाव के लिए जोर-जोर से जब चिल्लाई, तो उन्होंने गला में गमछा लगाकर मुझे जान से मारने की प्रयास करने लगा।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान में दर्जनों घर क्षतिग्रस्त फसलों को भी भारी नुकसान

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता





मधुबनी जिले के कई प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत समेत बॉर्डर क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की रात आये तेज आंधी-तूफान वर्षा ओला वृष्टि से दर्जनों एस्बेस्टस फुस का घर को भारी क्षति पहुँची हैं। जिले के जयनगर प्रखंड में ओला वृष्टि होने से दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गया।

तेज आंधी तूफान से कई घरों के एस्बेस्टस और फुस के घर छप्पड़ तेज हवा में उड़ गया, एवं एस्बेस्टस टूट के गिर गया। मलवा की चपेट में आने से घरो में रखे सामान जैसे किचन एवं घरेलू उपयोग होने वाले समान एवं कपड़े, अनाज, बर्तन, बिजली के उपकरण बर्बाद हो जाने से भारी नुकसान हुआ है। मवेशियों के घर भी क्षतिग्रस्त हो गया एवं पशुओं के लिये रखें चारा बर्बाद होकर धूल-मिट्टी में मलवा में मिल गया। इस कारण कई लोग छत और घर विहीन हो गये रात्रि में यंत्र तत्र रात गुजारी। रात्रि होने की वजह से तेज वर्षा आंधी और ओला वृष्टि होने के बीच अपने घरों और सामानों बर्वाद होते टकटकी लगाते देखते रहें और आंखों से आसूं निकलते रहें। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने सुबह होते ही मलवा को हटाने का कार्य बर्वाद नुकसान हुए और बचे हुए सामानों को एक तरफ करते रहें। किसानों को खेतों में लगी फसलों को काफी नुकसान हुआ क्षति पहुँची हैं। वही पेड़ में आम लीची मौसमी फलों समेत अन्य पौधों में लगे फलों को भी नुकसान हुआ। वही कमला नदी परिसर में बालू पर उगाया जा गया मौसमी फल-सब्जी और किसानों के खेतों में लगी फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवारों गरीब किसान का हुआ नुकसान को लेकर पीड़ित परिवार एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा सरकार और प्रशासन से आकलन कर मुआवजे की मांग हैं, और तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सहायता की भी मांग की गई हैं। वही तेज आंधी के कारण कई पेड़ भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। कई लोगों के घर पर पेड़ का मलवा गिड़ा हैं, जिससे भी काफी नुकसान हुआ हैं। प्रत्येक वर्ष बाढ़ का दंश झेल रहे जयनगर प्रखंड के डोरबार ब्रह्मोतर गांव के लोगों किसानों को तेज आंधी तूफान वर्षा ओलावृष्टि से काफी क्षति हुई हैं।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट, कई घायल

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता





मधुबनी ज़िले के बासोपट्टी थाना क्षेत्र के चचराहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष ने एक पक्ष से मारपीट किया, जिसका लिखित आवेदन थाना में दिया गया। एक आवेदक राहुल कुमार पासवान ने बताया कि बुधवार की अहले सुबह करीब 6 बजे वह अपने घर नरार से सटे गॉव चचराहा अवस्थित अपने नई जमीन पर बने घर को देखने के लिए गया, तो देखा कि गांव चचराहा निवासी जितेंद्र सिंह, अमित सिंह, सुमन सिंह उनका घर तोड़ रहा था।

जिसका विरोध पीड़ित राहुल कुमार पासवान ने किया, तो उक्त तीनो भाई ने मिलकर राहुल कुमार पासवान को मारने के लिए दौड़ा। इस पर राहुल कुमार पासवान किसी तरह जान बचाकर अपने घर नरार चौक की ओर भागा और अपने परिजन को दूरभाष से खबर किया। तब तक राहुल कुमार पासवान के परिजन भी घटनास्थल की ओर दौर चुके थे। राहुल कुमार पासवान ने बताया कि तीनो भाई अपने हाथों में तेज धार हथियार लेकर उसे मारने के लिए खदेड़ रहा था। तीन भाइयों में से दो भाई अमित कुमार सिंह एवं जितेंद्र सिंह को उनके परिजन एवं ग्रामीणों ने मिलकर पकड़ लिया एवं एक भाई भागने में कामयाब रहा। उनके परिजन एवं ग्रामीणों ने दोनों भाई को पकड़कर रखा और बासोपट्टी थाना के आ जाने के बाद दोनों भाई को थाना के हवाले कर दिया। गॉव चचराहा निवासी अरुण सिंह, महेंद्र सिंह, जयकुमार, कृष्ण कुमार सिंह, फूल सिंह, अमोल सिंह, लालपरी देवी, संतोष पाठक, लाल बहादुर सिंह, सुनील कुमार सिंह, जय किशोर सिंह, अनिल सिंह रूपेश सिंह, उदय पाठक, सज्जन पाठक पूनम देवी करीब दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि यह तीनों भाई पूर्व से ही अपराधी प्रवृत्ति के लोग है, और गांव में हमेशा अशांति फैलाए रहता है।

### प्रशिक्षण केंद्र में बैडमिंटन बालिका प्रशिक्षुओं का होगा चयन प्रतियोगिता

**मधुबनी।** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत राज्य एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र बैडमिंटन मधुबनी नगर स्थित बालिका राजकीय अंबेडकर आवासीय विद्यालय में संचालित है। इस प्रशिक्षण केंद्र में बैडमिंटन बालिका प्रशिक्षुओं का चयन प्रतियोगिता दिनांक 3 मई 2022 को स्थानीय नगर भवन मधुबनी में समय 9:00 बजे पूर्वाहन से की जानी है। इस चयन प्रतियोगिता में बिहार राज्य के सभी जिलों के बालिका प्रशिक्षुओं की चयन प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना है। बालिका खिलाड़ियों का उम्र 14 साल से अधिक ना हो, उम्र की गणना 31-12 -2022 से की जाएगी प्रशिक्षु बालिका कक्षा 6 से 9 तक अध्ययनरत होनी चाहिए, प्रशिक्षु खिलाड़ियों का चयन बैटरी टेस्ट के प्राप्तांक एवं संबंधित खेल विधा के स्किल के आधार पर होगा। सभी खिलाड़ियों को खेल किट्स के साथ चयन प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। चयन प्रतियोगिता में आने-जाने का यात्रा व्यय एवं अन्य सुविधाओं का देय नहीं होगा।

# उन्नति युवती फाउंडेशन के द्वारा चौथा सिलाई प्रक्षिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता





मधुबनी जिले के हरलाखी में उन्नति युवती फाउंडेशन उमगांव की संचालिका गुड़िया साह के द्वारा चौथा निशुल्क सिलाई कटाई बुनाई प्रशिक्षण सेंटर हटवरिया गांव में खोला गया। जिसको लेकर हटवरिया गांव के बेटियों महिलाओं व ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर गुड़िया ने बताया कि समाज के बेटियों को सशक्त बनाने के लिए यह मुहिम चलाया जा रहा है।

ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बेटी को एक हाथ का हुनर मिल सकें, और आर्थिक तंगी का शिकार न हो। उन्होंने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबन के दृष्टिकोण से सिलाई के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की गई है। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा। महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। इसके लिए 30 महिलाओं का बैच तैयार किया गया है, जिन्हें सिलाई के साथ-साथ ब्यूटीशियन का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बताया कि बेटियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाने से सशक्त समाज का जहां निर्माण होगा, वहीं नारी सशक्तीकरण को बल भी मिलेगा। इसके साथ-साथ आगे ब्यूटीशियन कोर्स, मेहंदी कोर्स भी शुरू किया जाएगा। मौके पर गुड़िया साह ने बताया कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रयास है, ताकि महिलाएं प्रशिक्षित होकर अपना स्वरोजगार कर सकें। इस अवसर पर सिलाई ट्रेनर काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, रुबी कुमारी, बबी कुमारी, रागनी कुमारी, रिना कुमारी, भारती कुमारी, सपना कुमारी, आरती कुमारी, सुमन कुमारी, रिना कुमारी, देवता देवी, सविता कुमारी, किरण देवी, बबिता देवी भी मौजूद रही।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक



दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो

आगामी 14 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की एक बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जावेद आलम आलम की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर स्थित ए डी आर भवन सह मध्यस्थता केंद्र में हुई। सचिव श्री आलम ने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने अपने न्यायालय में सुलह योग्य मामलों के पक्षकार को समझाकर लोक अदालत के माध्यम से विवाद का निपटारा कराएं। उन्होंने डोमेस्टिक वॉइलेंस एक्ट और विक्टिम कॉम्पनसेशन स्कीम के तहत लोगो को राहत दिलाने की योजना पर काम करने की बात कही। बैठक में अवर न्यायाधीश प्रथम सह प्रभारी सीजेएम दीपक कुमार, अवर न्यायाधीश अष्टम फिरोज अकरम, एसडीजेएम करुनानिधि प्रसाद आर्या, मुंसिफ प्रथम गौतम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी संदीप कुमार, ललन कुमार रजक, घृजेन्द्र पतंजलि, सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीओ सहित अधिकारियों ने छह पंचायतों का विभिन्न योजनाओं की सघन जांच किया

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के बिस्फी जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार बुधवार को एसडीओ अशोक कुमार मंडल ने प्रखंड क्षेत्र विभिन्न पंचायतों में जांच किया। एसडीओ अशोक कुमार ने औंसी बभनगामा उत्तरी पंचायत में विभिन्न योजनाओं की जांच किए एवं बिस्फी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार औंसी दक्षिणी पंचायत में एवं सीओ श्रीकांत सिन्हा भोजपंडौल पंचायत का जांच किया, तो वही जीपीआरओ ने जगवन पूर्वी पंचायत में जांच किया गया।

वही कुल छह पंचायत के विभिन्न योजनाओं का औचक जांच किया गया। इस मौके पर उन्होंने हर घर-नल जल योजना की अद्यतन जांच किया। वही पक्की नली गली की भी जांच की, लोगों ने नल से पानी नहीं निकलने गली में सड़क नहीं बनने की शिकायत की। वहीं पंचायतों में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अल्पसंख्यक छात्राओं से भी पूछताछ किया, पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन वितरण प्रणाली विक्रेता के यहां स्टॉक पंजी, खाद्यान्न स्टॉक, खाद्यान्न की गुणवत्ता की भी जानकारी ली, ग्रामीण सड़कों एवं मनरेगा योजना, पंचायत सरकार भवन, सरकारी भूमि की हाल जाना, प्राथमिक मध्य विद्यालय बलहा के कई कक्षाओं में जाकर छात्रों से भी कई प्रश्न किए। वहीं रसोईया से भी एमडीएम के बारे में सवाल जवाब जवाब किए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों की उपस्थिति, स्कूल भवन, शौचालय, पेयजल, बिजली, स्कूल ड्रेस, स्कूल की किताबें, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना, साइकिल, पुस्तकालय, कंप्यूटर रूम, एमडीएम भोजन, दाखिल खारिज, राजस्व वसुली, स्वास्थ्य सहीत कई योजनाओं की गहन जांच की। बेनीपट्टी एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि तत्काल रिपोर्ट तैयार की जा रही है, और ऑनलाइन विभाग को भेज दी जाएगी। इस मौके पर बीडीओ मनोज कुमार, बेनीपट्टी बीडीओ रवि रंजन कुमार, सीओ पल्लवी कुमारी, बीपीआरओ चंदेश्वर नारायण सिंह, बिस्फी सीओ श्रीकांत सिन्हा, सीआई बसंत कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**पूछताछ**

- अल्पसंख्यक छात्राओं से भी पूछताछ किया

# एक मोटरसाइकिल समेत जब्त शराब कारोबारी को भेजा गया जेल



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिल के के खजौली थाना पुलिस ने मंगलवार को गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के लोहिया चौक स्थित शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान कमलाबारी छरापट्टी गांव निवासी दीपेंद्र कुमार यादव के रूप में हुआ है। गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे एएसआई चरित्र राम ने बताया कि गश्ती के दौरान मंगलवार को देखा कि सुक्की साइफन नहर के तरफ से एक बाइक सवार आ रहा है। लोहिया चौक पर पुलिस को देखते ही बाइक सवार युवक बाइक को घुमाकर भागने का प्रयास किया।

पुलिस को शक होने पर जब युवक को रोककर उसकी बाइक के पीछे बंधे उजला कलर की बोरी की तलाशी लो गयी। तब तलाशी लेने पर बोरी में 375 एमएल के 5 बोतल ब्लैक ओके वही 5 सौ एमएल के 18 बोतल बियर का केन बरामद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों को मिले फसल क्षति का मुआवजा : हिमांशु

पटना। प्रदेश किसान कांग्रेस उत्तर बिहार के अध्यक्ष हिमांशु कुमार ने राज्य सरकार से उत्तर बिहार में मंगलवार को आयी भीषण आंधी और वर्षा से खेतों में खड़ी फसल मक्का और गेहूं के नुकसान के लिए किसानों को फसल क्षति मुआवजा देने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि आंधी और बारिस उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों खासकर सीमांचल के जिलों में मक्का की फसल को भारी नुकसान हुआ है। पहले से ही डीजल, उर्वरक और कीटनाशक के दामों में भारी वृद्धि से परेशान किसानों के लिए यह भयंकर आपदा है, बिहार किसान कांग्रेस सरकार से एक कमिटी के माध्यम से जांच कराकर किसानों को अविलम्ब फसल क्षति मुआवजा देने की मांग करती है।

### रोजगार व भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जनता को जवाब दे सरकार : मृत्युंजय

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने बिहार में रोजगार और बढ़ते अपराध समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि गृह मंत्री को बिहार की जनता को बताना चाहिए कि बेरोजगारों को रोजगार कब तक मिलेगा। बिहार में बढ़ रहे अपराध पर गृह मंत्री को राज्य सरकार से जवाब मांगना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि बिहार की राजनीतिक परिदृश्य बदल रहा है। बोचहां उपचुनाव से साबित हुआ कि आरजेडी ए टू जेड की पार्टी है। बिहार में अब ए टू जेड की राजनीति ही चलेगी। बिहार में अब लोग महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर एनडीए की सरकार को रिजेक्ट कर रहे हैं। जो भी वादा बीजेपी ने बिहार में किया था, वो सभी वादों को भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस का स्वतंत्रता आंदोलन में कभी कोई योगदान नहीं रहा। तिरंगा पर राजनीति करने की कोशिश हो रही है, तिरंगा से बीजेपी वालों को क्या मतलब है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और अफसरशाही से त्रस्त है लेकिन ये सरकार अपने काम में मस्त है। जनता की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि अमित शाह बिहार आ रहे हैं तो बिहार की जनता की फायदे की बात करें।

# बिहार में विकास को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

## 17 वर्षों की एनडीए सरकार में प्रदेश हर मानक में सबसे फिसड्डी : तेजस्वी

### नेता प्रतिपक्ष ने फेसबुक के जरिए कही दिल की बात

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी दिल की बात बतायी है। इसमें उन्होंने बिहार में बेरोजगारी, गरीबी, पलायन, भ्रष्टाचार, शिशा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया है। कहा है कि17 वर्षों की भाजपा-नीतीश सरकार में बिहार हर मानक, हर मापदंड और हर सूचकांक में लगातार सबसे पिछलग्गू राज्य बना हुआ है। दुःख तो तब होता है, जब बिहार जैसे गरीब और पिछड़े राज्य की भाजपा नीत डबल इंजन सरकार समृद्धि, विकास और जनता की समस्याओं का समाधान निकालने की बजाय प्रदेश में अपनी साम्प्रदायिक, जातिवादी व विषैली राजनीति करने से बाज नहीं आती। सरकार में बैठे लोगों को राज्य के उत्थान, समृद्धि, शांति और विकास के लिए सोचना चाहिए तो इसके उलट ये लोग राज्य में ही साम्प्रदायिक और जातीय आग लगाने के काम में लगे हैं ताकि लोग आपसी घृणा में एक दूसरे नफरत करे, बदले की आग में सुलगते रहें तथा किसी का ध्यान सरकार की नाकामी और नाकारेपन पर ना जाए। लोग बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्टाचार, शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली, अपराध, किसानों, युवाओं छात्रों की अनदेखी जैसे मूल प्रश्नों पर सवाल नहीं पूछें और ये सत्तारूढ़ दल समाज में अपने ही द्वारा लगाई आग में अपनी सियासी रोटी सेंकते रहें। 17 वर्षों से शासन कर रहे एनडीए के दल कभी आपका भला नहीं सोचेंगे, इस बात को भली भांति समझकर अब बिहारवासियों को ही स्वयं अपना भला-बुरा सोचना होगा। हमारे बिहार के लाखों युवा दूसरे प्रदेशों में नौकरी कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। आखिर वो अपने प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं कर सकते? हम बिहारी किसी क्षेत्र में किसी से भी कमतर नहीं है। जिस सरकार का उद्देश्य सिर्फ.भूतकाल में जीना, राजनीतिक ध्रुवीकरण करना, समाज को बांटना और अपनी नाकामी को सुधारने के बजाय उस पर मिट्टी डालना हो, उससे किसी भी प्रकार के सुधार की उम्मीद करना मूर्खता ही होगी। बिहार के युवा अपने हक-अधिकार के लिए सरकार से निरंतर सवाल कर रहे है, करते रहेंगे लड़ते रहेंगे क्योंकि इस सरकार ने बिहार की दो पीढ़ियों के वर्तमान एवं भविष्य को बर्बाद किया है।

## स्थान और समय तय करें, जदयू बहस को है तैयार : नीरज कुमार



**पटना।** जदयू के प्रवक्ता विधान पार्षद नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा की गई दिल की बात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव जी दिल की बात नहीं जन- जन की बात कीजिए। आगे कहा कि चुनौती स्वीकार है, आप स्थान और समय तय कीजिए जदयू बहस करने को तैयार है' आपके प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जी के सुपुत्र अजीत कुमार सिंह जदयू की ओर से बौद्धिक बहस के लिए अधिकृत रहेंगे। नीरज कुमार ने कहा कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने दिल की बात की शुरूआत करने केसाथ ही 17 वर्षों के नीतीश कुमार जी के विकास कार्यों पर नकारात्मक बहस की भी शुरूआत की है। जदयू नेतृत्व ने 17 वर्षों में विकास की जो पटकथा लिखी है, न्याय के साथ विकास, समाज में बगैर तनाव पैदा किये सबका विकास, सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द की बुनियाद आदि सभी विषयों पर बहस के लिए जदयू तैयार है। उन्होंने कहा है कि तेजस्वी यादव गरीबी की बात करते हैं तो आश्चर्य होता है, जिसके परिवार के पास केवल पटना के दानापुर और फुलवारी दो जगहों पर वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप 396 करोड़ की अचल संपत्ति हो वह व्यक्ति गरीबी का बात करता है। जो स्वयं भ्रष्टाचार के मामले में चार्जसीटेड हो, वह भ्रष्टाचार की बात करते हैं, यह बेमानी लगता है। जदयू तेजस्वी यादव को चुनौती देता है कि लालूवाद विचारधारा के तहत चलने वाले शासनकाल के समय कार्यरत योजना आयोग, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में योजना आयोग व नीति आयोग के विभिन्न संकेतांकों पर बहस को तैयार होते हुए तिथि, समय व दलीय प्रतिनिधि को नामित करें।

## रमजान का माह अमन-चैन, सौहार्द भाईचारा का देता है संदेश : सुशील मोदी



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- भाजपा नेताओं ने दिया इफ्तार
- मुख्यमंत्री सहित हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सम्प्रति राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन एवं विधायक अरुण कुमार सिन्हा द्वारा अंजुमन इस्लामिया हॉल में आयोजित इफ्तार पार्टी में सब्जीबाग, लालबाग, सुल्तानगंज, पीरबहोर आदि विभिन्न मोहल्लों एवं प्रदेश के सभी जिलों से एक हजार से ज्यादा रोजेदार शामिल हुए।

इफ्तार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, अनेक मंत्रीगण, विधायकगण के अलावा बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले 30 वर्षों से इफ्तार पार्टी का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का यह पवित्र महीना समाज में अमन-चैन, सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारा और खुशियों का संदेश देता है। रमजान का यह मुबारक महीना रहमत,बरकत और मगफिरत का है।

## 11 जिलों के पीकू शिशु टेली आईसीयू काउंसलिंग हेतु एम्स से जुड़ेगे : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि अति गंभीर एईएस एवं जेई से पीड़ित बच्चों के त्वरित एवं उचित इलाज हेतु राज्य के 11 जिलों में स्थापित शिशु गहन देखभाल ईकाई (पीकू) को और भी सुदृढ़ करते हुए विशेषज्ञों की सलाह से इलाज हेतु इन्हें टेली मेडिसीन की सुविधा प्रदान की जायेगी। पीकू में एईएस एवं जेई के साथ ही एक माह से 12 साल के अतिगंभीर पीड़ित बच्चों का भी उपचार किया जायेगा।

श्री पांडेय ने कहा कि पीकू में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं लैब टेक्निसियन का प्रशिक्षण 25 अप्रैल तक अलग- अलग अस्पतालों में चलेगा। जिसके बाद टेली आईसीयू काउंसलिंग की सुविधा सफलतापूर्वक चलायी जा सकेगी। शिक्षण के लिए 6 जिलों के जिला अस्पताल को चिह्नित किया गया है, इनमें गोपालगंज में 16, समस्तीपुर में 18 और वैशाली में 19 अप्रैल को प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। 21 अप्रैल को पूर्वी चंपारण, 22 अप्रैल को सीतामढ़ी और 25 अप्रैल को जिला अस्पताल मुजफ्फरपुर में प्रशिक्षण चलेगा।

श्री पांडेय ने कहा कि यह सुविधा शुरू हो जाने से न सिर्फ एईएस पीड़ित बच्चों का इलाज संभव होगा, बल्कि कई अन्य रोगों के कारण बच्चों की होने वाली मौतों को भी कम किया जा सकेगा। एम्स, पटना से उक्त जिलों के पीकू वार्ड में टेली आइसीयू काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध होने से बेहतर चिकित्सा के लिए बच्चों को कहीं बाहर रेफर नहीं करना पड़ेगा। अनुभवी व विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा टेली काउंसलिंग का प्रशिक्षण मिलने से ऐसे पीड़ित बच्चों को अपने गृह जिले में ही बेहतर चिकित्सा मिल पाएगी।

## हम ने अपने मिडिया पैनालिस्ट के बयान का किया खंडन




**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्यूलर ने अपने राष्ट्रीय मिडिया पैनालिस्ट शिशिर कैंडिल्य द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के गृहमंत्री अमित शाह के उपर की गई टिप्पणी का पार्टी खंडन किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ दानिश रिजवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पार्टी अमित शाह जी द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों की सराहना करती है एवं यह मानती है कि अमित शाह के गृह मंत्री बनने से देश में एकता और शांति का माहौल बना है साथ ही उनके गृहमंत्री बनने के बाद भारत को विश्व के अन्य देश अब सुपर पावर मानने पर भी मजबूर हुए हैं। अमित शाह पर की गई टिप्पणी को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय मिडिया पैनालिस्ट शिशिर कैंडिल्य से स्पष्टीकरण पूछते हुए इस प्रकार के अनर्गल बयानबाजी पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे तीन दिवसीय बिहार यात्रा पर

### वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की सफलता के लिए शौर्य जन संदेश यात्रा में होंगे शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे 22 अप्रैल 2022 को जगदीशपुर में होने वाले वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव कार्यक्रम की सफलता हेतु तीन दिवसीय बिहार यात्रा पर आज पटना पहुंच रहे। श्री चौबे प्रदेश भाजपा द्वारा निकाले जा रहे तीन दिवसीय शौर्य जन संदेश यात्रा की शुरूआत कर उसमें शामिल होंगे।

श्री चौबे गुरुवार 21 अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे पटना के वीर कुंवर सिंह उद्यान में वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 11 बजे गया नगर निगम द्वारा हृदय योजना एवं विभिन्न मदों से किए गए विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 2 बजे गया परिषद में पार्टी कार्यकताओं के साथ वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव संबंधित कार्यक्रम पर बैठक करेंगे तथा शाम 6 बजे गया जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

शुक्रवार 22 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री शौर्य जन संदेश यात्रा की विधिवत शुरूआत करेंगे जिसके अंतर्गत हुए बिहटा, आरा होते हुए जगदीशपुर पहुंच जिला प्रशासन और आयोजन समिति के साथ वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की तैयारी की समीक्षा करेंगे। श्री चौबे जगदीशपुर से सोनबरसा, परमानपुर, मलियाबाग, कोवाथ, दावत, सूर्यपुरा, नटवार, दिनारा, कोचस, परस्थुवा, मोहनिया, दुर्गावती, देवहलिया, रामगढ़, नुवांव, पजराव रामपुर और चौसा गोला होते हुए बक्सर पहुंचेंगे। वीर कुंवर सिंह चौक बक्सर में वीर कुंवर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए ब्रह्मपुत्र, शाहपुर, बिहिया, चौरस्ता होते हुए जगदीशपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## प्रधान शिक्षक पद के आवेदन की तिथि 2 मई तक बढ़ी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि में बदलाव किया है। पहले यह तिथि 22 अप्रैल को निर्धारित थी। लेकिन अब आयोग ने उसमें बदलाव करते हुए ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को बढ़ाकर 2 मई कर दिया गया है।

आयोग ने ऑनलाइन आवेदन में शुद्धि या एडिट करने की पूर्व निर्धारित तिथि 29 अप्रैल को बढ़ाते हुए 9 मई कर दी है। बीपीएससी के संयुक्त सचिव सह परीक्षा नियंत्रक अमरेन्द्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए आवश्यक और विस्तृत निर्देश यथावत रहेगी। एडिट करने के लिए 3 मई से 9 मई तक लिंक उपलब्ध रहेगा।

## अतिपिछड़ा समाज के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ेगी भाजपपा : पृथ्वी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- पार्टी ने शुरू किया सदस्यता अभियान, दस लाख सक्रिय सदस्य बनाने का है लक्ष्य

भारतीय जन परिवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वी कुमार माली ने कहा कि हमारी पार्टी अतिपिछड़ा समाज के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ेगीं' बिहार के मौजूदा हालात में अति पिछड़े समाज के माली समाज जैसे अन्य कई जातिओं का कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं है। जबतक सत्ता में अतिपिछड़ा समाज को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व नहीं मिलता हैं, तबतक हमारी लड़ाई जारी रहेगी' माली ने कहा कि बिहार अभी राजनीतिक उठापटक के दौर से गुजर रहा हैं, आगामी सरकार में अतिपिछड़ा समाज की भूमिका निर्णायक होगी।

पृथ्वी माली ने कहा कि बिहार की जनता बदलाव चाहती हैं। हमने तय किया है कि हमारी पार्टी में किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं रहेगा। हर तबके और समुदाय के लोग इस पार्टी में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान जोरशोर से चल रहा है। भारतीय जन परिवार पार्टी बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, हमसब विकास में सबकी सम्मानजनक भागीदारी चाहते हैं। पार्टी का सदस्यता अभियान जारी है।

हमारा लक्ष्य है कि बिहार में 10 लाख से ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ता बनाएंगे। बिहार मे रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा के अधिकार के लिए पार्टी लड़ाई लड़ेगीं।

## एमएसएमई बिजनेस इंडिया कॉन्क्लेव में निवेशकों को किया जाएगा आमंत्रित

### बिहार में निवेश हेतु जदयू के राष्ट्रीय सचिव करेंगे संबोधित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



एमएसएमई बिजनेस फोरम इंडिया द्वारा इन्वेस्ट बिहार अभियान के लिए राजीव रंजन प्रसाद को ब्रांड अम्बेसडर मनोनीत किया गया है। जदयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद दिल्ली में 29 अप्रैल को होटल क्राउन प्लाजा में होने वाली एमएसएमई बिजनेस कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे। श्री प्रसाद ने बताया कि इस अवसर पर आंगतुक निवेशकों को बिहार में निवेश करने के लिए आमंत्रित करूंगा। कॉन्क्लेव में लघु एवं मध्यम उद्योगों के समक्ष चुनौतियों पर विश्व के प्रतिष्ठित निवेश विशेषज्ञ हीरो कॉर्पोरेट सर्विस के डायरेक्टर फाइनेंस जोगेंद्र सिंह, अमेरिका स्थित वर्टेक्स ग्रुप के स्ट्रेटेजिक ग्रोथ लीडर गगन अरोड़ा, क्रोडरा के सीईओ चेट जैनन एवं अंतरराष्ट्रीय साझेदारी विशेषज्ञ डॉ सिंधु भाष्कर समेत बड़ी संख्या में उद्योगपति भाग लेंगे। कॉन्क्लेव इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भारत सरकार द्वारा एमएसएमई सेक्टर में इज ऑफ डूइंग बिजनेस में बेहतर वातावरण बनाने के प्रयास हो रहे हैं।साथ ही नेटवर्किंग के जरिये लघु एवं मध्यम उद्योग अकेले चलने के बजाय उत्पादन एवं विपणन में एक दूसरे के पूरक बनने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर भी मंथन होगा।

## महिला को मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी : प्रतिमा कुमारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर संस्पेंस बनकार है। अध्यक्ष पद को लेकर दावेवारों की सूची में कई नेताओं के नाम सुमार है। इसमें कुछ महिलाओं के नाम की भी चर्चा है। इस बीच किसी महिला कों कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपने की सुगबुगाहट होने लगी है। जानकारी के मुताबिक दावेदारों की सूची में कांग्रेस की पूर्व विधायक व बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अमिता भूषण और वर्तमान विधायक प्रतिमा कुमारी का भी नाम चर्चा में है। बातचीत के दौरान प्रतिमा कुमारी ने कहा कि हमारी इच्छा है कि इस बार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी किसी महिला को मिले।

उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक महिला बिहार में प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष नहीं बनी है। अगर महिलओं को बिहार कांग्रेस की कमान सौंपी जाती है तो ये बहुत अच्छा होगा। इससे संगठन भी मजबूत होगा और बिहार कांग्रेस आगे बढ़ेगी। महिला भी कमान संभाल सकती है अ

ौर अच्छे तरीके से संगठन को चला सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पहली अध्यक्ष एनी बेसेंट भी महिला थीं। उस समय कांग्रेस कितनी मजबूत थी । प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों की सूची में उनके नाम भी चर्चा होने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर हम रेस में है तो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार कांग्रेस की अध्यक्ष कोई महिला होगी तो ज्यादा संख्या में महिला को कांग्रेस से जोड़ेगी, जिससे शराबबंदी जैसा ढोंग जो बिहार सरकार कर रही है उसका पदार्फाश होगा। इसीलिए आलाकमान को भी चाहिए कि बिहार कांग्रेस को इस बार महिलाओं के हाथ में दे। उन्होंने कहा कि बिहार में अभी जरूरत है कि कांग्रेस सरकार में भष्टाचार, अफसरशाही, मंहगाई के मुद्दे को लेकर सड़क पर आंदोलन करें। केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों से जनता परेशान है।

## पशुपति पारस पर हुए हमले की जांच हो चिराग ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख किया मांग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। पत्र में चिराग पासवान ने पूरी घटना की जानकारी देते हुए कहा कि पासवान समाज अपने आराध्य बाबा वीर चौहरमल की जयंती हर साल घूम-धाम से मनाता है। रामविलास पासवान जी जब तक जीवित रहे वह हर साल इस कार्यक्रम में जाते थे और पूरा पासवान समाज भव्य तरीके से उनका स्वागत करता था। मेरे लिए यह गर्व की बात है की इस साल पहली बार अपने पिता के निधन के बाद जब मै इस कार्यक्रम में गया तो वही प्यार और आशीर्वाद वहां मौजूद लोगों ने मुझे दिया तस्वीरें गवाह है की किस तरह बड़ी संख्या में बिना धूप-गर्मी की परवाह किए घंटो लोगों ने वहा पर मेरी बातों को सुना और अपना आशीर्वाद दिया समाज के द्वारा रामविलास पासवान जी के सम्मान में लगाई गई प्रतिमा का अनावरण भी मेरे हाथों ही कराया गया। जहां एक तरफ पशुपति कुमार पारस पर हुए हमले की मैं निंदा करता हूं। वहीं पहली बार बाबा वीर चौहरमल की जयंती के मेले में मौजूद लोगों पर चली लाठी की भी मैं घोर निन्दा करता हूं। इतने सालों के इतिहास में आज तक कभी उस मेले में ऐसी घटना नहीं घटी थी पशुपति पारस के कहने पर जिस तरीके से प्रशासन के द्वारा पासवान समाज पर लाठियां चलाई गई इसकी भी जांच होनी चाहिए। चिराग पासवान ने अपने चाचा पशुपति पारस पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चाचा पशुपति पारस बाबा चौहरमल जयंती के धार्मिक आयोजन में आए श्रद्धालुओं पर शराब पीने का आरोप लगाकर पासवान समाज की भावना को को आहत किया ही साथ ही यह कहकर कि शराब सभी जगह मिलता है। सरकार की शराबबंदी नीति पर भी एक केन्द्रीय मंत्री के रूप में सवाल खड़ा कर दिया है। पत्र में चिराग ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ प्रदेश के गृहमंत्री भी हैं। ऐसे में मेरे ऊपर लगे आरोपों की जांच की मांग करता हूं। जांच में मैं दोषी गया तो यकीनन मुझ पर कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन यदि मैं दोषी नहीं पाया गया तब पशुपति पारस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## स्वच्छ गया-सुंदर गया का सपना होगा साकार : उपमुख्यमंत्री

### गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र में 110 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का होगा उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



गया नगर निगम के तत्वावधान में स्वच्छ गया-सुंदर गया के सपने को साकार करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को संचालित करते हुए उसे पूर्ण किया गया है। 21 अप्रैल को गया नगर निगम द्वारा विभिन्न मदों से पूर्ण की गई लगभग 110 करोड की योजनाओं का उद्घाटन होगा। उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह, उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन, लघु जल संसाधन मंत्री डॉ संतोष सुमन, गया के सांसद विजय कुमार मांझी शामिल होंगे।

गौरतलब है कि स्वच्छ गया-सुंदर गया के सपने को साकार करने की दिशा में गया-पटना मुख्य पथ पर स्थित चिल्ड्रन पार्क, नई गोदाम के समीप स्थित जीबी रोड, टावर चौक के समीप केपी रोड, बॉटम नाला, नादरगंज नाला, समेकित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र, विष्णुपद गया के मोक्ष धाम, ब्रह्मम्सत तालाब के समीप महाआरती ध्वनि प्रकाश प्रस्तुति, ब्रह्म सरोवर का सौंदर्यीकरण इत्यादि अन्य कार्यों को विभिन्न मदों की लगभग 110 करोड़ रुपए की राशि से पूर्ण किया गया है, जिसका उद्घाटन 21 अप्रैल को होगा।

गया नगर निगम की ओर से 14 वीं, 15 वीं और षष्टम वित्त की राशि से लगभग 29 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से समेकित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र को संस्थापित किया गया है।

साथ ही, हृदय योजना से ब्रह्मम्सत वैतरणी एवं ब्रह्मसरोवर का सौंदर्यीकरण कार्य को पूर्ण किया गया है, जिसका उद्घाटन होगा। उप मुख्यमंत्री कार्यक्रम में भाग लेने हेतु 21 अप्रैल को पूर्वाह्न में गया के लिए प्रस्थान करेंगे।

## इंटर व मैट्रिक कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा में शामिल होंगे 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी

**पटना।** इंटर और मैट्रिक कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा में प्रदेशभर से 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें कंपार्टमेंटल में ही आठ हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हैं।

बिहार बोर्ड की मानें तो परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गयी है। इंटर कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा 25 अप्रैल से चार मई तक होगी। वहीं, मैट्रिक कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा का आयोजन पांच से नौ मई तक किया जायेगा।

इसको लेकर बिहार बोर्ड ने सभी जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए हर केंद्र पर गश्ती दल दंडाधिकारी सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। केवल प्रवेश पत्र से मिलेगा प्रवेश हर परीक्षार्थी को चप्पल पहनकर केंद्र पर आना है। केंद्र में प्रवेश केवल प्रवेश पत्र के साथ मिलेगा। हर दिन परीक्षा दो पाली में ली जायेगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद ओएमआर उत्तर पत्रकों को उसी दिन वज्रगृह भेजना है। हर केंद्र पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 को लागू किया गया है। केंद्र के बाहर धारा 144 लागू की गयी है।

## भाजपा में शामिल हो बोले महंथ सत्यदेव दास बिहार में राजद का भविष्य नहीं



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज के महंथ सत्यदेव दास बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ता ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर महंत सत्यदेव दास ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ भाजपा में आया हूं। इससे पहले मैं राजद के बैनर तले एमएलसी का चुनाव लड़ा था, लेकिन अब राजद एक परिवार की पार्टी रह गई है। उसका कोई भविष्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव परिवारवाद से जुड़े हैं। वे ज्यादा दिनों तक राजनीति में टिक नहीं सकते। जिस प्रकार से वे राजनीति कर रहे हैं। उससे राजद खत्म हो जाएगा। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने संतो का स्वागत करते हुए कहा कि इससे निश्चित पार्टी मजबूत होगी। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र जी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन सहित अन्य कई भाजपा नेता मौजूद थे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, गुरुवार, 21 अप्रैल 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### देशवासियों की अमन-चैन की दुआ को लेकर 7 वर्ष की छोटी बच्ची ने रखा रोजा



समस्तीपुर। पवित्र माह रमजान में रोजा रखने वालों पर अल्लाह की रहमत की बारिश होती है। माना जाता है कि रमजान के माह में अल्लाह हर एक नेकी के बदले कई गुणा नेकियों का सबाब अता फरमाते हैं। रमजान का रोजा बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चे भी रख रहे हैं। समस्तीपुर शहर के धर्मपुर वार्ड संख्या- 09 के निवासी मो० जाकिर हुसैन की बेटी मुनिरा जाकिर जिसकी उम्र सिर्फ 07 वर्ष है, छोटी सी उम्र उसने रोजा रखा है और अपने माता-पिता के साथ देशवासियों के लिए अमन-चैन की अल्लाह पाक से दुआएं की।

### पुत्री के अपहरण को लेकर पिता ने थाने में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र निवासी मंगल कुमार (बदला हुआ नाम) ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुए बताया है कि मंगलवार को संध्या करीब 7 बजे वह अपनी पुत्री तथा पत्नी के साथ गेहूं काटकर खेत से घर आ रहे थे। इसी बीच ज्ञात निवासी लोगों के द्वारा और दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बोलेरो गाड़ी से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया गया। जिसके बाद वे लोग दक्षिण दिशा की ओर बोलेरो लेकर भाग गए। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी षड्यंत्र रचकर उनकी पुत्री को अगवा कर अनैतिक व्यवहार करने के उद्देश्य मानव तस्करी की है।

### सरकारी भूमि पोखरा के भिंडा से हरा पेड़ काटने को लेकर सीओ को दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज कल्याणपुर उत्तर वार्ड नंबर 8 स्थित सरकारी भूमि पोखरा के भिंडा से हरा पेड़ काटने को लेकर राम पदार्थ साह ने अंचला अधिकारी को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से बताया गया कि पोखर के पछियारी भिंडा जो कि सरकारी भूमि है जिस पर शीशम, आम, जामुन का विशाल पेड़ है। जिसे अवैध रूप से काट कर ठिकाना लगाया जा रहा है। वहीं इस संबंध में विभूतिपुर अंचलाधिकारी से मोबाइल पर बात करने पर उन्होंने पहले आवेदन मिलने की बात से इनकार गए। वहीं रिसिविंग की बात कहे जाने पर उन्होंने कहा कि दिखवा लेते हैं।

# लुधियाना में समस्तीपुर के एक ही परिवार के 7 लोगों की जलकर मौत, मृतकों में 5 बच्चे शामिल

## सभी लोग 20 अप्रैल को ट्रेन पकड़ कर बड़े बेटे की तय शादी को लेकर आने वाले थे घर

**हादसा**

● कूड़े के ढेर से उठी चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई और झोपड़ी में सोए हुए सभी लोगों की जलकर मौत हो गई





समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

बुधवार की सुबह समस्तीपुर जिले के लिए एक मनहूस खबर लेकर आई। खबर पंजाब के लुधियाना शहर से आई जहां समस्तीपुर जिले के रहने वाले एक दंपति की उनके पांच बच्चों के साथ जलकर मौत हो गई।

जिनकी पहचान समस्तीपुर जिले के शिवाजी नगर प्रखंड अंतर्गत बाघोपुर गांव के सुरेश सहनी (55), उनकी पत्नी अरुणा देवी (52), बेटियां राखी (15), मनीषा (10), गीता (8) और चंदा (5) व 2 साल के बेटे सन्नी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि झोपड़ी में सभी लोग सोए हुए थे, इसी दौरान बगल के कूड़े के ढेर से उठी चिंगारी से उनकी झोपड़ी में आग लग गई और झोपड़ी में सोए हुए सभी लोगों की जलकर मौत हो गई। सुरेश कुमार लुधियाना में कबाड़ का काम करता था। इस हादसे में बड़े बेटे राजेश की जान बच गई है। संयोग से वह रात को अपने दोस्त के घर गया हुआ था और उसी के यहां रुका हुआ था।

बताया जाता है कि मृतक सुरेश सहनी अपने पूरे परिवार के साथ बाघोपुर गांव में सभी संपत्ति को बेच कर पिछले 25 वर्षों से पंजाब के लुधियाना में रहकर कबाड़ी का काम किया करते थे। मृतक सुरेश सहनी के घायल पुत्र की शादी आगामी 29 तारीख को होने वाली थी. पुत्र के शादी को लेकर सभी परिवार के लोग बाघोपुर गांव आने वाले थे, घर आने के बदले बुधवार की अगली सुबह सूचना मिली कि अगलगी की घटना में परिवार के 7 लोग झुलस जाने से मौत हो गई है. वहीं परिवार का एक पुत्र घायल है। जिसकी आगामी 29 तारीख को शादी होने वाली थी। परिवार के लोगों ने बताया कि इस अगलगी की घटना में बच गए उसके बड़े पुत्र राजेश की बखरी थाना क्षेत्र में आगामी 29 तारीख को शादी होने वाली थी।

जहां बाघोपुर से बरात बखरी जाने वाला था, इसी बीच बुधवार की अगली सुबह अगलगी की घटना में सभी परिवार के लोगों के झुलस जाने से मौत हो गयी। इधर सूचना मिलने के बाद पूरे टोले के साथ-साथ परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही शिवाजीनगर अंचलाधिकारी अरुण कुमार सक्सेना के द्वारा गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली गई है। मौके पर पंचायत के सरपंच मिथिलेश सहनी, पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# शराब की खेप पहुंचाने वाला मास्टरमाइंड चढ़ा पुलिस के हत्थे

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र में शराब माफिया विडियो राय को शराब पहुचाने वाला कारोबारी सीताराम यादव उर्फ बाबा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मद्य निषेध की टीम के सहयोग से विभूतिपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली। बताया जाता है कि पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए शराब कारोबारी के सरगना तक पहुचने में सफलता पाई और उसे गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा, उत्तम यातायात के साधन से विभूतिपुर लाया गया। वहां से कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय में पेश किया गया। जिसका तार विभूतिपुर के शराब कारोबारी से था।

शराब का खेप उतारने के क्रम में मद्य निषेध विभाग की टीम को इसकी गुप्त सूचना होने पर विभूतिपुर पुलिस के सहयोग से दलसिंहसराय-रोसड़ा मुख्य मार्ग स्थित कोदरिया भुतहा चौक के पास शराब से भरे ट्रक, बोलेरो एवं तीन कारोबारी को किया था। गिरफ्तार युवक की पूछताछ के दौरान पता चला कि मोबाइल के जरिये बाबा से समान लाने की बात बताया। जिसपर वैज्ञानिक अनुसंधान करके मद्य निषेध विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था एवं हाई लेवल के यातायात साधनों से उसे गिरफ्तारी स्थल से पटना और वहां से निजी वाहन एवं कड़ी सुरक्षा के बीच विभूतिपुर थाना लाकर पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया। यह जानकारी थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने दी। बताया जाता है कि पकड़े गए शराब कांड विभूतिपुर थाना कांड संख्या 285/20 में वांछित चल रहे थें। शराब के खेप लाने की गुप्त सूचना मद्य निषेध विभाग को थी। जिसमें विभूतिपुर पुलिस के सहयोग से मद्य निषेध विभाग की टीम ने छापा देकर कोदरिया भुतहा चौक के पास से एक ट्रक एक बोलेरो पर लदे 500 कार्टन में 16800 बोतल में 4410 लीटर विदेशी शराब जब्त किया था। जिसमें भागने के दौरान संजय कुमार भारती, दिलीप कुमार एवं दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया गया था। सर्च के दौरान संजय भारती के पास से एक पिस्टल, 9 जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, एक मोबाइल, एक चांदी का ब्रेसलेट एवं एक घड़ी बरामद किया गया था। वहीं दिनेश के पास से एक साधारण मोबाइल फोन बरामद हुआ था। पूछताछ के दौरान संजय ने बताया था कि विभूतिपुर थाना क्षेत्र के समर्था निवासी बीडीओ राय के द्वारा बंगाल के दालकोला नामक स्थान से माल मंगवाया जाता है। इन दोनों की बातचीत में ही एक शराब माफिया बाबा के नाम की बात बताई गई थी। जिसे वैज्ञानिक अनुसंधान के दौरान पुलिस ने सीताराम यादव उर्फ बाबा जो मोबाइल नंबर का प्रयोग करते थे। जो पुलिस के हत्थे चढ़ गये। जिसे बुधवार को न्यायालय को सुपुर्द किया गया है।

# पिस्टल के बल पर सीएसपी संचालक से एक लाख की लूट



खानपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना अंतर्गत खतुआहा रामनगर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी संचालक अवनीश कुमार ठाकुर से बुधवार की दोपहर अपराधियों ने पिस्टल के बल पर एक लाख रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने बुधवार की दोपहर करीब 12:30 बजे लूट की घटना को अंजाम दिया और आराम से फरार हो गए। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ब्लू कलर अपाचे पर सवार तीन अपराधी अपने हाथों में पिस्टल लहराते हुए सीएसपी केंद्र पर कुछ मिनट रुककर पुनः सीएसपी संचालक अवनीश कुमार ठाकुर व उपस्थित लोगों पर पिस्टल दिखाते हुए एक लाख रुपए की लूट कर पश्चिम दिशा कि ओर फरार हो गए। उधर घटना कि सूचना मिलते ही खानपुर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है।

### ई-वे बिल को लेकर राज्य-कर संयुक्त आयुक्त ने व्यवसायियों के साथ की बैठक

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर वाणिज्य कर कार्यालय में बुधवार को राज्य-कर संयुक्त आयुक्त उमानंद चौधरी की अध्यक्षता में जिले के व्यवसायियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से भारत सरकार के द्वारा निदेर्शों के अनुसार जीएसटी के अंतर्गत 20 करोड़ रुपए सालाना से ज्यादा ट्रांजेक्शन के ई-वे बिल को लेकर व्यवसायियों के साथ बैठक की गई। बैठक में राज्य-कर संयुक्त आयुक्त उमानंद चौधरी व्यवसायियों को इस में आने वाली समस्याओं व उनकी अन्य समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऐसे व्यवसायी जिनका 20 करोड़ रुपए से ऊपर का ट्रांजैक्शन है, उन्हें ई-इनवॉइस जनरेट करना है। उन्होंने कहा कि ई-इनवॉइस जनरेट करने में आने वाले दिक्कतों को दूर करने के उद्देश्य से जिले के व्यवसायियों व चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है और उनकी समस्याओं के निदान के संबंध में विभाग के द्वारा प्रयास किए जाएंगे।

# पंचायतवार आवंटित योजनाओं की पदाधिकारियों ने की जांच

सिंघिया, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी समस्तीपुर के गोपनीय शाखा के पत्रांक 2613/सीजी के आलोक में जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में चल रहे सरकारी योजनाओं की जांच पदाधिकारियों के द्वारा की जा रही है। सिंघिया प्रखंड के तीन अलग-अलग पंचायतों का पंचायत वार आवंटित पदाधिकारियों ने दौरा किया।

पत्रांक के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी रोसड़ा को पंचायती राज लिलहॉल, प्रखंड विकास पदाधिकारी को बारी, अंचलाधिकारी को कुंडल एक के सरकारी योजनाओं की जांच हेतु पंचायत आवंटित किया गया था। इसी क्रम में अंचलाधिकारी सिंघिया अरुण कुमार ने आवंटित पंचायत कुंडल एक का दौरा कर चल रहे विभिन्न सरकारी योजना-मनरेगा द्वारा चलाई जा रही योजना, पंचायती योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली, नल जल योजना, उप स्वास्थ्य केंद्र, उत्क्रमित मध्य विद्यालय की जांच की। इस संबंध में पूछने पर अंचलाधिकारी ने बतलाये कि पत्रांक के आधार पर निदेर्शानुसार आवंटित पंचायत कुंडल एक में चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं की जांच के उपरांत उप स्वास्थ्य केंद्र कुंडल में चिकित्सक एवं एएनएम को अनुपस्थित पाया गया, जन वितरण दुकानदार सोनाली कुमारी के दुकान का स्टॉक मिलान करने पर सही पाया गया, वार्ड संख्या 11 में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंडल में जांच के उपरांत सही पाया गया तथा वार्ड संख्या 8 के नल जल योजना की जांच की, जिसमें कार्य को अधूरा पाया गया। वहीं पंचायत सरकार भवन के पीछे मनरेगा योजना द्वारा ईंट-खरंजा निर्माण, पोखर के पास बना नाला, सोख्ता निर्माण को पूर्ण पाया परंतु नाला सोख्ता निर्माण में अनियमितता के संबंध में ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी को भेजें आवेदन पर उन्होंने कहा कि अनियमितता की जांच तकनीकी लोग करेंगे।

### जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा पंचायतों में की गई योजनाओं की जांच

**समस्तीपुर।** विभागीय आदेश के अनुपालन के क्रम में डीएम योगेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार 20 अप्रैल को सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा आवंटित प्रखंड के पंचायत में सभी योजनाओं की जांच की की गई। विभाग द्वारा समस्तीपुर जिला अंतर्गत जांच हेतु आवंटित पंचायतों की निम्न योजनाओं की जांच कर विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने का को कहा गया। जिन योजनाओं की जांच की गई उसमें हर घर नल का जल, घर तक पक्की गली-नाली की योजना, उच्चतर माध्यमिक, प्राथमिक, प्राथमिक विद्यालय, सरकारी आवासीय विद्यालय व छात्रावास, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केंद्र एवं विभिन्न स्तर के अस्पताल, लक्षित जन वितरण प्रणाली की दुकाने, धान, गेहूं, दलहन अधिप्राप्ति केंद्र, ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं अनुसरण, मनरेगा योजना, ग्रामीण आवास योजना, पंचायत सरकार भवन, समाज कल्याण की पेंशन योजनाएं, भू-राजस्व एवं अन्य योजनाएं शामिल हैं।

# बाल संसद का हुआ गठन मुरारी बने प्रधानमंत्री और नेहा उप प्रधानमंत्री



रोसड़ा, प्रात: किरण संवाददाता

रोसड़ा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कलवाड़ा में बच्चों का आम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सिकंदर राम ने किया। जिसमें बाल संसद का गठन हेतु प्रस्ताव लाए गए। बाल संसद के कार्य व महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक नेता अशोक कुमार साहू ने बताया की विद्यालय विकास में बाल संसद कि अपनी महत्ता है।

छात्र विद्यालय हीं नहीं वरन पूरे समाज के भविष्य हैं उनमें जागरूकता लाकर विद्यालय में आमूल चूर परिवर्तन हो सकता है, छात्रों के द्वारा विद्यालय में छात्रों उपस्थिति में बढ़ोतरी किया जा सकता है विद्यालय के शैक्षणिक व स्वच्छता व्यवस्था को भी ठीक किया जा सकता है, अगर यह सभी व्यवस्था ठीक हो जाए तो विद्यालय व छात्रों का समुचित विकास हो पाएगा। इसके बाद बाल संसद का गठन किया गया। प्रधानमंत्री मुरारी कुमार वर्ग 8 चुने गए वहीं उप प्रधानमंत्री नेहा कुमारी वर्ग 7 से चुनी गई। वहीं शिक्षा मंत्री के पद पर सूरज कुमार एवं उप स्वास्थ्य मंत्री अनन्या कुमारी, खेलमंत्री नन्दनी कुमारी चुनी गई। शिक्षक अशोक कुमार साहू संयोजक के नेतृत्व में बाल संसद का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में वर्ग 4 से लेकर के 8 तक के सभी छात्र छात्रा मौजूद थे।

# एसपी हृदयकान्त ने किया मुफ्फसिल थाने का निरीक्षण



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस अधीक्षक हृदयकान्त बुधवार को अचानक मुफ्फसिल थाना पहुंचे। जहां पुलिस अधीक्षक को अचानक देखकर पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। पूछे जाने पर पुलिस अधीक्षक हृदयकान्त ने बताया कि रूटीन समीक्षा के तहत थाने का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण क्रम में मुफ्फसिल थाना के लंबित कांडों की समीक्षा की गई है और सभी लंबित कांडों का समय रहते निष्पादन करने का निर्देश थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से सभी को निर्देशित किया गया है कि कांडों का निष्पादन समय पर पूरा किया जाए। मौके पर मुफ्फसिल थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार मिश्रा, कामेश्वर शर्मा, केसी भारती, भगत यादव, इम्तियाजुल हक खान, नवल किशोर गुप्ता, समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# पोषण माह कार्यक्रम में चमकी बुखार के बारे में दी गई जानकारी

मोरवा, प्रात: किरण संवाददाता



मोरवा प्रखंड के पंचायत मोरवा उतरी के मोरवा मोहनपुर गांव में भारत जीविका महिला ग्राम संगठन में एफडीडीसी के तहत पारिवारिक आहार विविधता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं जिसमें 0 से 6 माह एवं 7 माह से 23 माह के बच्चे के मां एवं गर्भवती महिलाएं उपस्थित हुई।

बैठक में एमआरपी अभिलाषा कुमारी के द्वारा बताया गया कि सभी गर्भवती महिलाओं गर्भावस्था के दौरान चार जांच करवाना महत्वपूर्ण है। जांच के अलावा खाने में आयरन की गोली एवं पौष्टिक आहार भोजन करना भी महत्वपूर्ण है। जिससे माता एवं बच्चा दोनों स्वस्थ रहेगा। वहीं बैठक के दौरान जीविका के बीके बीरन कुमार सिंह ने चमकी बुखार के बचाव के बारे में विस्तृत रूप से बताया। वहीं उन्होंने बताया कि अपने बच्चे को तेज धूप से बचाएं, गर्मियों के दिनों में बच्चे को ओआरएस के घोल एवं नींबू पानी चीनी का घोल जरूर पिलाएं, अपने बच्चे को दिन में दो बार स्नान जरूर कराएं, रात में बच्चे को भरपूर भोजन खिलाएं।

इस मौके पर जीविका के बीके बीरन कुमार सिंह, सीएम संगीता कुमारी, सीएनआरपी संगम देवी, ललिता देवी, लखिया देवी, शाहिदा खातुन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# संयुक्त जांच अभियान में रेडीमेड कपड़ों से भरे ट्रक को किया जब्त

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



वाणिज्य कर विभाग के द्वारा बुधवार को जरूरी कागजातों के बगैर कोलकाता से मोतिहारी को जा रहे रेडीमेड कपड़ों से भरे हुए एक ट्रक को समस्तीपुर जिला के मुसरीघरारी के पास से पकड़ा गया है। जिसे विभाग के द्वारा जब्त करते हुए वाणिज्य कर कार्यालय ले जाया गया।

इस बाबत राज्य कर संयुक्त सचिव सहायक आयुक्त आबिद शुभानी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सप्ताह में 2 दिन बुधवार और शुक्रवार को संयुक्त जांच अभियान चलाया जाता है। जिसमें वाणिज्य कर विभाग, परिवहन और एक्साइज डिपार्टमेंट के द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों की जांच की जाती। इस संयुक्त जांच अभियान में वाह जिन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाते हैं उन पर उससे संबंधित कार्रवाई की जाती है। इसी के तहत बुधवार को मुसरीघरारी के पास जांच के दौरान बगैर जरूरी कागजात के कोलकाता से मोतिहारी को जा रहे उक्त ट्रक को पकड़ा गया। जिसे वाणिज्य कर कार्यालय लाया गया है। जहां उसके कागजातों की जांच की जा रही है और पूछताछ की जा रही है।

जांच के दौरान प्रथम दृष्टया में ई-वे बिल संबंधित एक कागजात अपूर्ण पाया गया, जिसको लेकर ट्रक को पकड़ कर लाया गया है और पूछताछ की जा रही है। अपूर्ण कागजातों से संबंधित विधि-सम्मत शुल्क अदायगी के बाद उसे छोड़ दिया जाएगा।

### शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**विभूतिपुर।** बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ अंचल विभूतिपुर ने शिक्षकों की समस्या का समाधान हेतु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। प्रखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की संकल्प को साकार करने हेतु संघ प्रतिबद्ध है। संघ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से प्रखंड संसाधन केंद्र कार्यालय में सभी कर्मियों को ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करवाए ताकि शिक्षकों की समस्या का समाधान हो सके, अत्यधिक गर्मी के कारण विद्यालय में पेयजल की समस्या हो गई है जिसका शीघ्र समाधान करने, छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तक की राशि अथवा पाठ्यपुस्तक शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु जिला में प्रतिवेदन देने, पंचायत अध्यक्ष नियुक्त शिक्षकों के मासिक नेगेटिव प्रतिवेदन सर समय जिला को प्रतिमाह उपलब्ध कराने 15 प्रतिशत वेतन वृद्धि के साथ वेतन एवं बकाया वेतन भुगतान करने, नवनियुक्त शिक्षकों को यथाशीघ्र वेतन भुगतान इपीएफ कटौती प्रारंभ करने, यूटीआई पेंशन योजना में अगस्त 2020 के पूर्व राज्य सरकार के अनुदान हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को प्रतिवेदन करने, प्रधानाध्यापक को स्पष्ट आदेश दिया जाए की विद्यालय अवधि के समय पठन-पाठन के सिवा शिक्षकों से कोई गैर शैक्षणिक काम नहीं लिया जाए।

# ट्रस्ट की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर डीएम को दिया आवेदन

रोसड़ा, प्रात: किरण संवाददाता

रोसड़ा शहर के लक्ष्मीपुर वार्ड नंबर-18 निवासी अधिवक्ता उमा रानी सिन्हा ने एसडीओ रोसड़ा को आवेदन देकर ट्रस्ट की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। उन्होंने खाता संख्या 71 एवं खेसरा संख्या 1441 थाना नंबर 69 रकबा 2 कट्ठा मौजा मो नगर उर्फ रोसड़ा स्थित ठाकुर श्री राधे गोपाल ट्रस्ट थतिया का जमीन होना बताते हुए कहा है कि उक्त भूमि को फर्जी तरीके से रामभरोस पंडित एवं उसकी पत्नी अनीता देवी मोहल्ला लक्ष्मीपुर वार्ड नंबर 18 रोसड़ा ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। उक्त जमीन के दक्षिण खाता नंबर 71 खेसरा नंबर 1442 रखवा दो कट्ठा 10 धूर जो आवेदिका के पति चंद्रशेखर प्रसाद सिंह के नाम से केवाला द्वारा प्राप्त है भूमि का लगभग 4 धुर जमीन को जबरन कब्जा करना चाहती है। जिसका सीमांकन अंचल अधिकारी रोसड़ा को आवेदन दिया। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं करने पर अनुमंडल पदाधिकारी रोसड़ा को सीमांकन के लिए आवेदन किए। जिसके आलोक में नापी प्रतिवेदन मेरे साथ जमीन को अवैध रूप से कब्जा करने की बात कही गई है। लेकिन अनीता देवी अधिवक्ता के साथ बार-बार तंग तबाह करती रहती है एवं जान से मारने की भी धमकी दी जा रही है। इससे संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता रोसड़ा के न्यायालय में भूमि विवाद निस्तरण बाद संख्या 05/2021 लंबित है। वैसे व्यक्ति हैं जो खुद ट्रस्ट की भूमि को कब्जा की हुई है। और मेरे निजी जमीन को हड़पने का प्रयास बार-बार कर तंग तबाह किया जा रहा है। ट्रस्ट की भूमि खाली करवाने का आदेश अंचल अधिकारी रोसड़ा को देते हुए मेरे निजी भूमि को अवैध कब्जा को खाली करवाने के लिए अधिवक्ता उमारानी ने संबंधित पदाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

### सीआईडी की डीआईजी गरिमा मलिक ने थाने का किया निरीक्षण

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सीआईडी के डीआईजी गरिमा मलिक ने बुधवार को कल्याणपुर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व डीआईजी कल्याणपुर थाना पर पहुंचे तो गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी की प्रक्रिया शुरू ही की जा रही थी कि डीआईजी ने रोक दिया और सीधे ऑफिस पहुंच गई। वहीं उन्होंने विभिन्न कई कांडों के फाइलों को गहनता से जांच की और अनुसंधान के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं पशुपालन विभाग में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर की हुई मौत मामले में अनुसंधान के कार्यों में धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए अनुसंधानकर्ता को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कई पदाधिकारियों को अनुसंधान के कार्य में धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया। अन्यथा कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। मौके पर थानाध्यक्ष गौतम कुमार, एसआई राज किशोर राम, ओम प्रकाश कुमार, राहुल कुमार, भानु प्रिया, एएसआई प्रमोद झा, धीरज कुमार सहित आदि पुलिस बल मौके पर मौजूद थे।

# कल्याणपुर की विभिन्न पंचायतों में पदाधिकारियों की टीम ने किया जांच



कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर क्षेत्र अंतर्गत अंजना, खरसंड पूर्वी, हजपुरवा, बेलसंडी सहित विभिन्न पंचायतो में बुधवार को डीएम के निर्देश पर गठित पदाधिकारियों की टीम ने विकासात्मक योजनाओं की जांच किया।

एडीएम राजीव रंजन सिंहा ने अंजना गांव में पैक्स में गेहूं अधिप्राप्ति, सहित विभिन्न अभिलेख, आंगनबाड़ी केंद्र एवं नल जल हर गली नाली योजना आवास योजना सहित अन्य योजना की जांच किया तो वहीं खरसंड पूर्वी में प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोयला कुंड एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कोयला कुंड का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उसने काफी अनियमितता पाई फिर उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र आवास योजना नल जल योजना आदि की जांच किया।

वहीं जांच रिपोर्ट बरिए पदाधिकारी को सुपुर्त करने की बात कही। वहीं अंचलाधिकारी कमलेश कुमार ने बेलसंडी एवं एसडीओ रविंद्र कुमार दिवाकर ने हजपुरवा पंचायत में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की जांच किया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, गुरुवार, 21 अप्रैल 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### रफ्तार का कहर जारी



औरंगाबाद। हसपुरा थाना क्षेत्र के दाउदनगर-गया मुख्य पथ पर सिहाड़ी बाजार में मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर फतेहपुर गांव निवासी दीपक कुमार (20 साल) की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार वह पुरानी बाजार से घर लौट रहा था कि बाराती वाहन ने कुचल दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आज सुबह घंटों सड़क जाम रखा। उधर, औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर केरा गांव के पास बाइक एवं कार की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। बाइक पर सवार तीसरे युवक की हालत भी नाजुक है। घटना के विरोध में भी ग्रामीणों सड़क जाम कर गुस्से का इजहार किया। अगर इन घटनाओं के बारें में जानने का प्रयास करते हैं तो छोटे या बड़े गाड़ियों द्वारा यातायात के नियमों का सही तरीके से पालन नहीं करना ही आएगा। आज खासकर युवाओं में यातायात के इन सभी नियमों के बारे में जानकारी देने की जरूरत है। इसके लिए प्रशासन जबतक जागरूकता अभियान नहीं चलाएगी तबतक केवल गाड़ियों का चालान काटने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा।

### छह किलोमीटर में अड़तालीस ठोकरें, शिकायत मिलने पर भी अधिकारी मौन

खिजरसराय। सरबहदा से गया को जाने वाली मुख्य सड़क पर गैर जरूरी ठोकरों का अंबार लगा हुआ है जिस कारण आये दिन अक्सर छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है पर विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंगती कुम्भकर्णी निद्रा से आखिर कौन जगाये उक्त सारी बातें जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के खिजरसराय प्रखंड अध्यक्ष वसीम खान उर्फ हीरो खान ने कही साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरबहदा बस स्टैंड से नियामतपुर की दूरी मात्र छह किलोमीटर जिसमें अड़तालीस ठोकर सरबहदा से टेउसा की बीच की दूरी लगभग दस किलोमीटर जिसमें कुल चौवन ठोकरें है जिससे वाहन के साथ वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है खान ने सबंधित विषय पर महीनों पहले अधिकारियों से शिकायत भी की थी पर कोई सुध लेने वाला नहीं है इसलिए खान उच्य अधिकारियों से शिकायत करने की ओर रुख कर लिए हैं।

# विजयोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आरा जायेंगे कार्यकर्त्ता : प्रमोद कुमार




**मोतिहारी, एजेंसी**

आरा के जगदीशपुर में 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह की जयंती पर आयोजित विजयोत्सव कार्यक्रम को लेकर मोतिहारी जिले में भी तैयारी जोरों पर है। इसकी जानकारी देते हुए बिहार सरकार के गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम में मोतिहारी विधान सभा के पांच हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे साथ ही जिले के अन्य विधानसभाओ से भी बडी संख्या कार्यकर्ता आरा पहुंचकर इस कार्यक्रम मे भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 23 अप्रैल को सुबह 6 बजे शहर के चर्खा पार्क से लोग जगदीशपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। इस विजयोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित कहा कि बिहार मे स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगाने वाले 1857 क्रांति के अमर नायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती को लेकर लोगो मे भारी उत्साह है। बिहार के कोने कोने से भाजपा कार्यकर्ता स्वंयसेवी संस्था से जुडे लोगो के साथ और आम लोगों इस कार्यक्रम मे अपनी सहभागिता दे रहे है।

उन्होने कहा भले ही इस कार्यक्रम की सूत्रधार भाजपा है लेकिन यह कार्यक्रम गैर राजनीतिक है। भाजपा बिहार मे स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियो को सम्मान देकर राष्ट्रीय स्वाभिमान को जागृत करना चाह रही है। ऐसे मे इस कार्यक्रम में हर समुदाय और हर एक बिहारियों की सहभागिता अपेक्षित है।

**कार्यक्रम**

- इस कार्यक्रम की सूत्रधार भाजपा है लेकिन यह कार्यक्रम गैर राजनीतिक: प्रमोद कुमार

मंत्री श्री कुमार ने वीर कुंअर सिंह के संबंध में ब्रिटिश इतिहासकार होम्स को उद्धरित करते हुए कहा कि उस बूढ़े राजपूत ने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध अद्भुत वीरता और आन-बान के साथ लड़ाई लड़ी। यह गनीमत थी कि युद्ध के समय कुंवर सिंह की उम्र अस्सी के करीब थी। अगर वह जवान होते तो शायद अंग्रेजों को 1857 में ही भारत छोड़ना पड़ता। उन्होने कहा कि आजादी की अमृत महोत्सव के मद्देनजर बाबू कुंअर सिंह के विजयोत्सव में एक साथ तिरंगा लहराने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है। जिसकी तैयारी हर स्तर पर जोरो शोर से की जा रही है। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना व जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# गया: भीषण गर्मी में भी चौक-चौराहे पानी बिन सून




**गया, प्रात : किरण संवाददाता**

सैकड़ों साल के रिकॉर्ड ब्रेक प्रचंड भीषण गर्मी में स्थानीय प्रशासन एवं गया नगर निगम द्वारा चौक, चौराहे, बस स्टैंड, कोर्ट, कचहरी, सब्जी मार्केट,आदि स्थलों पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है, तथा गया नगर निगम द्वारा पूर्व से संचालित प्याऊ भी खराब एवम् सूखे पड़े है, जिसे आमजन को प्यास बुझाने हेतु पानी खरीद कर पीना ही एकमात्र विकल्प है। गया महानगर विकास संघर्ष समिति के संयोजक प्रो विजय कुमार मिठू, संरक्षक पूर्व सांसद रंजीत सिंह, पूर्व विधायक डॉ युगल किशोर प्रसाद, मो खान अली, शिव चरण डालमिया, दीपू लाल भैया, दामोदर गोस्वामी, राम प्रमोद सिंह, उदय शंकर पालित, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, असरफ इमाम, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, विनोद बनारसी, राजेश्वर पासवान, सतीश कुमार सिंह, विनोद कुमार विद्रोही अधिवक्ता, आदि ने कहा की इस प्रचंड भीषण गर्मी में चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास नगर निगम द्वारा स्थापित प्याऊ, गया एस पी ऑफिस के सामने का प्याऊ, तिलहा धर्मशाला, घुघरीताड़ बाईपास आदि कई स्थानों पर प्याऊ बंद है जिससे आम राहगीरों को प्यास बुझाने का स्थानीय प्रशासन या गया नगर निगम की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है। नेताओं ने कहा की 45 तापमान में आमजन बेहाल है, इसलिए सार्वजनिक स्थलों एवं मुख्य चौक चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था नितांत आवश्यक है। नेताओं ने स्थानीय प्रशासन, गया नगर निगम, समाजसेवी संस्थाओं, बड़े व्यवसायियों, उधोगपतित्यो से आग्रह किया है की गया शहर में जगह, जगह प्याऊ, पनशाला खोलने का काम करे ताकि इस भीषण गर्मी में आमजन को पेयजल की कोई कमी नहीं हो नेताओं ने विगत दो दिनों से गया प्रवास कर रहे केंद्रीय जल शक्ति मंत्री महोदय से भी सम्पूर्ण गया जिला में इस भीषण गर्मी में पेयजल की सही आकलन करवाने एवम् जहां, जहां पेयजल की समस्या हो वहां अविलंब पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

### भाजपा कार्यकर्ता नगर निगम द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करेगा

**गया।** भाजपा के वरीय नेता सह पूर्व विधान पार्षद कृष्ण कुमार सिंह उर्फ कुमार वाबू ने गया नगर निगम के द्वारा केंद्रीय योजनाओं के उद्घाटन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा किर माल महराज के और मिर्जा खेले होली रवाला कहावत चरितार्थ हो रहा है। गया शहर को ह्रदय योजना के अंतर्गत अनेकों विकास का कार्य शहर के अंतर्गत चल रहा है और कुछ पूरा भी हो चुका है। भारत सरकार गया शहर को सुंदर बनाने के लिए पैसों का आवंटन करती है, योजना शहरी निकायों को ही बनाना पड़ता है। शहरी निकाय के ही तकनीशियन कार्य को अंजाम देते हैं, लेकिन गया शहर के अंतर्गत केंद्र सरकार के द्वारा कराए गए कार्यों में भारत सरकार की उपस्थिति की जानकारी कहीं नहीं दी जा रही है।जो योजना का क्रियान्वयन भारत सरकार से हो रहा है उसमें भारत के प्रधानमंत्री का फोटो, योजना का नाम, प्राक्कलित राशि का उल्लेख कर बोर्ड लगाने का दिशा निर्देश जारी है, उसके वावजूद कहीं भी बोर्ड नहीं लगाया गया है। भारत सरकार के पैसे को अपनी निजी उपलब्धि बताकर गया शहर के लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है कि निगम के रहमो करम पर कार्य हो रहा है। कल यानि 21.4.2022को निगम अपना कार्येक्रम बनाने एवं भारत सरकार की योजना को अपने नाम पर दिखाने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करेंगे।स्वच्छता अभियान भी भारत सरकार का कार्य है उसमें स्वच्छता रैंकिंग में गया स्थान कहां है, सभी को मालूम है। गया नगर निगम, नरक निगम बन चुका है। महापौर, उप महापौर के रहमो करम पर निर्भर रहते हैं।

# दंत चिकित्सा शिविर में 100 बच्चों का कराया चेकअप

**गया, प्रात : किरण संवाददाता**

इनरव्हील क्लब आफ गया द्वारा मध्य विद्यालय धनावा में दो कार्यक्रम किए गए हैं। दांत हमारे शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है, उसकी देखभाल पर अक्सर लोग ध्यान नहीं देते हैं। क्लब द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी 100 बच्चों का डेंटल चेक अप करवाया गया। डेंटल चेकअप मनोरमा हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश कुमार सिंह द्वारा मुफ्त में किया गया। इस चेकअप में पाया गया कि बहुत सारे बच्चों को दांतों की देखभाल की विशेष जरूरत है उन्हें दांतो की स्थिति से अवगत कराया गया।स्कूल द्वारा उनके माता-पिता को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके लिए बच्चों को दवाऐ, माउथवॉश तथा पेस्ट भी दिया गया। बढ़ती हुई गर्मी के साथ स्कूल में बच्चों की उपस्थिति भी कम हो रही है। धूप से बचाव के लिए सभी बच्चों के बीच




छाता का वितरण भी किया गया इसका उपयोग वह इस भीषण गर्मी में तथा आने वाले बरसात के दिनों में भी स्कूल आने जाने के लिए कर सकते हैं। स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा वहां मिड डे मील बनाने वाली महिलाओं को भी छाता दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिन्हा क्लब को धन्यवाद दिया तथा शिक्षिका रीता रानी प्रसाद ने उम्मीद जताई कि इनरव्हील क्लब ऑफ गया द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आगे भी किए जाएंगे। अध्यक्षा ने डॉ राजेश कुमार सिंह के प्रति अपना आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की।

# सेनुवरिया में लगा स्वास्थ्य मेला लोगों को दी गई स्वास्थ्य सुविधा

**मझौलिया, प्रात : किरण संवाददाता**

गांवों तक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत महोत्सव कार्यक्रम तहत प्रखंड स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सेनुवरिया स्तिथ राजकीय मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने को लेकर 16 काउंटर लगाए गए थे। सभी काउंटरों पर लोगों की भीड़ रही।

उपमुख्यमंत्री प्रतिनिधि संदीप कुमार श्रीवास्तव,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। पीएचसी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में सभी प्रकार के रोगों का जांच और इलाज किया गया है। जांचोंपरांत जरुतर अनुसार दवा का



भी वितरण किया गया है। मेला में आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। वही सिविल सर्जन डॉ बीरेंद्र कुंर ने भी स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य मेले में चिकित्सीय परामर्श, महिला चिकित्सीय परामर्श, लेप्रोसी,फलेरिया,कोरोना टेस्ट,एनसीडी सहित अन्य सुविधा लोगोंकोदीगई। मौकेपर, डॉएसलाम, डॉ सुरेश कुमार,डॉ ओमप्रकाश, डॉ लुकमान,डॉ सुमित कुमार,बीसीएम बबिता कुमारी,लेखापाल सतीश कुमार,केएचपीटी की जिला लीड मेनका सिंह,सीसी डॉ घनश्याम, अनिल कुमार यादव,केयर इंडिया के बीएम वीरेंद्र कुमार,सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहें।

आकर्षक का केंद्र बना टीबी स्टॉल स्वास्थ्य मेले टीबी बीमारी को लेकर लगा स्टॉल आकर्षक का केंद्र बना रहा। केएचपीटी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगाये गए स्टॉल पर टीबी बीमारी की पहचान, जांच,इलाज और बचाव की जानकारी दी गयी। स्टाल पर टीबी बीमारी से मुक्ति को लेकर लगे शपथ बोर्ड पर मेले में आये लोगो ने अपना हस्ताक्षर भी किया। सबसे पहला हस्ताक्षर सिविल सर्जन डॉ वीरेन्द्र कुमार ने किया।इस दौरान केएचपीटी की जिला लीड मेनका सिंह,सीसी डॉ घनश्याम,अनिल कुमार यादव ने लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया।

# देशी लोडेड कट्टा व एक गोली के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता**

स्थानीय पुलिस ने बाटा चौक के समीप मंगलवार को दिन के तीन बजे जांच के दौरान दो युवक को एक देशी लोडेड कट्टा व एक गोली के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी बुधवार को देते हुए स्थानीय थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर शशिभूषण ठाकुर ने बताया कि थाना के पुअनी राजेश शर्मा व पुलिस जवानों के द्वारा शहर में गश्त लगायी जा रही थी।

इसके बाद करीब तीन बजे बाटा चौक के समीप वाहन जांच कार्य किया गया। इस दौरान दो युवक हुंडा साइन बीआर05अए 7192 से बाटा चौक के समीप पहुंचे। जो पुलिस को देख गाड़ी घूमाकर भागने का प्रयास किए. इस दौरान पुलिस के एक जवान के द्वारा दौड़कर पकड़ा गया व युवक की तलाशी ली गयी



तो एक युवक के पास से एक लोडेड देशी कट्टा व दूसरे के पास से एक जिंदा गोली बरामद हुयी है। इसके बाद पुलिस के द्वारा दोनों युवक को गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान शहर के बड़ा परेउवा निवासी नईम खान के पुत्र मुम्ताज खान व फैयाज खान के रूप में की गयी है। दोनों गिरफ्तार युवक को पुलिस आवश्यक पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की फरियाद सुनी गयी

**रक्सौल , प्रात : किरण संवाददाता**

बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत थाना परिसर में जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर चलाए जा रहे पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की फरियाद सुनी गयी. इस दौरान जिला पुलिस कप्तान डा. कुमार आशीष के द्वारा पूर्व में आवेदन दिए फरियादी उमेश साह, धनमतियां कुंअर, संध्या देवी, श्रीनिवास प्रसाद, दीपक कुमार गुप्ता, कमरूल ओदा, पारसनाथ सिंह, त्रिपुरारी साह, हेमा देवी, गोपी किशन सहित दर्जनों फरियादियों की सुनवाई पुलिस कप्तान डा. कुमार आशीष ने की. इस दौरान एसपी श्री आशीष ने मामले का त्वरित निष्पादन का निर्देश संबंधित थानाध्यक्षों को दिया।

इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को भी अपने कर्तव्य पर अटल रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर प्रभारी डीएसपी सतीश सुमन, रक्सौल थानाध्यक्ष




शशिभूषण ठाकुर, सुगौली इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह सहित अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे। नशा मुक्ति के लिए निकाली गयी बाइक रैली पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के पूर्व नशा मुक्ति अभियान की जागरूकता को लेकर स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों के द्वारा शहर में बाइक रैली निकाली गयी। बाइक रैली थाना परिसर से निकल कर मेन रोड, स्टेशन रोड, ब्लॉक रोड, कौड़िहार चौक, नहर चौक होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची। बाइक रैली के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया गया। वही एसपी श्री आशीष कुमार ने अपील किया कि एक एक आदमी को तीन तीन पेङ लगाना है।

# डॉ. रोहित रंजन शाही को मिला यूजीसी-डीएई सहयोगात्मक अनुसंधान अनुदान

**गया, प्रात : किरण संवाददाता**

असाधारण यांत्रिक गुणों के साथ उत्कृष्ट चुंबकीय सामग्री के विकास के लिए दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ० रोहित रंजन शाही को यूजीसी-डीएई सहयोगात्मक अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुआ है। डॉ० शाही की उपलब्धि पर सीयूएसबी के माननीय कुलपति प्रो० कामेश्वर नाथ सिंह और कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ-ही-साथ विभाग के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह तथा विभाग के अन्य प्राध्यापकों ने भी डॉ० शाही को बधाई दी है।

परियोजना के लिए अनुदान मिलने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ० शाही ने बताया कि इस परियोजना के तहत असाधारण यांत्रिक गुणों के साथ उत्कृष्ट चुंबकीय सामग्री

**उपलब्धि**

- उत्कृष्ट चुंबकीय सामग्री के विकास के लिए डॉ0 रोहित रंजन शाही को प्राप्त हुआ अनुदान
- सीयूएसबी के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और कुलसचिव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी

के लिए एक संयुक्त शोध अध्ययन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत हाई एन्ट्रॉपी एलॉयज के मैग्नेटिक बिहेवियर पर रिसर्च पर फोकस किया जाएगा।

विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ० शाही ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर के एडी करंट के नुकसान को कम करने के लिए नए सॉफ्ट मैग्नेटिक एलॉय की खोज की जाएगी। प्रत्येक विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में ट्रांसफॉर्मर का उपयोग किया जाता है, ट्रांसफॉर्मर के प्रदर्शन में कोई भी छोटा बदलाव डिवाइस की दक्षता को गुना में बढ़ा सकता है। इसके अलावा, अधिकांश वाणिज्यिक कोर मैग्नेट सिलिकॉन स्टील से बने होते हैं जो चीन और रूस से आयात किए जाते हैं। इस प्रकार यह परियोजना भारत सरकार की मेक-इन-इंडिया पहल को पूरा करने में सक्षम होगी।

इस सहयोगी परियोजना के तहत, सीयूएसबी में नॉवेल मल्टी-कंपोनेंट हाई एन्ट्रॉपी मैग्नेट का डिजाइन विकसित किया जाएगा और सभी विस्तृत चुंबकीय माप आईयूएसी इंदौर में किए जाएंगे। डॉ. शाही ने पिछले पांच वर्षों में बहु-घटक मिश्र धातुओं के चुंबकीय गुणों पर व्यापक कार्य किया और उनके पीएचडी छात्र ने चुंबकीय उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातुओं पर अपनी थीसिस पूरी की है जो इस परियोजना में काफी उपयोगी साबित होगी। डॉ० शाही ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पीएचडी छात्रों डॉ० राजेश मिश्रा, श्री अमित कुमार गुप्ता और सुश्री प्रियंका कुमारी की कड़ी मेहनत और अथक प्रयासों को दिया है।

# 307 के पूर्व के अभियुक्त सहित दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार



**मझौलिया, प्रात : किरण संवाददाता**

बुधवार के दिन समकालीन अभियान के तहत मझौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर पूर्व के 307 के प्राथमिकी अभियुक्त तथा दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोंपरांत न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया । इसकी जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी। उन्होंने बताया कि थाना कांड संख्या 151/ 2020 दिनांक 19/3/2020 धारा 341, 323, 324, 307,504, 34 भा.द.वी. के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक साह पिता स्वर्गीय रामेश्वर साह साकिन दूधा चतुरी वार्ड नं 4 तथा थाना कांड संख्या 190/2022 दिनांक 18/3/22 धारा 30(a) (d) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के प्राथमिकी अभियुक्त अखिलेश्वर माझी पिता रामजीत माझी व मोतीलाल माझी पिता स्वर्गीय बंगाली माझी दोनों साकिन महोदीपुर भट्ट टोला वार्ड नं 15 इन तीनो को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच उपरांत मझौलिया पुलिस ने न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया भेज दिया। इस छापेमारी दल में प्रशिक्षु दरोगा बसंत कुमार, राजीव कुमार सहित पुलिस बल शामिल थी।

### बरात में एक अनोखी पहल की शुरूआत

**योगापट्टी।** प्रखंड क्षेत्र के बहुअरवा पंचायत के वार्ड संख्या 11 मौजें मिश्रौली निवासी नारायण प्रसाद कुशवाहा के पुत्र मुकेश कुमार कुशवाहा की बरात सोमवार की शाम लौरिया प्रखंड के बसवरिया गांव निवासी राजा प्रसाद कुशवाहा के पुत्री अनिता कुमारी के यहां बारात पहुंचा। इस बरात में सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं ले जाकर वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिससे मुख्य अतिथि के रूप में बहुअरवा पंचायत के मुखिया पुत्र मोहम्मद अबुलैश एवं प्रशांत कुशवाहा तथा दिपू कुमार ने फिता काटकर इस खेल का शुभारंभ किया। इस बरात में इस अनोखी पहल को देखकर आस पास के गांवों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही इस खेल को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। एवं यह खेल काफी रोमांचक रहा। तथा मुख्य अतिथि के द्वारा सभी खिलाड़ियों को शिल्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित बहुअरवा पंचायत के मुखिया पुत्र मोहम्मद अबुलैश, बाबू धाम ट्रस्ट के डायरेक्टर प्रशांत कुमार कुशवाहा , राकेश प्रसाद कुशवाहा, अफजल अंसारी, दीपू कुमार, गुफरान अंसारी , कृष्णा कुमार ,आदि सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# 65वीं वाहिनी एसएसबी बेतिया के बल कर्मियों को बताया गया योग का महत्व

**बगहा, प्रात : किरण संवाददाता**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत बुधवार को 65 वीं वाहिनी स-शस्त्र सीमा बल बगहा के द्वारा वाहिनी के समस्त बल कर्मियों के द्वारा योग के बारे मे जानकारी के लिए किए गए कार्यक्रम मे भाग लिया गया। आरक्षी सामान्य योगा प्रशिक्षक अजय चौधरी के द्वारा सर्वप्रथम योग के उत्थान, इतिहास, इसके महत्व, विकास तथा इसके वर्तमान परिप्रेक्ष्य के संदर्भ मे विस्तार से बताया गया। आज के दौर मे हर मनुष्य के लिए योग कितना जरूरी है और क्यों जरूरी है यह बताया गया। अरविन्द कुमार चौधरी उप कमांडेंट 65वी वाहिनी ने संबोधित करते हुए






कहा कि योग केवल शरीर के लिए ही नहीं अपितु आत्मा और जीवन के लिए अति आवश्यक है। जिससे आज के परिवेश के चलते होने वाले बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखा जा सके। आज वैश्विक स्तर पर इसे बढ़ावा इस लिए दिया जा रहा है की योग हमारी अति प्राचीन परंपरा तथा एक दर्शन है और इसे विश्व के हर हिस्से मे पहुंचाने से मानव कल्याण के साथ साथ भारतवर्ष के योग गौरव को अक्षुण्य बनाया जा सके। उन्होने ने अपने दैनिक जीवन मे इसे शामिल करने के लिए समस्त उपस्थित बल कर्मियों से आह्वान किया।

इस अवसर पर अरविन्द कुमार चौधरी उप कमांडेंट, भावेश धनवंत सहायक कमांडेंट, जसवंत सिंह, सहायक कमांडेंट अधीनस्थ अधिकारी एवं सभी जवान उपस्थित रहे।

# टेंपू पर बिजली का तार गिरने से चमैनिया चौक पर दहशत

**योगापट्टी, प्रात : किरण संवाददाता**

थाना क्षेत्र के चमैनिया चौक पर उस समय दहशत का माहौल कायम हो गया जब अचानक सड़क से गुजर रहे एक टेम्पू पर बिजली का जर्जर तार टूटकर गिर पड़ा। हालांकि,घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बिजली विभाग को फोन कर तुरंत बिजली कटवाई गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चमैनिया मुख्य सड़क पर बिजली विभाग के खिलाफ 11 हजार का तार हाथ में लेकर प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीण राकेश शर्मा,हलिम मियां,विनोद गुप्ता,रोशन कुमार ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण पूरे चमैनिया चौक में जर्जर तार व पोल से बिजली दौड़ाई गई हैं। तार की जर्जरता के कारण चौक पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आज की घटना इसका संकेत है। कई बार आवेदन देने के बावजूद भी विभाग लापरवाह तरीके से चैन की नींद सो रहा है,जबकि आमलोग हर दिन डर के साये में जीने को विवश हैं। एक बड़ी घटना होने से बच गई। लोगों ने कहा कि एक सप्ताह में जर्जर तार व पोल नहीं बदले गए तो अनिश्चिकालीन मुख्य सड़क को पूरी तरह से जाम कर देंगे। बिजली विभाग के कनीय अभियंता रौशन कुमार ने कहा कि समस्या से विभाग को अवगत कराया गया है। जल्द ही जर्जर तार को बदलने की कवायद की जाएगी।

# रेड क्रॉस द्वारा 'फायर सेफ्टी' विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता**

रेड क्रॉस द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर राज्य संपोषित कन्या उ.मा. (+2) विद्यालय, बेतिया में 'फायर सेफ्टी' विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी व अन्य छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला रेड क्रॉस के प्रभारी चेयरमैन सैयद अब्दुल मजीद एवं सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने कहा कि जागरूकता और जानकारी से जीवन की कठिनाईयाँ कम हो जाती हैं।

अगलगी या अन्य आपदा से बचाव संबंधी सावधानी से अवगत होना आपके पाठ्यक्रम का हिस्सा होता है क्योंकि यह जीवन में आपके और



दूसरों के काम आता है। निर्णायक मंडल के सदस्य के रुप में आजीवन सदस्य लालबाबू प्रसाद, बिहारी लाल प्रसाद उर्फ लाल दरोगा महतो व पूनम झुनझुनवाला ने प्रतियोगिता का निर्णय किया।


इनके निर्णय के अनुसार दिव्यांशी शर्मा ने प्रथम, खुशी कुमारी ने द्वितीय, आजरा तबस्सुम व नीतू कुमारी ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिया गया। प्राचार्य डॉ. फिरदौस बानो ने रेड क्रॉस के पदाधिकारियों व सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजक आजीवन सदस्य व एनसीसी अधिकारी शमीम आरा ने इस आयोजन के लिए साधुवाद दिया।

# राजनीतिक एजेंडे में ढलती कश्मीर फाइल्स

कश्मीर फाइल्स फिल्म के चौतरफा विवाद, प्रचार और घोर राजनीतिकरण ने यह साबित कर दिया है कि सिनेमा जैसे मास मीडिया को किस प्रकार राजनीतिक हित साधने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। निश्चित रूप से कश्मीरी पंडितों का पलायन, यातना, नरसंहार, शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न से समस्त 130 करोड़ भारतवासियों का दिल द्रवित होना चाहिए था। 32 साल पहले के घटनाक्रम ने साढ़े तीन लाख से ज्यादा कश्मीरी पंडितों को कश्मीर घाटी से अपना घर-बार जमीन जायदाद छोड़कर जम्मू और देश के दीगर इलाकों में शरणार्थियों की तरह दर-दर भटकने को बाध्य होना पड़ा था। फिल्म पर चर्चा से पूर्व यह जानना आवश्यक है कि 1990 से लेकर 2022 तक यानी 32 सालों में कांग्रेस और भाजपा सरकारें केंद्र में सत्तारूढ़ रहीं, लेकिन कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। यह हमारे राजनेताओं की असंवेदनशीलता, चुनौतीपूर्ण मुद्दों और समस्याओं से किनाराकशी व अल्पसंख्यकों के प्रति छद्म संवेदना व सहानुभूति का परिचायक है। यहां तक कि इस दौरान कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधिमंडल आरएसएस व भाजपा के नेताओं से मिलकर भी गुहार लगाते रहे, लेकिन हिंदुत्व का ढोल पीटने वाले संगठन कभी भी कश्मीरी पंडितों के पक्ष में खड़े नहीं दिखाई दिए। यहां तक कि 2014 में भाजपा के केंद्र में सत्ता प्राप्त करने और करीब अढ़ाई साल पहले 370 धारा हटाने के बाद भी कश्मीरी पंडितों को उनके घर, जमीन, बाग-बगीचे वापस दिलाने या उनके लिए कॉलोनियां बसाने, उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के प्रयास धीमी गति के समाचार हैं। केंद्र सरकार ने बजट में 500 करोड़ का प्रावधान किया था ताकि कश्मीरी पंडित पुनः घाटी में लौट सकें, लेकिन सरकार केवल पंडितों के प्रति कोरी व खोखली सहानुभूति का नाटक कर उनकी भावनाओं से खेलती रही है। कश्मीर फाइल्स फिल्म ने भी यही किया है। जख्म जो शायद भर चुके हैं, उन्हें कुरेदने का काम बार-बार अनुपम खेर व विवेक अग्निहोत्री कर रहे हैं। फिल्म के विषय से किसी को भी विरोध नहीं होना चाहिए, किसी भी फिल्म को उसकी थीम, कंटेंट, ट्रीटमेंट अथवा सामाजिक संदेश के आधार पर मूल्यांकन या वो दर्शक कर सकते हैं या फिर फिल्म क्रिटिक। यह अत्यंत दुःखद है कि कश्मीर फाइल्स को हिंदू-मुस्लिम एकता की दीवार को ध्वस्त करने और वैमनस्य को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है। इतिहास साक्षी है कि कश्मीर में 400 साल से हिंदू और मुस्लिम सौहार्दपूर्ण वातावरण में रह रहे थे। मगर 1985-86 के बाद अलगाववाद व आतंकवाद की गहरी होती जड़ों ने मुसलमानों व कश्मीरी पंडितों में गंगा-जमुनी तहजीब को तहस-नहस कर डाला। नतीजा पंडितों का पलायन। अगर 1990 में वीपी सिंह सरकार मुफ्ती मोहम्मद सैयद की बेटी साबिया की रिहाई के बदले आतंकवादियों को मुक्त न करती तो शायद उग्रवादियों के हौसले बुलंद न होते। किंतु जिस प्रकार प्रधानमंत्री, भाजपा और आरएसएस ने कश्मीर फाइल्स के बहाने इस ज्वलंत मुद्दे को हॉइजैक कर लिया है, उससे स्पष्ट है कि फिल्म का मूल संदेश, उद्देश्य व सरोकार नेपथ्य में धकेल दिए गए हैं और ध्रुवीकरण का एजेंडा फिल्म पर हावी हो गया है। हर वक्त मीडिया चैनलों में छाए रहने वाले अनुपम खेर और विवेक अग्निहोत्री या फिल्म की थीम ने फिल्म के प्रोमोशन के लिए कश्मीरी पंडितों की संवेदनाओं, जख्मों व उनके दुःख को भुनाने का प्रयास किया है ताकि वे फिल्म की तथाकथित लोकप्रियता से बाक्स ऑफिस पर करोड़ों बटोर सके। फिल्म निर्देशक या निमार्ता, फाइनैंसर या डिस्ट्रीब्यूटर को इस बात से सर्वथा कोई सरोकार नहीं है कि कश्मीर फाइल्स फिल्म कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के लिए मार्ग को प्रशस्त कर रही है अथवा नहीं। अपने बेशुमार साक्षात्कारों में विवेक अग्निहोत्री ने कभी इस बात का जिक्र तक नहीं किया कि सरकार को कश्मीरी पंडितों की घर वापसी के लिए कारगर व ठोस प्रयास करने चाहिए। राजनीतिक दल सिनेमा जैसे सशक्त माध्यम का इस्तेमाल अपना हित साधने और एजेंडा को धरातल पर उतरते हुए देखने के लिए मयार्दा की सारी सीमाएं लांघ सकते हैं। अगर ये प्रयास जनहित में हों, देश प्रेम के लिए हों या राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए हों, तो इसका हमेशा स्वागत ही हुआ है। नेहरू ने 1962 में भारत-चीन युद्ध के पश्चात हकीकत शहीद जैसी फिल्मों के निर्माण के लिए फिल्म निमार्ताओं को प्रेरित किया था तो लाल बहादुर शास्त्री ने मनोज कुमार को उपकार जैसी फिल्म बनाने के लिए प्रोत्साहित किया था। लेकिन भाजपा काल में ही मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री काल को लेकर एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर जैसे फिल्में बनी। फिल्मों का निर्माण अगर राजनीतिक हित साधने के लिए हो तो उसका कला पक्ष गौण हो जाता है। इसी प्रकार कश्मीर फाइल्स के नेपथ्य में छिपा सच कितना भी प्रासंगिक या सौद्देश्यपूर्ण क्यों न हो, उसका भगवाकरण इस संदेह को जन्म देता है कि जिस फिल्म की तारीफ में प्रधानमंत्री दीवानगी की हदें पार कर चुके हों, उसके पीछे की वास्तविकता रिक्शेवाले या रहेड़ीवाले को भी समझ आती है। यह प्रश्न भी गौऱतलब है कि हमारे कुछ फिल्म निमार्ता राजनेताओं या राजनीतिक दलों को खुश करने या उनका पूर्व निर्धारित आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए ही क्यों करते हैं। फिल्म निमार्ता, निर्देशक, कलाकार या लेखक राजनेताओं के हाथों की कठपुतलियां बन जाएं तो उनकी प्रतिभा को ग्रहण लगना लाजमी है। 2014 से पूर्व अनुपम खेर ने कभी भी कश्मीरी पंडितों का मुद्दा नहीं उठाया। उनकी बीवी किरण खेर भाजपा की सांसद बनीं तो मोदी के गीत गाने लगे। यहां तक कि देश में बढ़ती असहिष्णुता को लेकर फिल्म निमार्ताओं ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी तो अनुपम खेर अपनी ही बिरादरी का विरोध करने के लिए नौटंकी लेकर दिल्ली की सड़कों पर उतर आए। लेखक व कलाकारों को निष्पक्ष या निर्भीक रहकर फिल्में बनानी चाहिए। संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

# बोध

सीमा अग्रवाल, वाराणसी



लघुता भी मेरी गगन की, दीर्घता पर भारी है
शून्य के उर में पुलक के, जन्म की तैयारी है'
रिक्तता में खो ना दे अस्तित्व, यह ब्रह्मांड सारा
बांहें खोले काल के, सम्मुख खड़ी एक नारी है'
हो पोसते पांचों विकारों को, जो मन के गर्भ में
जरा फूंककर रखना कदम, पांव तुम्हारे भारी हैं
तरल भू पर लाज की, बीज बोए वसना के
अब काटो फल विध्वंस के, अंतिम तुम्हारी पारी है'
अश्रुजल से प्रज्वलित, अखंड दीपक की प्रभा का
प्रलय की आंधी से रण, चिर निरंतर जारी है'

# आरंभ

सीमा अग्रवाल, वाराणसी

होने को आरंभ नव का, पूरा का मिटना अटल है
ले खड़ा हाथों में अपने, प्रलय अविरल गंगाजल है
भय किसे अब चेतना सप्राण कि निष्प्राण हो
ध्येय स्वयं से स्वयं तक,अब प्रश्न क्या निर्वाण का?
यह क्षण है नव-निर्माण का...
व्योम के ओर का छोर मेरा ह्रदय मंडल
सहज कब चैतन्य मीन को मनु नरेश का लघु कमंडल
है वह गर्भा गर्भ में सृजन है यदि तो विनाश भी
हे मनुज कच्चा बहुत अनुभव तेरे अनुमान का
यह क्षण है नव-निर्माण का...
घन के तन से ले जनम,जब बूंद सिंधु गोद आती
स्वयं को मिटा वो लघु कण
वृहद सागर में समाती
तब करने को रक्षण, समाहित अपने ही अस्तित्व में
बनता विराट साक्ष्य स्वयं उस बूंद के प्रमाण का
यह क्षण है नव-निर्माण का...

# चिंता का कारण बनते निरन्तर होते रेल हादसे

**इस रेल दुर्घटना के 15 घंटे बाद इस रूट पर रेल सेवा पूरी तरह बहाल की जा सकी। पिछले करीब तीन महीने से एक के बाद एक होती रेल दुर्घटनाओं से रेलवे के सुरक्षा प्रबंधों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हालांकि 13 जनवरी को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के दोमोहानी इलाके में हुई भीषण रेल दुर्घटना के बाद इतनी बड़ी दुर्घटना तो नहीं हुई है लेकिन लगातार हो रही छोटी रेल दुर्घटनाओं की अनदेखी करना भी उचित नहीं होगा क्योंकि ये दुर्घटनाएं भी यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि भारतीय रेल प्रणाली में सब कुछ दुरूस्त नहीं है। ऐसे हर छोटे-बड़े हादसों में रेल तंत्र की लापरवाही स्पष्ट उजागर होती रही है। अगर हाल के दिनों की कुछ रेल दुर्घटनाओं पर नजर डालें तो 3 अप्रैल को महाराष्ट्र में नासिक के निकट जयनगर एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उसी दिन जोगबनी से कटिहार जा रही डीएमयू का एक्सल टूट जाने से बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। 2 अप्रैल को महाराष्ट्र के दौलताबाद स्टेशन के निकट मालगाड़ी के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए।**





**योगेश कुमार गोयल**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

15 अप्रैल की रात एक और बड़ी रेल दुर्घटना हुई, जब मध्य रेलवे के माटुंगा-दादर के बीच दादर से पुड्डुचेरी जाने वाली दादर पुड्डुचेरी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे और उसी समय गडग एक्सप्रेस भी इस ट्रेन से टकराते-टकराते बची थी। इस रेल दुर्घटना के 15 घंटे बाद इस रूट पर रेल सेवा पूरी तरह बहाल की जा सकी। पिछले करीब तीन महीने से एक के बाद एक होती रेल दुर्घटनाओं से रेलवे के सुरक्षा प्रबंधों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हालांकि 13 जनवरी को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के दोमोहानी इलाके में हुई भीषण रेल दुर्घटना के बाद इतनी बड़ी दुर्घटना तो नहीं हुई है लेकिन लगातार हो रही छोटी रेल दुर्घटनाओं की अनदेखी करना भी उचित नहीं होगा क्योंकि ये दुर्घटनाएं भी यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि भारतीय रेल प्रणाली में सब कुछ दुरूस्त नहीं है। ऐसे हर छोटे-बड़े हादसों में रेल तंत्र की लापरवाही स्पष्ट उजागर होती रही है। अगर हाल के दिनों की कुछ रेल दुर्घटनाओं पर नजर डालें तो 3 अप्रैल को महाराष्ट्र में नासिक के निकट जयनगर एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उसी दिन जोगबनी से कटिहार जा रही डीएमयू का एक्सल टूट जाने से बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। 2 अप्रैल को महाराष्ट्र के दौलताबाद स्टेशन के निकट मालगाड़ी के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। 31 मार्च को एटा से आगरा जा रही रेलगाड़ी बड़ी दुर्घटना का शिकार होते-होते टली, दरअसल आगे पटरी टूटी थी और एक श्रमिक महिला ने अपनी लाल साड़ी उतारकर रेल पटरी के बीचों-बीच साड़ी लहराकर चालक को सचेत किया। 28 मार्च को छत्तीसगढ़ के जामगांव रेलवे स्टेशन के निकट एक ही पटरी पर दो मालगाड़ियां आ जाने से उनकी टक्कर हो गई। 5 मार्च को सहारनपुर से दिल्ली आ रही पैसेंजर ट्रेन में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया था। उससे पहले बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर खड़ी स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस की कुछ बोगियों में भी 19 फरवरी की सुबह एकाएक आग लग गई थी। लापरवाही के चलते लगातार हो रहे ऐसे रेल हादसों की बहुत लंबी फेहरिस्त है लेकिन चिंता की बात यह है कि लगातार होते ऐसे हादसों से कोई सबक नहीं लिए जाते। जब भी बड़ा रेल हादसा घटित होता है तो रेलवे द्वारा भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का रटा-रटाया जवाब सुनने को मिलता है लेकिन थोड़े ही समय बाद जब फिर कोई रेल हादसा सामने आता है तो रेल तंत्र के ऐसे दावों की कलई खुल जाती है। ऐसे रेल हादसों के बाद प्रायः जांच के नाम पर कुछ रेल कर्मचारियों व अधिकारियों पर गाज गिरती है किन्तु समूचा रेल तंत्र उसी पुराने ढ़र्रे पर रेंगता रहता है। हर रेल हादसे के बाद हादसे के कारणों को लेकर तरह-तरह की बातें कही-सुनी जाती हैं। कभी रेलकर्मियों की लापरवाही की बात सामने आती है तो कभी कहा जाता है कि बाहरी ताकतों ने इसे अंजाम दिया। हर दुर्घटना के बाद जांच के आदेश दिए जाते हैं और जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाती है किन्तु समिति की रिपोर्ट फाइलों में दबकर रह जाती है। यही कारण है कि किसी भी हादसे में कभी पता नहीं चलता कि हादसे में वास्तविक दोषी कौन था? रेल दुर्घटनाओं के मामले में भारतीय रेलों की क्या दशा है, इसका अनुमान रेल मंत्रालय के ही इन आंकड़ों से लगाया जा सकता है कि 2019 से पहले के साढ़े चार वर्षों में 350 से भी अधिक छोटे-बड़े हादसे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 में जहां 135 रेल हादसे हुए, वहीं 2015-16 में 107 और 2016-17 में 104 रेल हादसे सामने आए। तत्कालीन रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने संसद में बताया था कि 2012 से 2017 के बीच पांच वर्षों में देश में 586 रेल हादसे हुए, जिनमें 308 बार ट्रेनें पटरी से उतरी और उन हादसों में 1011 लोग मारे गए, जिनमें पटरी से उतरने वाली ट्रेनों ने ही 347 जानें ली। रेलवे सेफ्टी और यात्री सुरक्षा से जुड़े एक सवाल के जवाब में संसद में बताया गया था कि रेल हादसों की बड़ी वजह रेलवे स्टाफ की नाकामी, सड़क पर चलने वाली गाड़ियां, मशीनों की खराबी और तोड़-फोड़ रही। 2014-15 के 135 रेल हादसों में 60, 2015-16 में हुए 107 हादसों में 55 और 2016-17 में 30 नवम्बर 2016 तक के 85 हादसों में से 56 दुर्घटनाएं रेलवे स्टाफ की नाकामी या लापरवाही के चलते हुई। तत्कालीन रेलमंत्री सुरेश प्रभु द्वारा 2016-17 के रेल बजट में रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिए मिशन जीरो एक्सीडेंट नामक एक विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद रेल दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित पटरी नवीनीकरण, अल्ट्रासोनिक रेल पहचान प्रणाली तथा प्राथमिकता के आधार पर मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग खत्म किए जाने जैसे विभिन्न सुरक्षा उपायों पर कार्य शुरू किया गया था किन्तु ये कार्य बहुत धीमी गति से जारी हैं। हालांकि ट्रेनों की आपस में टक्कर से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कवच नामक सुरक्षा प्रणाली का उपयोग शुरू हो चुका है और धीरे-धीरे इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है लेकिन तमाम छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। रेल दुर्घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाने का बहुत बड़ा कारण है रेल पटरियों की जर्जर हालत, जिन पर सरपट दौड़ती रेलें कब किस जगह बड़े हादसे का शिकार हो जाएं, कहना मुश्किल है। एक तरफ जहां बूढ़ी हो चुकी जर्जर पटरियों पर जवान ट्रेनें सरपट दौड़ रही हैं, वहीं देशभर में लगभग सभी स्थानों पर पटरियां अपनी क्षमता से कई गुना ज्यादा बोझ ढ़ो रही हैं। रेलवे ट्रैकों पर बोझ लगातार बढ़ रहा है। भारतीय रेलवे के कुल 1219 रेलखंडों में से करीब 40 फीसदी पर ट्रेनों का जरूरत से ज्यादा बोझ है। एक रिपोर्ट के मुताबकि 247 रेलखंडों में से करीब 65 फीसदी तो अपनी क्षमता से 100 फीसदी से भी अधिक बोझ ढ़ोने को मजबूर हैं और कुछ रेलखंडों में पटरियों की कुल क्षमता से 220 फीसदी तक ज्यादा ट्रेनों को चलाया जाता रहा है। इस वजह से भी अनेक वीभत्स हादसे होने के बाद भी रेल तंत्र इस ओर से आंखें मूंदे रहा है। रेलवे की स्थायी समिति द्वारा अपनी सुरक्षा रिपोर्ट में स्पष्ट किया जा चुका है कि वर्ष 1950 से 2016 के बीच दैनिक रेल यात्रियों में जहां 1344 फीसदी की वृद्धि हुई, वहीं माल ढुलाई में 1642 फीसदी की बढ़ोतरी हुई लेकिन इसके विपरीत रेलवे ट्रैक का विस्तार महज 23 फीसदी ही हो सका। वर्ष 2000 से 2016 के बीच दैनिक यात्री ट्रेनों की संख्या में भी करीब 23 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यात्री रेलों के अलावा मालगाड़ियों की भी बात करें तो अधिकांश मालगाड़ियां भी ट्रैकों पर उनकी क्षमता से कहीं अधिक भार लिए दौड़ रही हैं। रेल नियमावली के अनुमार मौजूदा ट्रैक पर 4800 से 5000 टन भार की मालगाड़ियां ही चलाई जा सकती हैं लेकिन पिछले कई वर्षों से सभी ट्रैकों पर 5200 से 5500 टन भार के साथ मालगाड़ियां दौड़ रही हैं। हालांकि कैग की एक रिपोर्ट में ओवरलोडेड मालगाड़ियों के परिचालन पर आपत्ति जताते हुए उन पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया था किन्तु कमाई के फेर में रेलवे द्वारा कैग के इन महत्वपूर्ण सुझावों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया।

# परीक्षा का तनाव और विद्यार्थी

**हर व्यक्ति की तनाव झेलने की क्षमता अलग होती है और हर व्यक्ति इसके लिए अलग तरह से रिएक्ट करता है। हालांकि कई बार छात्रों के लिए परीक्षा के इस तनाव को झेलना बेहद मुश्किल हो जाता है। परीक्षा में तनाव के कई कारण हो सकते हैं जैसे बहुत सारा सिलेबस याद करना होता है, परीक्षा में आने वाले सवालों को लेकर हमेशा अनिश्चितता बनी रहती है। तनाव की यह सीमा कई बार सामान्य से ज्यादा भी होती है। ऐसे में घबराने या डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि इस तनाव का सामना करने की जरूरत है। परीक्षा के अलावा प्रदर्शन की अपेक्षाएं, समय सीमा, कार्यभार आदि जैसे कारक तनाव को प्रेरित कर सकते हैं। परीक्षा का तनाव कई तरीकों से छात्रों को प्रभावित करता है। यह छात्रों को परीक्षा के दौरान पढ़ाई करने और तैयारी करने से रोकता है। विद्यार्थी को अध्ययन के दौरान अपने विषय पर ध्यान केंद्रित करना कठिन लगता है और वे पुस्तकों को छोड़ भी सकते हैं। यह अच्छी तरह से तैयार छात्र को भी प्रभावित करता है।**





**डा. वरिंदर भाटिया**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

इस समय अनेक राज्यों में स्कूल बोर्ड परीक्षा शुरू हो चुकी है। छात्रों के लिए परीक्षा का समय काफी तनावपूर्ण होता है। बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रों को तनाव होना आम बात है, लेकिन कई बार यह तनाव छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को भी हो जाता है। परीक्षा को लेकर तनाव और घबराहट होना आम बात है। हर व्यक्ति की तनाव झेलने की क्षमता अलग होती है और हर व्यक्ति इसके लिए अलग तरह से रिएक्ट करता है। हालांकि कई बार छात्रों के लिए परीक्षा के इस तनाव को झेलना बेहद मुश्किल हो जाता है। परीक्षा में तनाव के कई कारण हो सकते हैं जैसे बहुत सारा सिलेबस याद करना होता है, परीक्षा में आने वाले सवालों को लेकर हमेशा अनिश्चितता बनी रहती है। तनाव की यह सीमा कई बार सामान्य से ज्यादा भी होती है। ऐसे में घबराने या डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि इस तनाव का सामना करने की जरूरत है। परीक्षा के अलावा प्रदर्शन की अपेक्षाएं, समय सीमा, कार्यभार आदि जैसे कारक तनाव को प्रेरित कर सकते हैं। परीक्षा का तनाव कई तरीकों से छात्रों को प्रभावित करता है। यह छात्रों को परीक्षा के दौरान पढ़ाई करने और तैयारी करने से रोकता है। विद्यार्थी को अध्ययन के दौरान अपने विषय पर ध्यान केंद्रित करना कठिन लगता है और वे पुस्तकों को छोड़ भी सकते हैं। यह अच्छी तरह से तैयार छात्र को भी प्रभावित करता है। जिन छात्रों ने अच्छी तैयारी की है और उन्हें अपने पाठ्यक्रम को दोहराने की आवश्यकता है, वे भी परीक्षा-तनाव से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकते हैं। गंभीर परीक्षा के तनाव से स्वास्थ्य संबंधी छोटी-छोटी समस्याएं यानी सिरदर्द, बुखार, उल्टी, दस्त हो सकते हैं। परीक्षा हॉल में पेपर लिखते समय तनाव परीक्षा में छात्रों के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित करता है। वे पेपर में सवाल का जवाब देने के बारे में सब कुछ भूल सकते हैं। हो सकता है कि वे प्रश्न के उत्तर देने में सक्षम न हों क्योंकि वे तनाव के कारण पेपर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते हैं। परीक्षा का तनाव परीक्षा में आपके स्कोर को कम करता है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए कुछ उपाय हैं जिन्हें अपनाकर छात्र परीक्षा संबंधी तनाव को कम कर सकते हैं। सबसे पहले तनाव को हराने के लिए जरूरी है कि छात्र अपने स्कूल की पढ़ाई, असाइनमेंट और कोर्सवर्क में टॉप में रहें। उन्हें पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और आगामी परीक्षा नहीं होने पर भी अध्ययन के समय को अपने दैनिक कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए। उनका उचित अध्ययन कार्यक्रम होना चाहिए और उन्हें उसका पालन करना चाहिए। पढ़ाई के साथ अप-टू-डेट रहने से छात्रों को तनावमुक्त तरीके से सीखने में मदद मिलेगी। छात्रों को यह भी सीखना चाहिए कि समय का सही प्रबंधन कैसे करें। तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए उन्हें समय प्रबंधन तकनीकों को अपनाना चाहिए। बहुत से छात्र अपनी पढ़ाई, शैक्षणिक कार्य या अन्य गतिविधियों में विलंब करते हैं जिससे काम का ढेर लग जाता है और उन पर बोझ व तनाव बढ़ जाता है। इसलिए अनावश्यक तनाव से बचने को सभी काम समय पर पूरे करने चाहिए। छात्रों को तनाव से दूर रहने के लिए मेडिटेशन करना चाहिए। इससे उनका फोकस बढ़ता है और वे किसी काम को बिना तनाव के आराम से पूरा कर सकते हैं। वे चाहें तो अपनी मनपसंद हॉबी के लिए कुछ समय निकाल कर तनावमुक्त रह सकते हैं। छात्रों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे एक स्वस्थ दिनचर्या का पालन कर रहे हैं। उन्हें तनाव कम करने के लिए पर्याप्त आराम मिलना चाहिए। हर दिन कम से कम 6-7 घंटे सोना चाहिए। स्वस्थ भोजन करना और जितना हो सके जंक फूड से दूर रहें। पढ़ाई के दौरान यदि आप ज्यादा तनाव महसूस करते हैं तो आपको ऐसे व्यक्ति से बात करनी चाहिए जिस पर आप तनाव को दूर करने के लिए भरोसा करते हैं। अंदर ही अंदर तनाव विकसित करने से अच्छा है कि आप अपने विचारों को बाहर आने दें। कभी-कभी परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताना तनाव के स्तर को कम करने में मददगार होता है। समय के अनुसार पढ़ना शुरू करें और बीच-बीच में ब्रेक लें। टाइम टेबल के अनुसार पढ़ें। हर एक-दो घंटे बाद दस मिनट का ब्रेक लें। ग्रुप में पढ़ें, ग्रुप में पढ़ने के बहुत से फायदे होते हैं। अगर आपके सवाल या समस्याएं हैं तो आप एक दूसरे के साथ इन्हें हल कर सकते हैं। अपने कमजोर अध्यायों पर ध्यान दें। नोट्स बनाकर एक-दूसरे के साथ शेयर करें। जब आप पढ़ने के लिए तैयार हों, टाइम टेबल बनाकर पढ़ना शुरू करें। ध्यान रखें हर विषय पर अलग तरह से ध्यान देने की जरूरत होती है। कई बार तनाव होने के कुछ ऐसे कारण होते हैं जिनका आपकी असल जिंदगी से कुछ लेना-देना नहीं होता है। आप ऐसे कारणों को पहचानें। कई बार निगेटिव सोच आपको तनाव में डाल देती है। ऐसे में आपको निगेटिव से ध्यान हटाकर पॉजिटिव सोचना है। जिस तरह निगेटिव सोच आपके आने वाले समय को निगेटिव कर देती है, उसी तरह सकारात्मक सोच आपके आने वाले समय को पॉजिटिव एनर्जी से भर देगी। परीक्षा खराब होगी, यह सोचने से अच्छा है कि यह सोचें कि मेरी परीक्षा बहुत अच्छी जाएगी और मेरे बहुत अच्छे अंक आएंगे। केवल ऐसा सोचना भर ही आपके अंदर आत्म-विश्वास पैदा कर देगा। तनाव हमेशा निराशावाद का उत्पाद है। जब आप चीजों के नकारात्मक पक्ष पर सोचते हैं तो आप अपने आपको अध्ययन के अधिक अधीन करते हैं। अपने परीक्षा तनाव को दूर करने के लिए आपको अपनी परीक्षा के बारे में आशावादी होना चाहिए। इसका मतलब है कि अपनी परीक्षा में सफलता के बारे में सोचें। परीक्षा में असफलता के नकारात्मक विचारों के बारे में कभी न सोचें जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा का तनाव होता है। आप यह सोचकर खुद को प्रोत्साहित कर सकते हैं कि आप एक अच्छे छात्र हैं और आसानी से परीक्षा में अच्छा स्कोर करेंगे। परीक्षा के दिनों में अधिकांश छात्र अपने दोस्तों को कॉल या मैसेज करते हैं और उनसे परीक्षा के लिए उनकी तैयारी की स्थिति के बारे में पूछते हैं। जब कभी आपको पता चलता है कि आपके दोस्त ने बहुत तैयारी की है और आपने अभी तक कुछ नहीं किया है, तो यह एक चिंता का विषय बन जाता है। यदि आपको पता चलता है कि आपने अपने मित्र की तुलना में बहुत कम तैयारी की है तो यह आपके भीतर समय पर पढ़ाई पूरी न करने का डर पैदा करेगा। आपको केवल उस समय के बारे में सोचना चाहिए जो आपने अपने पढ़ाई के समय में उचित उपयोग किया था और उस समय के बारे में कभी नहीं सोचें जो आपने बर्बाद किया था। परीक्षा के दिनों के दौरान छात्र उन दिनों और समय को कभी याद न करें जिन्हें आपने अपने पूरे शैक्षणिक सत्र में बर्बाद किया था। यह आपको परीक्षा में अधिक तनाव देगा। अब इसके बारे में सोचने का कोई फायदा नहीं है। तनाव कम करने के लिए छात्र उन दिनों को याद करने की कोशिश करें जिनमें आपने अपनी पुस्तकों का अध्ययन किया है। यह आपको प्रोत्साहित करेगा और आपका आत्म-विश्वास बढ़ाएगा कि आपने अभी तक परीक्षा में अच्छा करने के लिए बहुत कुछ सीखा है। अंत में परीक्षा टाइम में छात्र कभी भी मानसिक दबाव न लें और अपने आप पर भी यकीन रखें कि आप बेहतर करोगे और आपने जो कुछ पढ़ा है, वो आपके लिए काफी है।

# सेना प्रमुख की चुनौतियां

**सिद्धार्थ शंकर**

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे देश के अगले थल सेना प्रमुख होंगे। केंद्र सरकार ने नए सेनाध्यक्ष के तौर पर उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। वह इसी महीने 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की जगह एक मई को भारतीय सेना की कमान संभालेंगे। कई विशेष सैन्य आपरेशनों में हिस्सा ले चुके लेफ्टिनेंट जनरल पांडे इस समय देश के उप सेना प्रमुख हैं। सरकार ने नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति में इस बार वरिष्ठता की कसौटी का पालन करना मुनासिब समझा है और लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे वर्तमान शीर्षस्थ अधिकारियों में सबसे वरिष्ठ हैं। खास बात यह भी है कि वह सेना प्रमुख के पद पर पहुंचने वाले कार्प्स आफ इंजीनियर ब्रांच के पहले अफसर हैं। उप सेना प्रमुख बनने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल पांडे पूर्वी कमान के कमांडिंग आफिसर और अंडमान-निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ का पद भी संभाल चुके हैं। सेना के काबिल अफसरों में शुमार किए जाने वाले पांडे सेना में अपनी सेवाओं के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल आदि से सम्मानित किए जा चुके हैं। पांडे ने नेशनल डिफेंस एकेडमी और इंडियन मिलिट्री एकेडमी के जरिये 1982 में कार्प्स आफ इंजीनियर में बतौर सेना अधिकारी कमीशन हासिल किया था। वह ब्रिटेन के कैमबर्ले के स्टाफ कालेज का भी हिस्सा रहे और संयुक्त राष्ट्र के कई शांति मिशनों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने संसद पर हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर आपरेशन पराक्रम में तैनाती के दौरान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर 117 इंजीनियर रेजिमेंट का नेतृत्व भी किया था। इसके बाद आर्मी वार कालेज महू से हायर कमांड कोर्स पूरा किया और मेजर जनरल बनने के बाद पश्चिमी लद्दाख में ऊंचाई वाले अभियानों में शामिल आठ माउंटेन डिवीजन की कमान संभाली। फिर सेना मुख्यालय में सैन्य अभियान निदेशालय में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के रूप में काम किया। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ऐसे समय देश के सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे जब बीते दो साल से पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर चल रही सैन्य जटिलताएं अभी भी बनी हुई हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के आने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के नए खतरों की आशंकाएं कायम हैं तो मौजूदा रूस-यूक्रेन युद्ध के परिप्रेक्ष्य में नई तरह की सामरिक चुनौतियों से रूबरू होना पड़ेगा। इनके बीच सेना का आधुनिकीकरण और जरूरी अस्त्र-शस्त्रों की यथाशीघ्र आपूर्ति नए सेना प्रमुख के लिए सबसे अहम होगी। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे के सेनाध्यक्ष बनने के बाद तीनों सेना प्रमुख एनडीए के 61वें बैच के होंगे। वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल हरि कुमार उसी बैच के हैं। घर में सैन्य पृष्ठभूमि न होने के बावजूद उनके सेना में जाने की कहानी बेहद दिलचस्प है। पांडे परिवार शहर से दूर नागपुर यूनिवर्सिटी कैंपस में रहता था। उनके घर के आसपास कोई बड़ा स्कूल नहीं था। हालांकि, घर से कुछ दूरी पर वायु सेना नगर में एक केंद्रीय विद्यालय था, लेकिन उसमें बाहरी स्टूडेंट्स के लिए कोई प्रवेश नहीं था। उनके पिता डॉ. पांडे ने वायु सेना के अधिकारियों से मनोज को स्कूल में दाखिला देने के लिए अनुरोध किया, जिसे उन्होंने मान लिया। यहां पढ़ने के दौरान उन्होंने सेना का अनुशासन देखा और यहीं से मन बनाया कि वे भी आर्मी ज्वाइन करेंगे। यहीं पढ़ने के दौरान 11वीं कक्षा में पढ़ते हुए उन्होंने केंद्रीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की और एनडीए में शामिल हो गए। वहां तीन साल का कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने मिलिट्री इंजीनियरिंग कॉलेज, देहरादून से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद 1982 में वह बॉम्बे सैपर्स आर्मी इंजीनियरिंग सर्विस में शामिल हुए। उनके छोटे भाई संकेत पांडे भी सेना में कर्नल रहे और कुछ साल पहले सेवानिवृत्त हुए हैं। सबसे छोटे भाई डॉ. केतन पांडे वर्तमान में ब्रूनेई के राजा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। मनोज पांडे के बेटे अक्षय और उनकी पत्नी सौम्या सिंह भी सेना में हैं और वर्तमान में वायु सेना में पायलट हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, गुरुवार, 21 अप्रैल 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### लोहा पुल के पास फिर दीवार का हुआ निर्माण

फतुहा। शहर के गोविंदपुर स्थित ऐतिहासिक लोहा पुल के पास फिर दीवार का निर्माण किया गया है। विदित हो कि लगभग एक साल पहले ऐतिहासिक लोहा पुल भारी वाहन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके कारण ऐतिहातन पुल के दोनों ओर दीवार खड़ी की गई थी। जो गिर गया था। वहीं लोगों द्वारा सहयोग कर पुल को मरम्मत कर कामचलाउ बना दिया गया जिससे कि लोग रोजमर्रा के कार्यों के लिए पुल का इस्तेमाल कर रहे थे। लेकिन पुल के पास ऐतिहातन फिर दीवार लगाया जा रहा है। वहीं दीवार खड़ी करने से वहां की जनता में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सरकार पुल निर्माण न करके, जो थोड़ा आने-जाने लायक था उसे भी बंद कर रही हैं। वहीं खासकर सम्मसपुर, जफराबाद, मौजीपुर के लोगों को चार किलोमीटर दूर घूम कर बाजार, अस्पताल, बैंक, रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है।

### पृथ्वी दिवस पर फलदार पौधारोपण किया

फतुहा। शहर के हाई स्कूल फतुहा में त्रिदिवसीय पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बुधवार को 29 बिहार बटालियन एनसीसी आर्मी विंग द्वारा स्कूल के प्रांगण में फलदार और फूल का पौधारोपण स्कूल के प्रधानाध्यपक सुभाष चन्द्र के कर कमलों द्वारा किया गया। पौधारोपण में ए0 एन0 ओ0 सुशील कुमार साहिल ने सहयोग किया। प्रधानाध्यापक सुभाष चन्द्र ने छात्रों को को बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा से ही पृथ्वी सुरक्षित रहती है और पृथ्वी के सुरक्षित रहने पर ही हम सुरक्षित रहेंगे। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए।

### मुख्य पार्षद ने पीसीसी सड़कों का किया उद्घाटन

फतुहा। बुधवार को नगर परिषद की मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने फतुहा नगर परिषद के वार्ड संख्या 17,15 और 14 में लाखों रुपए की लागत से बने पीसीसी सड़क का उद्घाटन कर आम जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर नगर परिषद के मुख्य पार्षद रुपा कुमारी ने कहा कि फतुहा के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित हूं। नगर परिषद शहर में सड़को की जाल बिछा रहा है। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार, नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, विद्यानंद कुमार सहित कई मौजूद थे।

# मोक्ष कल्याणक व पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न





- निकली शोभायात्रा, गुरारा जैन मंदिर में प्रतिमा हुयी स्थापित
- श्री आदिनाथ जैन मंदिर जीर्णोद्धार का हुआ श्रीगणेश

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

कंगन घाट स्थित चल रहे जैन समाज के सप्तदिवसीय श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ का समापन बुधवार को विधिवत हो गया। धार्मिक अनुष्ठान की क्रिया में प्रातः साढ़े पांच बजे तीर्थंकर आदिनाथ भगवान को कैलाश पर्वत से मोक्ष की प्राप्ति के उपरांत निर्वाण कल्याणक की पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं ने की। तत्पश्चात विश्वशांति महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण पवित्र हो उठा। सात दिनों से लगातार दिन-रात पूरे भक्ति-भाव में डूबे श्रद्धालुगण कार्यक्रम के समापन पर भावुक हो गये। पटना सिटी के इतिहास में जैन समाज का इतना बड़ा आयोजन प्रथम बार हुआ, आनंद और उमंग से संपन्न महोत्सव ऐतिहासिक रहा।

जैन मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऋषभदेव ने मोक्ष का मार्ग बताया है। इस पर चले बिना जीवन का कल्याण असम्भव हैं। संसारिक मार्ग में भटकाव हैं जबकि मोक्ष का मार्ग सीधा हैं। सिर्फ हृदय में संकल्प लीजिये कि भगवान का सच्चा अनुयायी हूं। मनुष्य के हृदय में जब लगन हो तो सारी बाधाएं को पार किया जा सकता हैं। सभी के लिए यह महोत्सव सौभाग्य का सूचक हैं।

भगवान की पूजा आराधना के लिए मंदिर बनाया जाता है, जिसका श्रद्धालुओं को लाभ लेना चाहिए। भगवान की शरण में आने वाले को ना शीत और ना गर्मी की बाधा होती हैं। जीवनशैली में परिवर्तन आनी चाहिए और धर्म का अनुसरण कर अपने विशुद्धि को बढ़ाये। साथ ही मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने घोषणा किया कि झाऊगंज स्थित काली बीबी कटरा आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। इसके नवनिर्माण के बाद भव्य स्वरूप दिया जायेगा। यह मंदिर काफी प्राचीन हैं।

कंगन घाट से जैन श्रद्धालुओं ने भगवान की दर्जनों प्रतिमाओं को मस्तक पर लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान सभी भक्त केशरिया वस्त्र पहने गाजे-बाजे के साथ जयकारा लगाते चल रहे थे। हर्षोल्लास पूर्वक, भक्ति भाव, श्रद्धापूर्वक जैन समाज पार्श्वनाथ भगवान का जयकारा लगा वातावरण गुंजायमान किया। मंदिर में विधि-विधान के साथ अभिषेक, शांतिधारा, पूजा-अर्चना कर प्रतिमा प्रतिष्ठित हुई। इसके पश्चात गुरारा मंदिर में मस्तकाभिषेक, प्रतिमा विराजमान एवं मंदिर जी के शिखर पर कलशारोहण व ध्वजारोहण का कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हुआ।

पूज्य मुनि 108 श्री प्रमाण सागर जी महाराज के सान्निध्य में तीन बजे काली बीबी कटरा मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि शुद्धिकरण हुआ। तत्पश्चात मंदिरजी में विराजमान सभी प्रतिमाओ को गुरारा जैन मंदिर में विराजमान किया गया। इस अवसर पर देशभर से हजारों की संख्या में जैन अनुयायी शामिल हुए। गुरुवार को जैन मुनियों का रामगढ़ झारखण्ड के लिए प्रस्थान होगा।

# खो-खो में विजयी रही टीम के सदस्यों को किया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मोगलपुरा महिला चरखा मध्य विद्यालय में महिला राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजेता टीम को सम्मान समारोह 22 का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन निगम पार्षद शोभा देवी, बिहार राज्य खो-खो संघ के सचिव नीरज कुमार पप्पू, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, विद्यालय अवर निरीक्षक राजेंद्र ठाकुर, प्रिंसिपल श्रीमती कनक लता सिन्हा, श्रीमती लीला देवी, समाजसेवी देवरतन प्रसाद, मोहम्मद जावेद आदि ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता पूर्व पार्षद बलराम चौधरी एवं संचालन कौशल सिन्हा ने किया। पार्षद शोभा देवी ने सभी 10 टीम को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से महिलाएं शिक्षा में पुरुष से आगे बढ़ रही हैं, उसी तरह खेल में भी लड़के से आगे लड़कियां आ रही हैं। हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि हमारे क्षेत्र की बच्ची, जो बिहार में खो-खो प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। आज 10 बच्चों ने खो-खो प्रतियोगिता में जो सम्मान पाया है, उसके लिए शिक्षक नवीन कुमार सिन्हा का खास योगदान है। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी लीलाधर गुड्डू, मुकेश कुमार सिन्हा, बैजनाथ प्रसाद, शशि कुमार, कुंदन माली आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सम्मान पाने वाली छात्राओं में सानिया परवीन, खुशी कुमारी, सिमरन कुमारी, कोमल कुमारी, गुड़िया कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंशु कुमारी, गीता कुमारी, खुशी कुमारी, अंजली सिंह को सम्मानित किया गया।

# इप्टा का सांस्कृतिक यात्रा 3 को पहुंचेगा सिटी

- 9 अप्रैल से 22 मई तक 'ढाई आखर प्रेम 'की सांस्कृतिक यात्रा

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के द्वारा 9 अप्रैल से 22 मई तक 'ढाई आखर प्रेम 'की सांस्कृतिक यात्रा प्रारंभ की गई है। पटना सिटी में यह दल तीन मई को पहुंच कर अपने विविध जनवादी कार्यक्रम के माध्यम से जनता से सीधे जुड़ने जा रही है। इस कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाने को बैठक राही कुमार बिंद के आवास बाहरी बेगमपुर में हुई। बैठक देवरत्न प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें आयोजन सह स्वागत समिति का गठन किया गया।

इसमें अध्यक्ष मंडल में जयप्रकाश मालाकार, कुशवाहा नंदन, सरदार राजा सिंह एवं गिरिजा शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष आलोक चोपड़ा , मो जावेद, डॉ इकबाल अहमद को उपाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष देवरत्न प्रसाद, बनाया गया।महासचिव विश्वजीत कुमार, सचिव मंडल में बलराम चौधरी, शिव मेहता एवं सुमन सौरभ, संयुक्त सचिव रजनीश राय, रामनारायण सिंह संजय राय, कोषाध्यक्ष लीलाधर और अजय वर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। समिति के सदस्य विजय कुमार सिंह, विक्रम शाह, मो जफर , ललन यादव, डॉ परवेज, सरदार दया सिंह, फिरोज खान, रतन मेहता, भृगुनाथ मिश्रा, डॉ जमील अहमद, रघुनाथ प्रसाद यादव, शम्भू शरण प्रसाद, अमरेंद्र मिश्र, राही कुमार बिंद चुने गए। बैठक को संबोधित करते हुए इप्टा के सचिव अजय वर्मा ने बताया कि देश के अंदर संविधान को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है और लोकतंत्र खात्मे की ओर है।

सांप्रदायिक सौहार्द समाप्ति की ओर है एवं प्रेम के वातावरण को नष्ट किया जा रहा है। तीन मई को मंगल तालाब परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें इप्टा के द्वारा कविता, गीत, गोष्ठी, संगीत एवं नाटक के माध्यम से जन जागृति पैदा करने का काम किया जाएगा।

### व्यापारी हत्याकांड में रोहित को रिमांड पर ले हो रही पूछताछ

**पटना सिटी।** चौक थाना पुलिस ने तिल तेल कारोबारी प्रमोद बागला की हत्या में नामजद रोहित कुमार उर्फ गोलू को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पुलिस ने पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर हत्या में उपयोग किये गए हथियार को मंगल तालाब के स्लम एरिया स्थित पीपल पेड़ के खोरहर से बरामद किया गया है।

पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो गोली व 36 पुड़िया स्मैक बरामद किया है। उसने बताया कि हथियार सोनू गांजावाला को रखने के लिए दिया है।

पुलिस को पूछताछ के दौरान जेल से रिमांड पर आए गोलू ने स्वीकार किया कि वह खर्चा-पानी मांगने को गया था। काफी कम रुपया देने, गाली देते हुए धक्का देने व मारपीट किए जाने के कारण ही गोली मारने की बात कही।

पटना सिटी सिविल कोर्ट के आदेश से दो दिनों के रिमांड मिलने और पूछताछ के बाद पुलिस ने वापस जेल भेज दिया है। बताते चले कि नौ अप्रैल को नामजद रोहित ने पुलिस दबिश में आकर गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था।

# चौक थाना क्षेत्र में युवक की गोली मार हुई हत्या

## मृतक व मारने वाला दोनों गुटखा दुकान पर था बैठा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चौक थाना क्षेत्र के दीरापर तीन मुहानी के पास शाम में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली की आवाज सुनते ही अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। इसके बाद कुछ लोग ई-रिक्शा की मदद से गोली लगे युवक को इलाज के लिए एनएमसीएच ले गए।

यहां चिकित्सक ने उसकी जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक को एक गोली मारी गई है। वह इसी थाना क्षेत्र के मुकबार गली, गोरैया स्थान का रहने वाला और मो बानो का भतीजा है। चौक थाना क्षेत्र के कचौड़ी गली, बाड़े गली और दीरापर को जोड़ने वाला तीनमुहानी के पास गुटखा आदि बेचने की छोटी दुकान है। यहां पर घर निर्माण की सामग्री गिट्टी-बालू भी गिरा है। इससे रास्ता सकरा बना है। यहीं पर तीन-चार लड़के बैठे थे। अचानक से गोली चली और एक युवक धड़ाम से जमीन पर गिर पड़ाम लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और जो भी जहां था, वहां से तेजी से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही चौक थाना अध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता, दारोगा रमेश कुमार पुलिस बल के साथ यहां पहुंचे। इसके पूर्व कुछ युवा घायल को ई-रिक्शा पर लाद कर इलाज को एनएमसीएच ले गया।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ करने में जुट गई। इस संबंध में आरक्षी उपाधीक्षक अमित शरण ने बताया कि दरअसल जिसे गोली मारी गई है और गोली मारने वाला दोनों गुटखा दुकान पर पहले से बैठा था।

इससे यह प्रतीत होता है कि मारने वाला और मृतक दोनों एक-दूसरे से पूर्व परिचित है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है और आसपास में लगे सीसीटीवी को भी खंगाल रही है। मृतक की पहचान मो साबिर पिता मो टुन्नू के रूप में हुई है। साबिर चौक पर मनिहारी दुकान में काम करता था। वह घर से खाना खाकर दुकान को जा रहा था। इसी दौरान दीरापर तिराहे के पास उसके गर्दन में गोली मार दी गई। साबिर के पिता मो टुन्नू नगर निगम में काम करते हैं।

# भारतीय रेल में हो रहे स्पैड और दुर्घटना पर विस्तार से चर्चा

## सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर खगौल मंडल मुख्यालय के अधिकारी क्लब में खतरे की स्थिति में सिग्नल पार कर जाना के विषय पर सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया।जिसमें रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के कार्यपालक निदेशक के.पी.यादव के द्वारा पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से पुरे भारतीय रेल में हो रहे ,स्पैड और दुर्घटना पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया।

इस सेमिनार को दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार द्वारा भी संबोधित किया गया।खतरे की स्थिति में सिगनल पार कर जाना गाडी के चालक द्वारा किसी सिगनल को खतरे की स्थिति में पार कर जाना एक सांकेतिक दुर्घटना है।

तमाम संरक्षा अनुदेशों और नियमों के बावजूद खतरे की स्थिति में सिगनल पार करने की घटनाओं में भारी जोखिम है। इन घटनाओं से भयंकर दुर्घटनाएँ की सम्भावना बनी रहती है एवं इससे कभी कभार जान-माल का नुकसान भी हो सकता है।

इस सेमिनार में मंडल के संरक्षा एवं परिचालन से जुडे सभी अधिकारी सहित 19 मुख्य लोको निरीक्षक,48 लोको पायलट,35 सहायक लोको पायलट,5 लोको पायलट शन्टर, 11यातायात निरीक्षक, 7 स्टेशन मास्टर,8 गार्ड एवं 11पोर्टर प्वाईंटमैन मौजूद हुए।इस संरक्षा संगोष्ठी में रढअऊ के प्रमुख कारणों पर चर्चा किया गया एवं विगत दिनों में पूर्व मध्य रेल एवं अन्य रेलवे में गठित घटनाओं का विशेष जिक्र किया गया।इसके साथ हमारे लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर गॉर्ड के द्वारा बताई गई कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान हेतु मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।जबकि दानापुर रेल मंडल में स्पेड की घटनाओं में काफी सुधार हुआ है। 2020-21 में केवल दो स्पेड की घटना हूई जो कि 2021-22 में घटकर सिर्फ एक हुआ। 2022-23 में ऐसी घटना न घटे इसके लिए सभी लोको पायलट, गार्ड एवं अन्य कर्मचारी ने आश्वस्त किया।

# अनुग्रह नारायण सिंह हाई स्कूल में बनाये गए कस्तूरबा विद्यालय का हाल बदहाल

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के अनुग्रह नारायण सिंह उच्च विद्यालय में वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा लाखों लाख की लागत से विद्यालय के छात्राओं को आवासीय शिक्षा दिए जाने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन स्थापना काल से ही यह विद्यालय अपनी रौनक नहीं बिखेर सका पिछले साल महज 20 बच्चे इस विद्यालय की शोभा बढ़ाएं तो इस बार एक ग्यारह विद्यालय के नाम पर प्रति महीना लाखों लाख रुपए का खर्च सरकार को उठाना पड़ रहा है लेकिन कमजोर इच्छाशक्ति के चलते विद्यालय अपना गरिमा खो रहा है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने कस्तूरबा विद्यालय के महिला वार्डन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मनमाने तरीके से या विद्यालय चलता है विद्यालय चलाने की कोई इच्छा शक्ति नहीं है जिसके चलते यह विद्यालय बदहाली का शिकार है वार्डन अपने मनमाने तरीके से घर से आना जाना कर दी है जिसके चलते विधि व्यवस्था खराब चल रही है प्रभात खबर की टीम ने जब इस विद्यालय का जायजा लिया तो विद्यालय में वार्डन गायब मिली रसोईया ने बताया कि बच्ची के लिए नाश्ता बना रहा हूं। महज एक दर्जन बच्चे हैं विद्यालय की सारी योजनाओं की जानकारी प्रधान शिक्षक को नहीं है। वही वार्डन पिंकी कुमारी स्थानीय होने के चलते अपने मनमाने तरीके से विद्यालय संचालित करते हैं।विद्यालय के योजनाओं की उन्हें जानकारी नहीं है। विद्यालय में व्याप्त अराजकता गंदगी और कुव्यवस्था विद्यालय के अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है। जबकि इस विद्यालय में एक 100 बच्चियों को रहने के लिए व्यवस्था की गई है। टाइप 4 का यह कस्तूरबा विद्यालय यहां पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य संवारने के बदले भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है।

# नौ दिव्यांग जोड़े का विवाह 23 को होगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




वैष्णो स्वावलंबन एवं विकलांग अधिकार मंच के द्वारा वर्ष 2016 से दिव्यांगों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस बार 23 अप्रैल को नौ दिव्यांग जोड़े का सामूहिक विवाह का आयोजन चिपुरा के अभिलाषा गार्डन संपतचक वाटर पार्क के पास होगा। यह जानकारी संस्था की सचिव कुमारी वैष्णवी एवं नितीन कुमार रिंकू ने पत्रकार वार्ता के दौरान मंगलवार को पाटलिपुत्र खेल परिषद परिसर में दी।

इस दौरान ममता सिन्हा ने कहा कि अनोखा विवाह समाज के लिए प्रेरणादायक है। डॉ नीरज ने कहा कि गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं का भी पूरा सहयोग इस सामूहिक विवाह में मिल पाता है। श्रीमती मनीषा सिन्हा ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि 22 अप्रैल को शाम पांच से सात बजे तक मेहंदी रस्म का आयोजन पंचायती सरकार चिपुरा में होगा। इसके बाद 23 अप्रैल को पूर्वाह्न 10 से अपराहन दो बजे तक रस्म अदायगी होगी, जिसमें नौ दूल्हे की बारात निकाली जाएगी। इसके बाद नौ जोड़ों का विवाह मंडप में संपन्न होगा। उसी दिन सायं 5 से आशीर्वचन, वर-वधू स्वागत, प्रीतिभोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिन जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा, उसमें नितेश-सोनी, कृष्णा राम-बबीता कुमारी, प्रियांशु-सीमा, नागेंद्र सदा-किरण, आकाश-बिंदी, सोमनाथ-सोनी, अमर-सोनी, शंभू-अमृता और अवधेश पासवान-सरिता हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान मनीषा पांडेय, अभय कुमार अतुल, आदर्श कुमार, सीमा कुमारी, आलोक, शुभ, हर्ष, कुंदन आदि मौजूद थे।

# भाजपा स्थापना दिवस समापन पर वृद्धों की सेवा



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवारा पर आयोजित कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह पर लखन श्याम विद्रोही मंडल के तत्वावधान में कार्यक्रम प्रभारी अनुज कुमार सिन्हा के द्वारा गुलजारबाग स्थित वृद्ध आश्रम में भाजपा कार्यकताओं ने फल, दूध एवं लस्सी का वितरण कर मनाया। उपस्थित कार्यकताओं में मंडल प्रभारी नित्यानंद, मंडल अध्यक्ष ओम निषाद, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, ओंकार आनंद, प्रेम निषाद, मनोहर, जवाहर प्रसाद, शंकर तांती, नैयर इकबाल, राकेश कुमार चुन्नू, हरिकांत झा, अरुण कुमार ने फल, दूध, लस्सी का वितरण कर वृद्धों का आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम गुलजारबाग के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने सभी कार्यकताओं को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद किया।

# एएसपी ने किया सन्नी हत्याकांड का खुलासा

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



पुलिस ने सन्नी उर्फ जटहवा हत्याकांड का दो दिनों के अंदर खुलासा कर लिया है. पुलिस ने हत्याकांड में शामिल चार अपराधियों को विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक लूट की राशि के बांटवारे के विवाद को लेकर सन्नी की हत्या की गई थी। एएसपी अभिनव धीमन ने बुधवार को सन्नी हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान व विडियो फुटेज के आधार पर घटना में शामिल अपराधियों की पहचान किया गया था। जिसमें संतोष कुमार उर्फ संतोष तिवारी, हर्ष कुमार , समर राज, जय कुमार उर्फ जय तिवारी उर्फ बाबा, पुछिया उर्फ बजरंगी, राहुल कुमार उर्फ टीटी, व मुकेश कुमार ने गड़खा के चितावनगंज बाजार में फिलप कार्ड ऑफिस में 5 लाख 22 हजार लूटा था। रुपए संतोष के पास रखा हुआ था। एएसपी ने बताया कि मृतक की मां गीता देवी के बयान पर थाना में कांड संख्या 280/ 22 दर्ज किया गया था। जिसमें जय कुमार उर्फ जय तिवारी उर्फ बाबा , पुछिया व तीन अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया था।

जिसमें पुलिस ने छापेमारी कर जय कुमार उर्फ जय तिवारी उर्फ बाबा को बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार जय तिवारी कजरा गोयाब नौबतपुर निवासी के निशानदेही पर टी प्वांट बाजार समिति निवासी हर्ष कुमार ,समर राज टीप्वांइट झखड़ी महादेव व संतोष कुमार उर्फ संतोष तिवारी गोलापर बिशाल मेगा मार्ट के गली गजाधरचक निवासी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि मुख्य आरोपी पुछिया उर्फ बजरंगी फरार है। एएसपी ने बताया कि पिछले 14 अप्रैल को छपरा जिले के गड़खा थाने के चितावनगंज बाजार स्थित फिलीप कार्ड ऑफिस से पांच लाख 22 हजार रुपए लूटा था। गिरफ्तार हर्ष फिलीप कार्ड में सुपरवाइजर का काम करता था। उन्होंने बताया कि मृतक सन्नी का शादी होना था। जिसको लेकर लूट का राशि मांगा रहा था। जिससे जय तिवारी, संतोष तिवारी व पुछिया उर्फ बजरंगी ने कहा कि इसको हत्या कर देंगे तो राशि नही देना पड़ेगा। इसी योजना के तहत पिछले 17 अप्रैल को गोलारोड देवी स्थान भंडारा में प्रसाद खाना खाने गए सन्नी को रात पौने ग्यारह बजे पुछिया उर्फ बजरंगी व जय कुमार बुलाकर धनेश्वरी स्कूल के पास ले गए। जहां पर पुछिया ने पिस्तौल निकालकर सन्नी को दो गोली सर में मारकर हत्या कर फरार हो गया।

उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो फायर किया गया खाली खोखा के एफ7.65 अंकित पाया गया, और एक उजला रंग का सैमसंग कीपैड मोबाईल बरामद किया गया था। फरार पुछिया उर्फ बजरंगी समेत अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। एएसपी ने बताया कि सन्नी डिलवेरी ब्याय का काम करता था और तीन हजार का डिब्बा पर नकली सामान भरा कर ग्राहको को देता था और ग्राहक उससे वापस कर देते थे।

# नगर परिषद ने पेयजल संकट को लेकर लोकस्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को लिखा पत्र

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

नगर परिषद में व्याप्त जलापूर्ति समस्या को लेकर सचिव लोक स्वस्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना (बिहार) को एक लिखित आवेदन दिया गया है, जिसमे बाढ़ नगर परिषद में जलापूर्ति से संबन्धित अनेक समस्याओं से अवगत कराया गया है तथा यह बताया गया है कि बाढ़ के स्थानीय निवासियों में काफी असंतोष है। पत्र में सवाल खड़ा किया गया है और कहा गया है कि पीएचईडी के द्वारा जिन वार्डों में जलापूर्ति का कार्य कराया गया है, वहाँ पेयजल आपूर्ति काफी असंतोषजनक है। जगन्नाथन उच्च विद्यालय के पास दो बोरिंग और एक जलमीनार अवस्थित है, लेकिन वहाँ का बार-बार बोरिंग खराब हो जाता है और गंदा पानी ही आता रहता है। ससमय उसकी मरम्मत नहीं की जाने से पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिसका कोपभाजन जनप्रतिनिधियों को होना पड़ता है। पत्र में लिखा गया है कि 2019-20 में 7 करोड़ 66 लाख 30 हजार रुपए की प्राक्कलित राशि से नगर परिषद बाढ़ के 17 वार्डों में जलापूर्ति कार्य लोकस्वास्थ्य नियंत्रण विभाग के द्वारा किया गया, जबकि नगर परिषद के द्वारा 10 वार्डों में जलापूर्ति का कार्य किया जा रहा है। कई कारणों से पीएचईडी के द्वारा जलापूर्ति पाइपलाइन का मेंटेनेंस एवं रख-रखाव की स्थिति भी बदतर है।

मुख्य पार्षद राजीव कुमार 'चुन्ना' ने कहा है कि यदि यथाशीघ्र पेयजल संकट का निदान नहीं किया जाता है तो सभी वार्ड पार्षद मिलकर जनहित में पीएचईडी कार्यालय, बाढ़ के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पत्र की प्रतिलिपि पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता बाढ़, सहायक अभियंता बाढ़, मुख्य अभियंता पटना, अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ तथा जिलाधिकारी पटना को सूचनार्थ प्रेषित कर दिया गया है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, गुरूवार, 21 अप्रैल 2022



## संक्षिप्त खबरें

### बाइक की ठोकर से एक महिला घायल

जाले। जाले थाना क्षेत्र के गाजी मुहल्ला में बुधवार को एक अज्ञात बाइक की ठोकर से उक्त मुहल्ला निवासी मो. शहाबुद्दीन की 23 वर्षीया पत्नी अजमती खातून घायल हो गई। उसे उसके परिजनों ने उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले गया।

### नाटकीय ढंग से अपहृता बरामद

जाले प्रखण्ड संवाददाता दरभंगा: गुप्त सूचना के आधार पर राढ़ी बाजार से थानाध्यक्ष यशोदानन्द पांडेय के नेतृत्व में एएसआई परिजन पासवान ने बुधवार को छापामार कर जाले थाना कांड संख्या 37/2022 की अपहृता को बड़े ही नाटकीय अंदाज में बरामद किया. वहीं अपहरणकर्ता पुलिस के पहुंचने की भनक मिलते ही मौके से फरार हो गया. थानाध्यक्ष ने बताया कि 21 अप्रैल को अपहृता को दरभंगा न्यायालय भेजा जाएगा. मालूम हो कि पिछले माह अपहृता के पिता की ओर से जाले थाना में अपहरण से संबंधित एक प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी. इसमें राढ़ी गांव प्रिंस कुमार राम को मुख्य आरोपी बनाया गया था. युवती को पुलिस विवाहित अवस्था बरामद किया।

### कुर्था थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज

कुर्था, अरवल। कुर्था थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी चनारिक दास ने बुधवार को थाने में बेटे की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। थाने में दिए आवेदन में कहा गया है कि उनका 16 वर्षीय बेटा नीतीशकुमार, ग्राम-नरही, थाना-कुर्था, जिला-अरवल दिनाँक-14/4/22को सुबह 7. अट.मे पढ़ने हेतु घर से निकला था जो अभी तक घर नहीं आया है। काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कहीं नहीं पता चला। तब जाकर उन्होंने कुर्था थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

### प्रेमी युगल ने घोसी थाने में किया सरेंडर

जहानाबाद। घोसी थाना क्षेत्र के कुर्रे गांव से फरार प्रेमी युगल बुधवार को घोसी थाने में आकर पुलिस के समक्ष सरेंडर किया। बता दें कि घोसी थाना कांड संख्या 71/22 घोसी थाने में दर्ज की गई थी। जिसमें अपहृत लड़की के पिता अजय पासवान ने अपने पुत्री को बहला-फुसलाकर ले भागने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस दोनों लोगों की तलाश में थी। दोनों प्रेमी युगल के थाना में सरेंडर के बाद पुलिस लड़की भारती कुमारी का 164 के बयान को कोर्ट में कलम बंद कराने को लेकर कोर्ट ले गई।

# रोजगार के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करेगी सरकार: जिवेश कुमार

सिंहवाड़ा, प्रात: किरण संवाददाता



**कार्यक्रम**

- आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में 206 युवाओं को मिला रोजगार
- मेले का श्रम संसाधन मंत्री ने किया शुभारम्भ

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण के अंतर्गत जिला नियोजनालय दरभंगा द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, दरभंगा में मेगा जॉब कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ श्रम संसाधन मंत्री, जिवेश कुमार ने कियो आयोजित कैंप में देश के नामचीन और प्रतिष्ठित कंपनियों यथा टाटा मोटर्स, वोल्टास बको लिमिटेड, बैंको प्रोडक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मैक्सिस रबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टेक्सेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मदरसन सुमी सिस्टम्स लिमिटेड, स्पार्क मिंडा कारपोरेशन लिमिटेड, इंडो फार्म एकुपिमेंट लिमिटेड, इस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड ने नियोक्ता के रूप में भाग लिया।

मंत्री ने उक्त अवसर पर कहा कि ग्रामीण स्तर पर युवाओं के सार्वभौमिक विकास में कौशल का होना नितांत आवश्यक होता है, जिसको पटल पर लाने के लिए श्रम संसाधन विभाग बिहार कृतसंकल्पित है जिससे प्रदेश के युवा अपने कौशल का विकास कर अपने लिए रोजगार और स्वरोजगार, देश और विदेश में असानी से प्राप्त कर सकें जिसे लेकर विभाग अनेक प्रकार के कौशल विकास का कार्य कर रही है कुशल युवा कार्यक्रम इसमें सबसे प्रमुख है इस कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार राज्य के 15 से 28 वर्ष (अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं दिव्यांग के लिए अतिरिक्त 5 वर्ष तथा पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए 3 वर्ष अतिरिक्त) के दसवीं उतीर्ण युवाओं को संवाद कौशल, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा का ज्ञान, व्यवहार कौशल तथा कंप्यूटर का मुलभूत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है कुशल युवा कार्यक्रम का संचालन राज्य के सभी 534 प्रखंडों में राज्य सरकार द्वारा स्थापित प्रखंड कौशल विकास केन्द्रों एवं निजी संस्थाओं द्वारा स्थापित कौशल विकास केन्द्रों के माध्यम से किया जाता है जीएसटी एवं टैली प्रशिक्षण के साथ कुशल युवा कार्यक्रम का ध्येय राज्य के युवाओं को रोजगार परक बनाना है। डोमेन स्कोलिंग कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार के 15 विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और नियुक्ति- प्रशिक्षण और तैनाती नाम से योजना का क्रियान्वयन कर लोगों को रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है साथ ही युवा शक्ति बिहार की प्रगति के तहत भी अनेकों कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिनमें युवाओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, रोजगार ढूंढने के भत्ता देकर उन्हें प्रेरित करना, हर जिले में मेगा स्किल सेंटर, हर प्रमंडल में टूल रूम स्थापित किये जाने का प्रावधान है जिससे युवा वर्तमान समय के अनुरूप अपने को तैयार कर रोजगार प्राप्त कर सकें। इसके पूर्व सभी कंपनियों ने अपनी कंपनी के बारे में अभ्यर्थियों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर युवाओं को चयनित कर उन्हें रोजगार और प्रशिक्षण हेतु ऑफर लेटर दिया। कंपनियों में चयन हेतु आवश्यक योग्यता 10वीं, 12वीं, आई टी आई एवं डिप्लोमा रखा गया था। जिसको आधार मानकर चयन किया गया, सभी चयनित अभ्यर्थियों को जॉब ट्रेनिंग के लिए गुजरात और हिमाचल प्रदेश भेजा जायेगा। पिछले दो वर्षों में कोरोना महामारी के चलते निजी सेक्टर में नौकरी के लिए रोजगार मेला का आयोजन नहीं हो पाया था। अब कोरोना संक्रमण के मामले घटने के बाद विभाग की ओर से मेले का आयोजन किया जा रहा है।

विदित हो कि कोरोना के कारण पिछले वर्ष से ही नियोजन सह रोजगार मेला का आयोजन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है जिसके कारण श्रम संसाधन विभाग चुनिंदा कंपनियों और प्रदेश के बेरोजगारों के बीच समन्वय बना कर ऑनलाइन कैंप आयोजित तो कर रही थी, लेकिन इसके द्वारा बहुत ही सीमित लोगों को रोजगार मिल रहा थो लेकिन कोरोना के तय नियमों के कारण विभाग चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहा थी, अब कोरोना के कम होने के उपरांत विभाग ने ऑफलाइन रोजगार मेला का आयोजन कर रही है जिसका परिणाम है दरभंगा जैसे शहर में देश के प्रतिष्ठित 9 निजी कंपनियां विभिन्न पदों पर 206 बेरोजगार युवाओं को नौकरी के लिए चयनित किया है।

# बच्ची की हत्या के मामले में कई दोषियों को दस साल की सजा



दरभंगा, प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम संजीव कुमार सिंह की अदलत एक बच्ची की हत्या के मामले में बुधवार को हायाघाट थाना क्षेत्र के छतौना गांव के कलर यादव की पत्नी बुच्ची देवी, रामबहादुर यादव की पत्नी मुनर देवी, कलर यादव की पुत्री भूखली देवी एवं सीता कुमारी, रामदेव यादव की पत्नी मलभोगिया देवी, नरेश यादव की पत्नी इंदु देवी एवं वतहु यादव की पत्नी घुरन देवी को दस वर्षीय राजवती कुमारी की हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए भादवी की धारा 302/149 के तहत आजीवन कारावास एवं दस-दस हजार रुपया अर्थदंड की सजा सुनाई है, अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर दोषी को एक एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी वहीं भादवी की धारा 147 के तहत एक-एक वर्ष की कैद की सजा सुनाई गयी है। सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। अदालत में चल रहे मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक विष्णु कांत चौधरी एवं रेणु कुमारी ने बहस किया। श्री चौधरी एवं श्रीमती कुमारी के अनुसार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध उसी गांव के योगेंद्र यादव ने 13 सेप्टेम्बर 2009 को हायाघाट थाना में कांड संख्या 86/2009 अन्दर धारा 147, 149, 302 भादवी के तहत दर्ज कराकर अपनी दस वर्षीय पुत्री राजवती कुमारी को भूमि विवाद को लेकर 12 सितंबर 2009 को 12 बजे दिन में मारपीट कर बुरी तरह जख्मी करने का आरोप लगाया था। जख्मी को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हायाघाट ले जाया गया। जहां ईलाज के क्रम में अहले सुवह बच्ची की मृत्यु हो गयी। श्री चौधरी ने बताया कि अनुसंधानकर्ता ने 30 नवंबर 2009 को मामले में आरोप पत्र समर्पित किया ततपश्चात 9 अगस्त 2011 को आरोप गठन किया गया।

# चिकित्सा, शिक्षा के साथ-साथ खेल भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है अध्यक्ष : हेमंत झा




हनुमाननगर, प्रात: किरण संवाददाता

हनुमाननगर प्रखण्ड के डीहलाही गाँव स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता को जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सह प्रख्यात चिकित्सक डॉ मनोज कुमार के प्रतिनिधि जी डी गोयनका स्कूल के प्रचार्य केशव पटेल जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हेमंत झा, एवं राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हेमंत झा ने बताया कि जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल की ओर से लहेरियासराय नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट संघ द्वारा दिनांक 17 अप्रैल से लीग मैच का आयोजन किया गया है। जिसका समापन 17 मई को होगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा,शिक्षा के साथ-साथ खेल भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है, खासकर नौजवानों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर एक नया उत्साह और उमंग होता है। इस क्रिकेट लीग का प्रायोजक जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल है और आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन में जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल की भागीदारी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस क्रिकेट लीग मैच में संपूर्ण दरभंगा जिले की 20 टीमें भाग ले रही है जिसमें ज्यादातर टीमें ग्रामीण हिस्से से है।

# बीडीसी के बैठक में 15वीं वित्त आयोग से प्राप्त राशि पर हुई चर्चा

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के अंधराठाढ़ी प्रखंड विकास सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखण्ड पंचायत समिति की एक सामान्य बैठक हुई। प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने इसकी अध्यक्षता और उप प्रमुख राम बहादुर मण्डल ने संचालन किया। बताते चलें कि प्रमुख और उप प्रमुख के निर्वाचन के बाद प्रखण्ड पंचायत समिति की यह पहली बैठक थी।

जिला परिषद उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, जिला पार्षद ममता देवी, रामानंद राय, मुखिया प्रबोध झा, राजनारायण राय, शिवदेव यादव, रमन सिंह, रामगुलाम भंडारी, संतोष ठाकुर, तौवाब अंसारी आदि सभी मुखियों के अलाबे पं.स.स. सह पूर्व प्रमुख शुभेश्वर यादव, कमलेश कुमार कुंदन, शैलेन्द्र मिश्र, तकदिरनी खातून, सभी पं.स.स., कलमेश कुमार कुंदन, मुखिया, शैलेन्द्र मिश्र, सुरेश पान दास, भरत राय तकदिरनी खातून एवं बीडीओ रामनाथ कुमार, सीओ प्रवीण कुमार बत्स, थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विमल देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राम गोबिंद झा, एमओ सुजीत कुमार, पशु पालन पदाधिकारी डॉ० जितेंद्र कुमार, जीबिका के बीपीएम विजय कुमार राय, पीओ मनरेगा, प्रखंड समन्वयक अमरेश कुमार आदि मौजूद थे। घंटो तक चली यह बैठक शुरू हंगामेदार रही। सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आपूर्ति, मनरेगा, प्रधान मंत्री आवास योजना, कृषि आदि मुद्दों से जुड़ी गड़गडियों को लेकर बैठक में शामिल अधिकारियों से सवाल करते और अधिकारीगण जवाब में उलझते रहे थे। सीडीपीओ की अनुपस्थिति पर जनप्रतिनिधियों ने आक्रोश व्यक्त किया। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामनाथ कुमार ने बताया कि 15वी वित्त आयोग से प्राप्त राशि के उपयोग को लेकर बैठक में चर्चा की गई।

# वीर कुंवर सिंह जयंती की सफलता को ले भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने की बैठक

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

**कार्यक्रम**

- वीर कुंवर सिंह जयंती पर आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं भव्य होगा: जयनाथ

भाजपा जिला कार्यालय में पिछड़ा मोर्चा जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों एवं कार्यसमिति के सदस्यों के साथ पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष इंद्रदेव चौहान की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को आरा के जगदीशपुर में आयोजित अमित शाह के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी बैठक की गई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष नकुल ठाकुर ने की।

बैठक में मुख्य अतिथि पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयनाथ चौहान भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय प्रभारी परशुराम वर्मा शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयनाथ चौहान ने कहा कि वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव पर 23 अप्रैल को आरा के जगदीशपुर में आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं भव्य होगा। इस कार्यक्रम को देश के गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। इस मौके पर वहां 75000 राष्ट्रीय झंडा (तिरंगा) फहराया जाएगा और वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस कार्यक्रम में पूरे बिहार से पिछड़े वर्ग के लोग की भी उपस्थिति अच्छी संख्या में होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि यह एक गैर राजनैतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें भाजपा सहयोग करेगी। इस कार्यक्रम में सभी वर्गों की भागीदारी होगी।

इस अवसर पर जिला मंत्री अनिल ठाकुर, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामसहाय कुमार, परशुराम वर्मा, नकुल ठाकुर, लखन चौहान, प्रेमन चौहान, रवि रंजन कुमार, कौशल किशोर, विनोद चंद्रवंशी, पिंटू कुमार, सबल कुमार, कमलेश पंडित, अरुण मालाकार, कृष्ण प्रसाद वर्मा, शंभू प्रसाद, शिवशंकर ठाकुर, सिंकू देवी, नवीन बिंद, अमन कुमार, प्रियंका कुमारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंधराठाढ़ी, बाबूबरही एवं पंडौल प्रखंड के अंतर्गत नल-जल योजना के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा हुई

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। बताते चलें कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा मधुबनी जिले के विभिन्न प्रखंडों में नल-जल योजना के माध्यम से संपादित कार्यों की अद्यतन स्थिति की क्रमवार समीक्षा की जा रही है।

इस कड़ी में पाया गया कि जिले के अंधराठाढ़ी प्रखंड के कुल 09 वार्डों में नल-जल योजना के अंतर्गत सीधी जल आपूर्ति नहीं हो रही है। वहीं 08 वार्ड ऐसे हैं, जहां सीधी जल आपूर्ति हो रही है। इसी प्रकार बाबूबरही प्रखंड के 16 वार्डों में नल-जल योजना के अंतर्गत सीधी जल आपूर्ति नहीं हो रही है। वहीं 27 वार्ड ऐसे हैं, जहां सीधी जल आपूर्ति हो रही है एवं पंडौल प्रखंड के 22 वार्डों में नल-जल योजना के अंतर्गत सीधी जल आपूर्ति नहीं हो रही है। वहीं 32 वार्ड ऐसे हैं, जहां सीधी जल आपूर्ति हो रही है। उक्त बैठक के दौरान सम्बंधित पंचायतों के पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक लेखपाल सह आईटी सहायक द्वारा अवगत कराया गया कि जिन वार्डों में अभी तक सीधी जल आपूर्ति नहीं हो रही है, वहां अगले 10 दिनों में तत्काल सीधी जलापूर्ति का कार्य करा लिया जाएगा। जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है, कि ऐसे किसी भी वार्ड जहां तत्कालीन वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति द्वारा प्राक्कलन के अनुरूप राशि की निकासी कर छिटपुट कार्य कर शेष कार्य को अपूर्ण छोड़ दिया गया है, वैसे सभी वार्डों को चिन्हित करते हुए संबंधित दो बार नोटिस जारी किया जाएगा। यदि इसके वावजूद कार्य को पूर्ण नहीं कराया जाता है, तो उनके खिलाफ नीलाम पत्र वाद दायर कर राशि की वसूली की जाएगी। साथ हीं जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा सभी तकनीकी सहायक को निर्देश दिया गया कि सभी वार्डों के योजना का अद्यतन एमबी करते हुए, जिस वार्ड में राशि बचा हुआ है एवं काम नहीं हुआ है।

# अमृत महोत्सव के अवसर के स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

कुशेश्वरस्थान, प्रात: किरण संवाददाता

पीएचसी सत्तीघाट के द्वारा बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं प्राथमिक विद्यालय आसो के प्रांगण में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विधायक अमन भूषण हजारी ने फीता काट स्वास्थय मेला का विधिवत उद्घाटन किया। स्वास्थय मेला में अनेक प्रकार के रोगों की जांच को अलग अलग कई स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें 500 से अधिक महिला एवं पुरुष का स्वास्थ्य का जांच कर आवश्यक दवाएं एवं चिकित्सीय सुझाव दी गई। मेले में 50 से अधिक गर्भवती महिलाओं को भी जांच किया गया। पीएचसी सतीघाट के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अरव आनंद ने कुपोषण दूर करने को लेकर लोगों को जानकारी दिया। कोविड टीकाकरण का भी स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें 12 से 14 आयु वर्ग के किशोरों को कोविड के सुरक्षा का टीका लगाया गया। इस मौके पर हरिनगर मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विमल चंद्र खाँ, हिरणी मुखिया श्रवण कमती,औराही मुखिया निलम देवी, विनोद ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मणिकांत झा, जिला परिषद राजेन्द्र चौपाल, एचएम मधुमाला कुमारी, चिकित्सक प्राज्ञा सिंह, बीएमसी मुरारी झा, केयर इंडिया प्रतिनिधि अमर नाथ राय, एएनएम गंभीरा कुमारी, रेखा कुमारी सहित अनेक चिकित्सक, एएनएम एवं अनेक गणमान्य लोग मौजुद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा लेकर आवास नही बनाने वाले लाभार्थी पर दर्ज होगी एफआईआर

सिंहवाड़ा, प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा बीडीओ राजीव रंजन ने प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास सहायक से जवाब तलब किया जिनमें लंबित इंदिरा आवास योजना को एक माह के अंदर पूरा करने का आदेश दिया मौके पर बीडीओं ने चेतावनी देते हुए अतिशीघ्र वैसे पंचायत जहां लंबित आवास निर्माण की संख्या सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री के आवास सहायक से एक-एक कर जवाब तलब किया गया। वही आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि लेकर आवास निर्माण प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों से राशि वसूली की कार्रवाई तत्परता से की जाए। इसके लिए सबसे पहले सफेद नोटिस,फिर लाल नोटिस,फिर नीलाम पत्र वाद दायर किया जाए।

इसके उपरांत प्राथमिकी दर्ज कराते हुए यदि लाभुक ने नींव तक का निर्माण कर लिया है। तो उसे तुरंत द्वितीय किस्त की राशि मिल जानी चाहिए। ऐसे आवास सहायक जो समय पर द्वितीय किस्त की राशि उपलब्ध नहीं कराते हैं उन्हें कार्रवाई की जाएगी लंबित इंदिरा आवास योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया की 1834 लाभुको अभी तक आवास निर्माण नहीं किए हैं । वर्ष 2010 से 2016 तक वैसे लाभुकों का सत्यापन करा लेने एवं डाटा अद्यतन कर लेने का निर्देश दिया। यदि कोई लाभुक राशि लेकर आवास निर्माण नहीं करवाया है,तो उससे राशि वसूली की कार्रवाई करने का निर्देश दिया वही बीडीओं ने बताया कि आवास प्लस योजना के तहत इस वर्ष 6000 लाभुकों को जो प्रतीक्षा सूची मे से कम से कम 1487 निबंधन कर प्रथम किस्त की राशि करना सुनिश्चित करें सभी आवास सहायक को कैंप मोड में 95ः प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वित्तीय वर्ष 2016-2021 में अवशेष 1053 को 95ः शत प्रतिशत 28 अप्रैल तक पूर्ण कराने का निर्देश सभी आवास सहायक को दिया बैठक में पर्यवेक्षक सत्यप्रकाश कार्यपालक सहायक जितेंद्र कुमार, रामकृत सिंह उपस्थित थे।

# भूमि विवाद को लेकर तलवारबाजी में एक घायल

सदर, प्रात: किरण संवाददाता

मब्बी ओपी के शीशो पष्चिमी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो सहोदर भाईयों के बीच मंगलवार को देर शाम तलवार की घटना घटी है। इस तलवार बाजी की घटना में एक भाई स्व उस्मान शेख का माँझील पुत्र शोएब शेख गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके सर से लेकर शरीर के कई जगहों पर वार करने से खून की धारा निकलने लगा।

परिजन आनन फानन में घायल को इलाज के लिये डीएमसीएच ले गये। गंभीर अवस्था में उसका डीएमसीएच के डाक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है। घायल शोएब अस्पताल में जिंदगी एवं मौत से जूझ रहा है। घटना की सूचना संबंधित थाना को मिली। सूचना मिलते ही ओपी अध्यक्ष मनीष कुमार अपने सुरक्षा बल को घटनास्थल पर भेजा। पुलिस स्थल पर पहुँच कर जाँच की। लेकिन उससे पहले गंभीर रुप से घायल को इलाज के लिये ले जाया गया था। बताया जा रहा है कि अफ्तारी के बाद वह शीशो चौक स्थित अपने आवास के सामने दरभंगा कमतौल मुख्य पथ पर टहल रहा था। इसी बीच उनका छोटा भाई सोहेल शेख कुछ अज्ञात लोगों के साथ पहुंच कर उनपर हमला कर दिया। घटना के संबंध में कहा जा रहा है कि तीन माह से आपस में जमीनी विवाद चल रहा है।

बताया गया है कि शोएब अपने नीजी जमीन को किसी बिक्रेता के हाथ बेच दी है। इसे लेकर छोटा भाई ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए माह फरवरी में ही खरीददार पर न्यायालय में मामला दर्ज करा दिया है। तब से दोनों में विवाद उत्पन्न है। इसी को लेकर विवाद आगे बढ़ते गया एवं मामला यहाँ तक पहुँच चुका है। शोएब तीन भाईयों में मांझिल है। कहा यह भी जा रहा है कि बड़ा एवं छोटा भाई मिलकर घटना को अंजाम दिया है। इधर पुर्व मुखिया शमसे आलम खां सहित दर्जनों ग्रामीणों ने इस जधन्य घटना की नींदा की है। उन्होंने इसकी जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की पुलिस प्रशासन से माँग की है।

# फाइलेरिया उन्मूलन मुहिम को मिलेगी गति, राज्य के 6 जिलों में होगा नाईट ब्लड सर्वे



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को गति देने की मुहिम तेज कर दी गयी है। इसको लेकर बुधवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के पटना स्थित कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइलेरिया संक्रमण की स्तिथि की पहचान के लिए नाईट ब्लड सर्वे यानी रात्रि रक्त सर्वेक्षण पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी गयी। राज्य के 6 जिलों में नाईट ब्लड सर्वे का आयोजन किया जाना है। जिसमें दरभंगा, नवादा, नालंदा, लखीसराय, समस्तीपुर और रोहतास जिले शामिल हैं। इन जिलों में मई के प्रथम दो सप्ताह में नाईट ब्लड सर्वे संबंधित गतिविधि पूरा किया जाएगा। इस दौरान लैब तकनीशियन एवं वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल के अधिकारी भी मौजूद थे। प्रशिक्षण का संचालन अपर निदेशक सह फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विपिन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुआ। लैब तकनीशियन की संपूर्ण जानकारी जरुरी कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य समन्वयक डॉ. राजेश पांडेय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने नाईट ब्लड सर्वे की सफलता के लिए लैब तकनीशियन की निपुणता को अहम बताया। उन्होंने नाईट ब्लड सर्वे करने की सही विधि एवं इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए नाईट ब्लड सर्वे के द्वारा फाइलेरिया परजीवी की मौजूदगी सबसे महत्वपूर्ण सूचकांक है।

इसके लिए चिन्हित गाँव एवं शहरी क्षेत्रों में रात्रि यानी 8.30 से 12 के बीच में नाईट ब्लड सर्वे करना जरुरी है एवं इस सर्वे में अधिकतम लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करना भी जरुरी है। सर्वे की पूरी तैयारी करने पर जोर प्रशिक्षण का संचालन फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज रावत ने किया। साथ ही डॉ. रावत ने नाईट ब्लड सर्वे के लिए चिन्हित जिलों को नाईट ब्लड सर्वे से संबंधित जानकारी एवं अन्य सूचनाओं के आदान-प्रदान की जरुरत पर बल दिया। इससे संबंधित सभी 6 जिलों को एक आधिकारिक पत्र जारी करने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च सहित केयर इण्डिया एवं लेप्रा के अधिकारी भी मौजूद रहें एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की बात कही।

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



बहेड़ी, प्रात: किरण संवाददाता

बाजार के शांति नायक हाई स्कूल मैदान में 108 कुंडीय गयत्री महायज्ञ का शुभारंभ धर्म ध्वजारोहण व कलश शोभा यात्रा से किया गया। ध्वजारोहण कार्य बेनीपुर विधायक पो0 विनय चौधरी एवं हायाघाट विधायक रामचन्द्र प्रसाद व बीडीओ गंगा सागर सिंह ने किया। इसके बाद निकली कलश शोभा यात्रा में 1100 बहनो में मस्तक पर कलस धारण कर नगर परिक्रमा किया। इस कलष से रचित सद्गरण्य के 108 सेट को कन्याओ ने धारण किया। हरिद्वार से आये ऋषि पुत्रो की टोली ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ महायज्ञ की शरूआत किया। वेद व गायत्री मंत्रों से बाजार सहित आसपास के इलाकों में भक्तिमय माहौल बन गया। गायत्री परिवार के कार्यक्रम प्रभारी डॉ अजय कुमार ने कहा संध्या में शांति कुंज के प्रतिनिधि संगीत व प्रवचन प्रस्तुत कर श्रोताओ को भक्ति व ज्ञान गंगा में डुबोएंगे। प्रवचन में युग साहित्य से वर्तमान समस्याओ का समाधान पर प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। अगले दिन देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, कार्यकर्ता गोष्ठी, मुंडन संस्कार आदि कार्यक्रम विधिवत संचालित होगी। कलश यात्रा में प्रभारी थानाध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जगह जगह सुरक्षा कर्मी तैनात किया गया था।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जहानाबाद।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को जिले के कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इसी कड़ी में राजकीय मध्य विद्यालय बभना में स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने पेंटिंग एवं निबंध के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को जिला अग्निषमन पदाधिकारी ने पुरस्कृत किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रषांत कुमार को प्रथम, अभिषेक कुमार को द्वितीय एवं शुभम कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला। इधर जिला अग्निषमन कार्यालय में एलपीजी गैस के डीलरों के प्रबंधकों के बीच गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेषन द्वारा निर्गत परामर्ष क्या करे? क्या नहीं करें? एवं सुरक्षा के अन्य उपायों के बारे में विधिवत रूप से जानकारी दी गई। वहीं मनोज सर्विस स्टेषन के प्रांगण में इंडियन ऑयल के एरिया सेल्स मैनेजर ब्रजेष कुमार की अध्यक्षता में जिले के पेट्रॉल पम्प के प्रबंधकों को पदाधिकारी प्रभा कुमारी एवं अन्य अग्निषमन कर्मी के द्वारा जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### गया जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार 2 को बनाएगा सुपर ट्रेनर

गया। दीपक कुमार, स्टेशन प्रबंधक - 2, गया को रेल कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुपर ट्रेनर बनाया गया। भारतीय रेल प्रबंधन संस्थान, लखनऊ द्वारा इन्हें सुपर ट्रेनर की उपाधि दी गई। पूरे डीडीयू मंडल के सभी स्टेशन मास्टरों को श्री कुमार प्रशिक्षण दे रहे है। गया से डीडीयू स्टेशन तक के सारे स्टेशन मास्टर इनसे प्रशिक्षण पाकर काफी लाभान्वित हो रहे हैं और ऐसा महसूस कर रहे हैं कि भारत सरकार द्वारा यह प्रशिक्षण हमेशा चलाना चाहिए। इससे सारे कर्मचारियों में श्री कुमार के सुपर ट्रेनर बनने पर खुशी का माहौल है।

### जेसीबी से सड़क भराई का आरोप

भितहो प्रखंड के परसौना पंचायत के वार्ड नंबर चार के वार्ड सदस्य कमलेश चौधरी ने पंचायत के जिगनहीं गांव से गंडक नदी तक जाने वाली सड़क में मशीन से हो रहे सड़क भराई कार्य का आरोप लगाते हुए सोमवार को बताया कि मै उक्त वार्ड का वार्ड सदस्य हूं और मेरे हीं वार्ड में मनरेगा योजना में मशीन से सड़क पर मिट्टी भराई का कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि चंदन गुप्ता एवं रोजगार सेवक द्वारा अनभिज्ञता जताई गई और कहा गया कि हम लोगों को इस कार्य की कोई जानकारी नहीं है। वहीं ग्रामिणों ने उक्त कार्य पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वरीय पदाधिकारियों को उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही करनी चाहिए।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

जहानाबाद। सदर प्रखंड क्षेत्र के घोरहट गांव का है। जहां दबंगो द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर भवन निर्माण किया गया था। जिसके खिलाफ आज सदर अंचलाधिकारी संजय कुमार अम्बष्ट के नेतृत्व में अभियान चलाकर मकानों को ध्वस्त किया। वही इस कार्रवाई से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अंचलाधिकारी संजय अम्बष्ट ने बताया कि सदर प्रखंड के घोरहट गांव के राजेंद्र यादव के द्वारा सरकारी भूमि पर मकान बनाया गया था। जिसको लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी और इसी कड़ी में आज कार्रवाई किया गया है। अतिक्रमण किए गए जमीन को मुक्त कराया गया है।

# ब्रांच मैनेजर से लूटपाट मामले में दो गिरफ्तार



जमुई, एजेंसी

**गिरफ्तारी**

- मैनेजर से बाईक सहित सैमसंग कंपनी का एक टैब एवं 1,08,987 रू0 लूटे थे

जमुई में बीते 30 मार्च को हरना के पास भारत फाईनेंस नन बैकिंग कंपनी के ब्रांच मैनेजर सोनू कुमार के साथ हुई लूटपाट मामले में दो अपराधी को झाझा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। झाझा एसडीपीओ रविशंकर प्रसाद ने बताया कि नन बैंकिंग कंपनी के मैनेजर से बाईक सहित सैमसंग कंपनी का एक टैब एवं 1,08,987 रू0 लूट के मामले में तीन अपराधी शामिल थे। जिसमे से एक अपराधी सोनो थानाक्षेत्र के लखनकियारी गांव के रहने वाले संदीप कुमार को बीते 15 अप्रैल को डुमरपोखर से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर दो अपराधी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनो अपराधी डब्लू कुमार और अमित कुमार खैरा थाना के कोदवारी गांव का बताया जाता है। झाझा पुलिस को सुचना मिली की दोनो घर पर है। सूचना मिलते ही मंगलवार की रात्रि झाझा थानाध्यक्ष राजेश शरण पुलिस दलबल के साथ दोनो के घरो पर छापेमारी करते हुए 20 हजार रू0 नगद के साथ दोनों अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए दोनों अपराधी ने घटना मे अपनी संल्पिता स्वीकार किया। गिरफ्तार अपराधी अमित और डब्लू चचेरा भाई है जो संदीप के कहने पर तीनो मिलकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। अमित इस वर्ष की मैट्रिक की परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद पटना मे अपने भाई के पास ही रहकर आगे की पढ़ाई कर रहा था। जबकि, डब्लू मैट्रिक मे तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने घर पर ही रह रहा था। गिरफ्तार दोनो अपराधियो ने बताया कि संदीप इस घटना मे 20 हजार देने की बात की थी जिसमे 15 हजार रुपए ही दिया। झाझा एसडीपीओ ने बताया कि तीनो को गाईडलाईन करने वाला अपराधी कोई और है जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

### आजादी के अमृत उत्सव के मौके पर सेमिनार आयोजित, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि हुए शामिल

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के खजौली आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पंचायतों के सतत विकास का लक्ष्य 2030 को लेकर एक सेमिनार का आयोजन बुधवार को खजौली प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया गया। इस दौरान उपस्थित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी सह बीपीआरओ भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि पंचायतों के चहुमुखी विकास को लेकर पंचायत प्रतिनिधि गंभीर होंवे एवं विस्तृत कार्य योजना बनाएं। वहीं जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा बनाई जा रही नित्य नई नीतियां पंचायतों के विकास में उलझन पैदा कर रही है। वहीं पंसस नागमणि सिंह ने कहा कि अगर साफ नियत से पंचायत के विकास की योजना बनाई जाय तो विकास संभव है। वहीं सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख कुमार उषा ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। पंचायतों का सतत विकास जारी है, बावजूद अब भी गांव व पंचायतों को विकास की दरकार है। इस दौरान बीपीआरओ श्री गुप्ता ने उपस्थित सभी मुखिया से आगामी 24 अप्रैल को अपने-अपने पंचायत में विधिवत ग्राम सभा का आयोजन करने एवं ग्राम पंचायत के विकास की कार्य योजना बनाने का आग्रह किया। इस सेमिनार में मुखिया अर्जुन सिंह, जयप्रकाश मंडल, छठू पासवान, अशोक कुमार सिंह, श्रीमोहन झा, कार्यपालक सहायक अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

# रेलवे सुरक्षा बल द्वारा किए गए अच्छे कार्य

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने एवं सहायता पहुंचाने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 19 अप्रैल, 2022 को रेलवे सुरक्षा बल के डेहरी ऑन सोन पोस्ट द्वारा रात्रि गश्ति के दौरान प्लेटफॉर्म पर एक 10 वर्ष की नाबालिग लड़की को घुमते हुए पाया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वो गुस्से में घर से बिना बताए नाराज होकर चली आयी है। इसके उपरांत सुरक्षा बल द्वारा लड़की के परिजन को फोन कर बुलाया और उन्हें सुरक्षित सौंप दिया गया।

इसी तरह दिनांक 19.04.2022 को रेलवे सुरक्षा बल के गया पोस्ट को सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के डी-1 कोच में एक 16 वर्ष की नाबालिग लड़की यात्रा कर रही है। उससे पूछताछ करने पर पता चला कि परिजनों के डांट की वजह से घर से बिना बताए चली आयी है। इसके उपरांत सुरक्षा बल द्वारा लड़की को ट्रेन से उतारकर पोस्ट पर लाया गया। इसके उपरांत लड़की के परिजन को सूचित करते हुए चाइल्ड लाइन/गया को उसकी बेहतर देखभाल एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया।19 को रेलवे सुरक्षा बल के गया पोस्ट को सूचना मिली कि बेलगांव/कर्नाटक की एक महिला गया स्टेशन पर छूट गयी है। सुरक्षा बल द्वारा चेक करने पर उक्त महिला प्लेटफॉर्म सं. 6/7 पर मिली। इसके उपरांत महिला को पोस्ट पर लाकर रखा गया एवं उनके परिजन को सूचना दी गयी। उनके परिजन के आने के उपरांत उचित सत्यापन के बाद उन्हें सुपुर्द किया गया। दिनांक 18 को रेलवे सुरक्षा बल के बरौनी पोस्ट को स्टेशन पर गश्त के दौरान एक महिला मिली। उससे काफी पूछताछ करने पर उसने अपना नाम और पता बतायी तथा यह मालूम हुआ कि वह भटक कर यहां आ गयी है। इसके उपरांत सुरक्षा बल द्वारा उनके परिजन को सूचित किया गया। परिजन के बरौनी पोस्ट पहुंचने पर उचित पहचान व सत्यापन के बाद उक्त भटकी हुई महिला को उन्हें सौंप दिया गया।

19 अप्रैल को प्राप्त शिकायत के आलोक में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पटना जं. द्वारा गाड़ी संख्या 03338 पैसेंजर के पटना पहुंचने के उपरांत चेक किया गया तो एक काला रंग का पिट्ठू बैग पाया जिसे पटना जं. के पोस्ट पर लाकर रखा गया। इसके उपरांत शिकायतकर्ता के पटना जं. पहुंचने पर सुपुर्दगीनामा पर हस्ताक्षर कराकर उन्हें उनका समान सही सलामत सौंप दिया गया। इसी तरह 19 को एक शिकायत प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 13152 से एक व्यक्ति लखनऊ से अनुग्रह नारायण रोड की यात्रा पर थे और अनुग्रह नारायण रोड पहुंचने पर वो अपना सामान प्लेटफॉर्म पर उतराने के पश्चात अपने बच्चे को उतराने हेतु ट्रेन में पुनः चढ़े परंतु ट्रेन के खुल जाने के कारण वो बच्चों के साथ ट्रेन से उतर नहीं पाये और उनका समान वहीं छूट गया। इस शिकायत के आलोक में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औरंगाबाद द्वारा सामान उठाकर पोस्ट पर लाकर रखा गया और यात्री के पोस्ट पर आने के उपरांत उनकी पहचान सुनिश्चित कर सभी सामानों का मिलान कराते हुए उन्हें सामान सौंप दिया गया।

इसी तरह 19 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल के डीडीयू पोस्ट को सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 19421 से के बी-3 कोच में अहमदाबाद से पटना की यात्रा कर रहे एक यात्री का रात्रि 02.20 बजे डीडीयू पहुंचने पर गलतफहमी में वहां उतर गये। बाद में जब गाड़ी खुली तो उसको ज्ञात हुआ कि वह गलत स्टेशन पर उतर गया है तो उसने दौड़ कर गाड़ी पकड़ ली परंतु सामान (03 बैग) स्टेशन पर ही छूट गया है। सुरक्षा बलों द्वारा सामान बरामद कर पोस्ट पर लाकर रखा गया और यात्री के पोस्ट पर आने के उपरांत उनकी पहचान सुनिश्चित कर सभी सामानों का मिलान कराते हुए उन्हें सामान सौंप दिया गया।

19 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल के धनबाद पोस्ट को एस्कॉर्ट पार्टी द्वारा सूचना मिली कि कोच सी-3 में हावड़ा से धनबाद की यात्रा कर रहे एक व्यक्ति ने गलती से दूसरे व्यक्ति का ट्रॉली बैग लेकर उतर गये हैं। उक्त सूचना पर धनबाद पोस्ट के सुरक्षा बल द्वारा छानबीन कर रहे थे तभी एक व्यक्ति आकर बोला कि वह गलती से बगल के यात्री का ब्लू रंग का ट्रॉली बैग लेकर आ गया हूं और अपना काला रंग का ट्रॉली कोच में ही छोड़ दिया हूं। तत्पश्चात उक्त ट्रॉली बैग को यात्री को वीडियो कॉल पर दिखाया गया तो यात्री ने अपना ट्रॉली बैग पहचान लिया। दोनों यात्रियों के पोस्ट पर पहुंचने पर जांच के उपरांत उन्हें उनके ट्रॉली बैग सौंप दिया गया।

# दानापुर मंडल के 07 जोड़ी ट्रेनों के रेकों का किया जायेगा मानकीकरण

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समय पालन में और बेहतरी हेतु दानापुर मंडल से खुलने वाली 07 जोड़ी ट्रेनों के रेकों का मानकीकरण किया जायेगा अर्थात इन सभी 07 ट्रेनों में आरिक्षत श्रेणी के कोचों की संख्या एक समान होगी। इससे फायदा यह होगा कि अगर कोई एक ट्रेन विलंब से पहुंचती है तो उसके स्थान पर चयनित अन्य ट्रेन के रेक का उपयोग कर उसे समय पर खोला जा सकेगा।

रेकों के मानकीकरण के क्रम में पटना/राजेन्द्रनगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 13201/13202 पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पटना एक्सप्रेस, 13237/13238 पटना-कोटा-पटना एक्सप्रेस, 13239/13240 पटना-कोटा-पटना एक्सप्रेस, 13246/13245 राजेन्द्रनगर-न्यू जलपाईगुड़ी-राजेन्द्रनगर कैपिटल एक्सप्रेस, 13248/ 13247 राजेन्द्रनगर-कामाख्या - राजेन्द्रनगर कैपिटल एक्सप्रेस, 12352 /12351 राजेन्द्रनगर-हावड़ा- राजेन्द्रनगर एक्सप्रेस एवं 13242/13241 राजेन्द्रनगर - बांका - राजेन्द्रनगर एक्सप्रेस के रेकों का मानकीकरण किया जायेगा। रेकों का यह मानकीकरण दिनांक 25.08.2022 एवं इसके उपरांत प्रभावी होगा। मानकीकरण के तहत इन सभी 07 जोड़ी ट्रेनों के कोच संयोजन में बदलाव किया जायेगा। रेकों के मानकीकरण के प्रभावी होने के पश्चात इन सभी 07 जोड़ी ट्रेनों के आरक्षित श्रेणी के कोचों की संख्या में बदलाव के उपरांत प्रथम वातानुकूलित श्रेणी के 01 कोच, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी एवं शयनयान श्रेणी के 06-06 कोच होंगे। इसके साथ ही इन सभी में सामान्य श्रेणी के भी कोच होंगे।

# अनुमंडल के 7 प्रखंड में जाति, निवास, आय आवेदन लेने और निष्पादन में सबसे आगे

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता



बगहा अनुमंडल अंतर्गत सात प्रखंडों में लोक सेवा अधिकार के मामले जिनमें जाति, निवास, आय आवेदन लिए और प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं। जिसमें विगत लगभग 2020 के अंतिम महीने से अब तक आरटीपीएस काउंटर के माध्यम से लोगों से जाति निवास आय बनाने के लिए आवेदन लिए गए। जिसमें प्रखंड बगहा दो जाति, निवास, आय बनाने में के मामले में सबसे आगे है।

बगहा दो अंचलाधिकारी राजीव रंजन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 1,39,833 आवेदन अब तक लिए गए। जिसमें कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। जिसके लिए बगहा दो प्रखंड के आरटीपीएस काउंटर के कर्मियों आईटी पवन कुमार, कंप्यूटर कर्मी रवि रंजन कुमार, राकेश कुमार शर्मा, आदि कर्मियों के चलते आरटीपीएस के कार्य अब तक पूरा हुआ है। वही इसके बाद प्रखंड बगहा एक आवेदन लेने के मामले में दूसरे स्थान पर है। बगहा एक अंचलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि कुल 93697 आवेदन लिए गए। जिसमें अभी 1951 मामले लंबित है। सीओ ने बताया कि लंबित मामलों को कुछ ही दिनो में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही बगहा प्रखंड एक के आईटी सहायक अरविंद कुमार, विकास कुमार, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार आदि के चलते आरटीपीएस के कार्यों को पूरा किया गया। वहीं तीसरे स्थान पर रामनगर प्रखंड जिसमें 77890 आवेदन लिए गए, कुल 2923 आवेदन लंबित है। इसी तरह भीताह में 75301 आवेदन लिए गए कुल 33 आवेदन लंबित है। मधुबनी प्रखंड में 20273 आवेदन लिए गए चार आवेदन लंबित है। ठाकरहा प्रखंड में कुल 8370 आवेदन और 2 मामले लंबित है। पिपरासी प्रखंड में 6418 आवेदन लिए गए और एक किस मामले लंबित है। बगहा अनुमंडल के सभी 7 प्रखंडों में आरटीपीएस के माध्यम से लोगों के जाति निवास आय के आवेदन बनाने और प्रमाण पत्र निर्गत विगत वर्षों में किया गया।

# जाली नोट मामले में पुलिस संदिग्धों से कर रही है पूछताछ

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता

बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के शिवराज यादव को मोबाइल से रुपये ट्रास्पर करना महंगा पडने लगा है। हालांकि शिवराज यादव ने जाली नोट मामले की जानकारी मंगलवार की शाम चौतरवा थाना पुलिस को दे दी है। जाली नोट मामले में पुलिस दो संदिग्धो से पुछ ताछ करने मे जूट गई है।

जाली नोट मामले की उस समय खुलासा हुआ जब शिवराज यादव से कहा गया की तुम अपने मोबाइल से 43 हजार 500 रुपये एक व्यक्ति की खाता मे डाल दो। रुपये भी शिवराज ने खाते मे डाल दिये। जब शिवराज अपनी रुपये लेने की मांग किया तो उसे 43 हजार 500 रुपये दे दी गई। जब शिवराज अपने खाते मे रुपये जमा करने गया तो पांच सौ रुपये की 87 नोट जाली निकले। चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि पांच सौ रुपये की 87 नोट जाली बरामद की गई है तथा मामले में शामिल संदिग्धो से पुलिस जाली नोट के बारे मे आवश्यक पुछ ताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में लक्ष्मीपुर गांव के शिवराज यादव ने जाली नोट मामले में एक लिखित आवेदन देकर मामले की जांच करने व जाली नोट मामले में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में 43 हजार 500 रुपये की जाली नोट की उस समय खुलासा हुआ जब भैंस की खरीद बिक्री हो रही थी। तथा शिवराज को अपने मोबाइल से रुपये ट्रास्पर करने की बात कही गई। शिवराज यादव सुज बुझ से कार्य नही करता तो जाली नोट लेकर अपनी स्वयं रुपये गवां चूका होता। जब शिवराज उक्त राशि को बैंक में जमा करने गया तो 43 हजार 500 रुपये के सभी नोट जाली निकले। हालांकि पुलिस मामले की सूक्ष्मता पूर्वक व बिन्दुवार तहकीकात करने मे जूट गई है।

# शिक्षक की भूमिका में दिखे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी

दुल्हिन बाजार, प्रात: किरण संवाददाता



दुल्हिन बाजार प्रखंण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कुकरी बिगहा का बुधवार को सुबह 8:06 बजे दुल्हिन बाजार, प्रखंण्ड शिक्षा पदाधिकारी राम विलास रमण के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर सभी शिक्षक अपने-अपने वर्ग कक्ष में शिक्षण कार्य करते नजर आए।

शिक्षा पदाधिकारी ने भी वर्ग 3 में जाकर लगभग 30 मिनट भाषा-गणित का क्लास लिए और ब्लैक बोर्ड पर भाषा-गणीत से जुड़े प्रश्न देकर छात्र-छात्राओं के सीखने का स्तर का अवलोकन किये। आयुष, ज्योति, पीयूष, रूपा, अंकुश, खुशी ने भी पदाधिकारी के द्वारा दिये गए प्रश्नों का हल बहुत बेहतर ढंग से किया। छात्र छात्राएं वरीय पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय में शिक्षण करवाते हुए देखकर बहुत खुश नजर आ रहे थे। सभी बच्चे शिक्षण कार्य में रुचि ले रहे थे। शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि शिक्षक और छात्र में मित्रवत व्यवहार होना चाहिए ताकि छात्र निर्भीक होकर, वेझिझक शिक्षक से कोई सवाल पूछ सके। निरीक्षण के दौरान बीआरपी नाईमा मैडम भी उपस्थित थी।

# प्रखंड बगहा एक व दो में शारीरिक शिक्षा व स्वास्थ्य अनुदेशक पद पर लिए जा रहे आवदेन

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता



बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक व दो प्रखंड में वैसे अभ्यथीर्यों के लिए सुनहरा अवसर मिला है, जो बारहवीं उत्तीर्ण के साथ शारीरिक डिप्लोमा व बिहार परीक्षा समिति द्वारा टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी हैं। वैसे अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक पद के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।

उक्त आशय जानकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बगहा एक व दो विजय कुमार, हेमंत सिंह ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रखंड बगहा एक सभागार एवं प्रखंड कार्यालय बगहा दो में काउंटर खोला गया है। जहां इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रखंड बगहा एक सभागार में प्रतिनियुक्त शिक्षक अरुण कुमार, अंशु कुमार के पास जमा कर सकते हैं, तो वही प्रखंड बगहा दो में प्रतिनियुक्ति शिक्षक राजू कुमार, सुजीत कुमार के द्वारा आवदेन जमा किए जा रहे हैं। बगहा एक में 30 तथा बगहा दो में 19 रिक्ति पद हैं।

प्रखंड स्तर से अभ्यर्थी अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। वही आवदेन 11अप्रैल से लेकर 26 अप्रैल तक आवेदन जमा किये जायेंगे। जहां अभी प्रखंड बगहा एक में 33 व बगहा दो में 34 आवेदन प्राप्त किये गए हैं। बीपीआरओ ने बताया कि द्वारा विद्यालयवार एवं नियोजन इकाईवार आवंटित पद के लिए शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक पद नियुक्त किया जायेगा। वही मेधा सूची 29 अप्रैल को जारी किया जाएगा साथ ही एनआईसी पोर्टल पर सूची जारी भी कर दिया जाएगा। आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 5 मई तक हैं। आपत्ति का निराकरण के पश्चात नियुक्ति प्राधिकार से मेधा सूची पर अंतिम रूप से अनमोदन 9 मई प्राप्त किया जाएगा।

# पीओ ने मनरेगा कर्मियो के साथ की बैठक दिए निर्देश

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता

बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के मनरेगा कार्यालय के प्रकोष्ठ में बुधवार को मनरेगा पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने चौबीस पंचायत के कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक, पंचायत रोजगार सेवकों के साथ साप्ताहिक बैठक किये। बैठक के दौरान पीओ ने पिछले कार्यों की समीक्षा करते हुए मनरेगा कर्मियो से बारी बारी से जानकारी प्राप्त किये। मनरेगा कर्मियो को निर्देशित किया जल जीवन हरियाली योजना के तहत विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करेंगे साथ ही मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एमएमएस एप के बारे मनरेगा कर्मियो से जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें निर्देशित किए की मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एप से पंचायतों में निगरानी करेंगे। मस्टरोल में श्रमिक का फोटो होगा तथा साइट पर श्रमिक को खड़ा कर फोटो के साथ उसकी हाजिरी भरी जाएगी मनरेगा योजना से जुडे प्रखंड के सभी अधिकारी इस सिस्टम से जुड़े रहेंगे। इससे फर्जी हाजरियो व फजीर्वाड़े पर पूरी तरह रोक लगेगी साथ ही कार्य स्थल पर काम करने वाले श्रमिक को अपनी मेहनत का पूरा मेहनताना मिलेगा। जहां सभी मनरेगा कर्मी पंचायतों में मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एप लागू कराना सुनिश्चित करेंगे। नई योजनाओं के संबंध में उन्होंने सभी पीआरएस व जेई को आवश्यक निर्देश दिए कि चयनित योजनाओं की सूची उपलब्ध होते ही कार्य प्रारंभ करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मनरेगा कर्मियो सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्यों शिथिलता बरतने वाले कर्मियो पर विभागीय कारवाई करने की अनुशंसा की जायेगी।

### कुरसाहा : आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों के स्वास्थ्य की हुई जांच



मोहिउद्दीन नगर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज कुरसाहा के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 34 पर राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 75 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम की टीम लीडर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुजीत कुमार के द्वारा किया गया जिसमें 6 बच्चों के दांतो की बीमारी के वजह से वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहिउद्दीन नगर रेफर किया गया एवं दो बच्चों को सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर किया गया। मौके पर आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 34 की सेविका फुल कुमारी सहायिका सुलेखा कुमारी के साथ फार्मासिस्ट कुंदन कुमार मौजूद थे।

# बिहार प्रदेश जदयू व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल नोपनी का गया में आगमन

गया, प्रात: किरण संवाददाता



**बैठक**

- नीतीश कुमार व्यवसायियों को सच्चे नेता है: महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल

मगध प्रमंडल जदयू व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ठ की बैठक बुधवार को जिला अतिथि गृह में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जदयू द्वारिका प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश जदयू व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल नोपनी को एवं प्रदेश अध्यक्ष के साथ में अवधेश भगत, किशोर कुमार लहेरी, रंजीत शाह सभी को बुके माला व अंग वस्त्र से कार्यकताओं ने स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष कमल नोपानी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा व्यवसायियों के हित में किए जा रहे कार्यों का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 24 अप्रैल को पटना के कपूर्री सभागार में भामाशाह जयंती समारोह में मगध प्रमंडल के सभी व्यवसायियों को आमंत्रित किया। मगध प्रमंडल प्रभारी राजेश प्रसाद एवं जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने कहा कि गया जिला व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ठ प्रखंड पंचायत एवं जिला स्तर पर कमेटी मजबूत है और मजबूत कर संगठन में व्यवसाई एवं उद्योग वर्ग के लोगों को सरकार द्वारा कल्याणकारी योजना की जानकारी गांव तक जाकर कराने की आवश्यकता है, ताकि सरकार का योजना का सही लाभ सभी को जानकारी हो। महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल ने नीतीश सरकार की व्यापारियों एवं उद्यमियों को योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि नीतीश कुमार व्यवसायियों को सच्चे नेता है। आगे उन्होंने कहा 24 अप्रैल को गया से पटना कपूर्री सभागार में भामाशाह जयंती समारोह में सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक अजय पासवान, महानगर अध्यक्ष नीरज वर्मा, अमित अधिवक्ता, मनोज कुटियर, दिग्विजय कुमार, संजीत अधिवक्ता, मुन्ना पटवा, मेघनाथ पटवा, मुन्ना गुप्ता, दीपू गुप्ता, अनिल पांडे, विनोद यादव, श्री कांत, महेंद्र वर्णवाल, पंकज कुमार, महेन्द्र कुमार, अलख देवगिरी, सनोज कुमार कानू, मनोज भदानी, केशर पटवा, राजकुमार शाह सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तेज आंधी में पेड़ के चपेट में आया एक युवक मौत

**नरकटियागंज।** मंगलवार की रात तेज रफ्तार के आंधी तूफान से एक विशाल पेड़ गिरने से दबकर एक युवक की मौत हो गई जबकी दूसरे युवक कि स्तिथी नाजुक है। घटना शिकापुर थाना क्षेत्र के मलदहिया चौक के पास की है। मृत युवक की पहचान मलदहिया गांव निवासी गोलु शर्मा पिता भरत शर्मा के रूप में हुई है वही दूसरे घायल युवक की पहचान मलदहिया गांव निवासी प्रेम कुमार पिता विधा साह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपने घर बाइक से मलदहिया जा रहे थे कि अचानक तेज रफ्तार आंधी में पेड़ गिरने से दोनों युवक पेड़ के नीचे दब गए एक कि घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे कि स्तिथि चिंताजनक है। मौके पर पहुची शिकारपूर पुलिस ने घायल युवक को अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक प्रेम कुमार का इलाज गोरखपुर हॉस्पिटल में चल रहा है।

# पंचायत प्रतिनिधियों का तीसरे दिन भी धरना जारी, धरनास्थल पर नहीं आए कोई अधिकारी

कुर्था, अरवल, प्रात: किरण संवाददाता



कुर्था प्रखंड मनरेगा कार्यालय के सामने सोमवार को कुर्था दक्षिणी भाग 2 के जिला परिषद सदस्य महेश यादव के नेतृत्व जन प्रतिनिधी मोर्चा बैनर तले प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के द्वारा विगत तीन दिनो से धरना को किसान नेता जानकदेव बाबु ऊर्फ गांधी जी समर्थन देते हुए कहा कि अपहरसाही को पर लगाम लगाना जरूरी है। किसान नेता मो सरवर जी कहा कि मनरेगा में काम कम और विभाग से अवैध निकासी कर दोहन ज्यादा हो रहा है। राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ जिला प्रवक्ता ने कहा की मनरेगा मे योजना की जांच का मांग करने पर आवेदन कर्ता और जनप्रतिनिधि के ऊपर मनरेगा विभाग के दलालों से मनरेगा कर्मियों के द्वारा मारपीट करवाई जाती है इसका जीता जागता उदाहरण मानिकपुर पंचायत के केमदारचक गांव में वेद प्रकाश वार्ड सदस्य को योजना जांच के समय पदाधिकारी के सामने ही मनरेगा के बिचौलिया के द्वारा मारपीट किया गया अगर आगे ऐसी घटना का पुनराबृति होता है सभी जनप्रतिनिधी मनरेगा कर्मियों और बिचौलियों को इसका जवाब दिया जाएगा। विजय कुमार विद्यार्थी ने आज कार्यक्रम को अध्यक्षता करते हुए कहा की जनप्रतिनिधी की मांग माने जाने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस मैके पर माले नेता अवधेश यादव ने जनता को संबोधित करते हुएकी मनरेगा मे दलालों की चांदी कट रहा पंचायत समिति रूबी कुमारी सुधीर सिंह पप्पू आलम देवेंद्र कुमार उप प्रमुख अखिलेश कुमार सहित अनेकों कार्यकर्ता किसान संगठन के लोग भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें



### एचडीएफसी एडीआईए को एचडीएफसी कैपिटल की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा

नई दिल्ली। एचडीएफसी लिमिटेड अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) की सहायक कंपनी को एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा। एचडीएफसी ने बुधवार को बताया कि यह सौदा 184 करोड़ रुपये में हुआ। एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स की स्थापना 2016 में हुई थी, और यह एचडीएफसी कैपिटल अफोर्डेबल रियल एस्टेट फंड 1, 2 और 3 की निवेश प्रबंधक है। एचडीएफसी कैपिटल द्वारा प्रबंधित फंड के जरिए किफायती और मध्यम आय वाली आवास परियोजनाओं को वित्त दिया जाता है।

### जेएसडब्ल्यू समूह बंगाल में 900 मेगावाट की पनबिजली परियोजना विकसित करेगा

कोलकाता। जेएसडब्ल्यू समूह पश्चिम बंगाल में 900 मेगावाट की पंप के जरिए भंडारण वाली पनबिजली परियोजना विकसित करेगा। समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने बुधवार को यह घोषणा की। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिंदल ने कहा कि इसे नामांकन के आधार पर विकसित किया जाएगा। जिंदल ने 2019 में पश्चिम बंगाल में पंप के जरिए भंडारण वाली ऊर्जा परियोजना लगाने में दिलचस्पी दिखाई थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने पुरुलिया में बंधुनाला परियोजना में तीसरा पंप भंडारण बिजली संयंत्र विकसित करने का निर्णय लिया है।

### कमजोर येन, महंगे तेल के चलते जापान का व्यापार घाटा मार्च में अनुमान अधिक रहा

तोक्यो। जापान का व्यापार घाटा मार्च में अनुमान से अधिक रहा है। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। कमजोर येन और तेल तथा खाद्य जरूरतों के आयात की बढ़ती लागत के कारण ऐसा हुआ। जापान का व्यापार घाटा मार्च में 412 अरब येन (3.2 अरब डॉलर) रहा, जो इससे पिछले महीने के घाटे 670 अरब येन के मुकाबले कम है, लेकिन विश्लेषकों के अनुमान के मुकाबले काफी अधिक है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने पिछले साल समान अवधि में 615 अरब येन का अधिशेष हासिल किया था। कमजोर येन जापानी निर्यात को विदेशों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाता है, लेकिन इससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों, दोनों के लिए लागत भी बढ़ती है। जापान के वित्त मंत्री शुनिची सुजुकी ने डॉलर की तेजी पर चिंता जताते हुए कहा कि विनिमय दरों में अचानक बदलाव से व्यापार जोखिम बढ़ जाता है।

### माइक्रोसॉफ्ट एक्सबॉक्स के रिसर्च हेड क्रिस नोवाक ने कंपनी छोड़ी

सैन फ्रांसिस्को। माइक्रोसाफ्ट एक्सबॉक्स के रिसर्च एवं डिजाइन हेड क्रिस नोवाक कंपनी छोड़ रहे हैं। वह लगभग 20 साल से इससे जुड़े थे। द वर्ज के अनुसार, क्रिस के लिंक्डइन प्रोफाइल से पता चलता है कि वह गत पांच साल से एक्सबॉक्स के रिसर्च एवं डिजाइन हेड थे। उनकी अगुवाई में ही गेमर्स को एक्सबॉक्स गेम पास, एक्सबॉक्स क्लाउड गेमिंग और एक्सबॉक्स लाइव का आनंद उठा पाये। वह कंपनी में डिजाइन आर्किटेक्ट और डिजाइन डायरेक्ट की भूमिकाओं में भी रह चुके हैं। क्रिस ने लिंक्डइन पर लिखा है कि उन्हें एक्सबॉक्स में अपना करियर अच्छा लगा और यह उनके लिये हमेशा खास रहेगा।

# जी-20 बैठक : महामारी से उबरने के लिए तत्काल समन्वित कार्रवाई की जरूरत: निर्मला सीतारमण

वाशिंगटन, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां जी20 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) की बैठक में कहा कि महामारी के बाद तेजी से पुनरुद्धार के लिए देशों के बीच तत्काल समन्वित कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी झटके का मुकाबला करने के लिए भी इस दिशा में तत्काल कदम उठाना जरूरी है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सीतारमण ने ईएमई के लिए आर्थिक दृष्टिकोण, जोखिम और निकट अवधि की चुनौतियों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा तथा वैश्विक वित्तीय स्थितियों का खासतौर से जिक्र किया। जी20 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) की बैठक का आयोजन आईएमएफ ने किया।

इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि न केवल महामारी से तेजी से उबरने के लिए, बल्कि भविष्य के झटकों का मुकाबला करने के लिए भी सभी देशों द्वारा समन्वित कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास आज वाशिंगटन में आईएमएफ द्वारा आयोजित जी20 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की बैठक में शामिल हुए।

यह बैठक जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक से पहले हुई। वित्त मंत्रालय ने आगे कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ईएमई के लिए आर्थिक परिदृश्य, जोखिमों और निकट-अवधि की नीतिगत चुनौतियों, जैसे खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, तथा वैश्विक वित्तीय स्थितियों पर अपने विचार रखे। आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठकों के लिए सीतारमण सोमवार को वाशिंगटन पहुंचीं थीं।



- भविष्य के झटकों का मुकाबला करने के लिए भी सभी देशों द्वारा समन्वित कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है।
- बैठक जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक से पहले हुई।

### भारत ने यूक्रेन संकट के बीच कहा, ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंता को दूर करने की जरूरत

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण खाद्य और ऊर्जा लागत में वृद्धि के बीच भारत ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा है कि ऊर्जा सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय है। भारत ने कहा कि इस समस्या का सभी को मिलकर समाधान करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने मंगलवार को यूक्रेन में मानवीय स्थिति पर यूएनएससी की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष से पैदा हुई खाद्य सुरक्षा चुनौतियों के प्रति हमें रचनात्मक रूप से प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, विशेष रूप से कई विकासशील देशों के लिए भोजन और ऊर्जा की बढ़ती लागत के मद्देनजर इस संघर्ष का प्रभाव क्षेत्र के बाहर भी महसूस किया जा रहा है। रवींद्र ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को इस मुद्दे का जल्द समाधान निकालने के लिए रचनात्मक रूप से काम करना होगा। उन्होंने कहा, ऊर्जा सुरक्षा एक गंभीर चिंता का विषय है और सहकारी प्रयासों के जरिए इसका मुकाबला करने की आवश्यकता है।

### विश्व बैंक श्रीलंका को आपातकालीन सहायता देने को तैयार : रिपोर्ट

**कोलंबो/वाशिंगटन।** विश्व बैंक श्रीलंका को आपातकालीन सहायता देने और देश में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच कमजोर वर्ग के लोगों की मदद करने को तैयार है। एक मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को विश्व बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी गई। श्रीलंका इस समय दिवालिया होने की कगार पर है और 1948 के बाद से सबसे भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

कोलंबो गजट ने बुधवार को बताया कि विश्व बैंक के उपाध्यक्ष हार्टविग शेफर ने मंगलवार को वाशिंगटन में श्रीलंका के वित्त मंत्री अली साबरी के साथ बातचीत की। साबरी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठकों के लिए अमेरिका में हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि साबरी और शेफर ने आर्थिक संकट को दूर करने के उपायों, स्थिरीकरण के लिए मदद और कमजोर वर्गों की रक्षा करने पर चर्चा की। शेफर ने कहा कि विश्व बैंक गरीबों और कमजोर लोगों पर संकट के प्रभाव को लेकर अत्यधिक चिंतित है और दवाओं, स्वास्थ्य संबंधी आपूर्ति, पोषण तथा शिक्षा के लिए आपातकालीन मदद देने को तैयार है।

## 'मेगा जॉब फेयर-2022' का आयोजन किया गया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुड़गांव के प्रांगण में एक 'मेगा जॉब फेयर-2022' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। दिल्ली विश्वविद्यालय, जीजीएसआईपीयू द्वारका, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय आदि जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थान से लगभग 1200 छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह 9466676211 ने जानकारी देते हुए बताया कि बजाज मोटर्स, जस्ट डायल, टेक महिंद्रा, एक्सक्रिनो, सीक्वेंट टेक्नोलॉजीज, ब्रेन मेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड आदि जैसे विभिन्न बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय ब्रांडों ने भाग लिया। उन्होंने हमारे छात्रों को कई पदों की पेशकश की। हमें विभिन्न कंपनियों में अच्छे प्रोफाइल और वेतनमान के साथ 300+ चयन मिले। उन्होंने कई छात्रों को वजीफा के साथ इंटर्नशिप भी प्रदान की।

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह जी ने कहा कि कोविड के बाद यह वास्तव में उन छात्रों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक है जो पाठ्यक्रम को पूरा कर रहे हैं या अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर निदेशक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) आर.के. कौशिश, डॉ. अजय कुमार डागर (प्राचार्य), श्री कमल शर्मा, सहायक निदेशक (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट), सभी विभाग समन्वयक- सुश्री मोनिका सैनी, डॉ. शमता चुग, डॉ. नेहा तोमर डॉ. सिम्मी मदान, सुश्री अंजलि सहायक प्रोफेसर सीएसई उपस्थित थे।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को भी जीवाश्म ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं किया। इससे पिछले 14 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 रुपये प्रति लीटर और 99.83 रुपये प्रति लीटर है। यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.11 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 108.44 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 103.50 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 27 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की।

इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। उल्लेखनीय है कि बुधवार लगातार 14वां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।



- यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 2 स्टार्टअप पहल की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने बुधवार को विकास में मदद करने के लिए स्टार्टअप उद्यमियों के लिए दो नई पहलों की घोषणा की। माइक्रोसॉफ्ट एआई इनोवेट पहल के तहत, कंपनी स्टार्टअप्स के अपने दूसरे ग्रुप के साथ-साथ स्टार्टअप के लिए एक नया हैकथॉन पेश करेगी ताकि डिजिटल समाधान बनाने के लिए डेवलपर्स को संसाधन और सहायता प्रदान की जा सके।

माइक्रोसॉफ्ट एआई इनोवेट का दूसरा सीजन सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (एसएएएस) स्टार्टअप्स से नामांकन आमंत्रित कर रहा है, जिनके मूल एप्लिकेशन या सेवाएं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकों का उपयोग करके बनाई गई हैं। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के स्टार्टअप इकोसिस्टम की निदेशक संगीता बावी ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट एआई इनोवेट के दूसरे सीजन में कोर एआई स्टार्टअप्स पर गहन ध्यान देने के साथ, हम डेटा और एआई की शक्ति के साथ माइक्रोसॉफ्ट की सर्वश्रेष्ठ एआई क्षमताओं को ला रहे हैं। सास इनसाइडर द्वारा समर्थित, इस पहल को स्टार्टअप्स को अपने संचालन को बढ़ाने, अधिक से अधिक नवाचार चलाने और उद्योग विशेषज्ञता का निर्माण करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम के 10 हफ्तों के दौरान, स्टार्टअप्स को अपने कोर एआई मॉडल बनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट की इंजीनियरिंग और उत्पाद टीमों के साथ निकटता से साझेदारी करने का मौका मिलता है। कंपनी ने कहा कि चयनित स्टार्टअप को ओपनएआई पूर्वावलोकन और क्रेडिट, उद्योग और प्रौद्योगिकी तक पहुंच और विशेषज्ञों द्वारा एआई मास्टरक्लास और स्टार्टअप संस्थापकों और उद्योग के नेताओं द्वारा सलाह दी जाएगी।



### एचपी ने भारत में 12वीं पीढ़ी के प्रोसेसर के साथ पवेलियन लैपटॉप का किया अनावरण

नई दिल्ली, एजेंसी

एचपी ने बुधवार को भारत में अपने यूजर्स के लिए बेहतर प्रदर्शन के लिए 12वीं पीढ़ी के इंटेल कोर प्रोसेसर द्वारा संचालित अपने पवेलियन लैपटॉप लॉन्च किए। 55,999 रुपये से शुरू होकर, बिल्कुल नई पवेलियन सीरीज- एचपी पवेलियन 15, एचपी पवेलियन 14 और एचपी पवेलियन एक्स 360 को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें एक ऑल-मेटल लैपटॉप बनाया गया है जिसमें महासागर से बंधे प्लास्टिक और पुनर्निर्मित एल्यूमीनियम शामिल हैं। एचपी इंडिया मार्केट के पर्सनल सिस्टम्स के वरिष्ठ निदेशक विक्रम बेदी ने एक बयान में कहा, एचपी में, हम अपने यूजर्स को सर्वश्रेष्ठ कंप्यूटिंग अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार अपने पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और पुनर्निर्माण कर रहे हैं। बेदी ने कहा, हमने पुनर्निर्मित एल्यूमीनियम और समुद्र से बंधे प्लास्टिक का उपयोग करके पर्यावरण पर सकारात्मक और सार्थक प्रभाव डालने के लिए डिवाइस को भी डिजाइन किया है।

ताजा पवेलियन पोर्टफोलियो के साथ, हमारा लक्ष्य यूजर्स को जुड़े रहने, मनोरंजन करने और उत्पादक रहने के लिए असाधारण समाधान प्रदान करना है। नया एचपी पवेलियन 15 आईसेफ सर्टिफाइड डिस्प्ले से लैस है जिसे डॉक्टरों के सहयोग से डिजाइन किया गया है ताकि एचपी यूजर्स बिना किसी परेशानी के जब तक चाहें काम कर सकें और खेल सकें। अनुकूली बैटरी अनुकूलक के साथ लेटेस्ट 12वीं पीढ़ी का इंटेल प्रोसेसर सर्वश्रेष्ठ इन-केस प्रदर्शन के लिए सही सुविधाएँ प्रदान करता है।

### हीरो इलेक्ट्रिक, बोल्ट ने 50,000 चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** हीरो इलेक्ट्रिक ने अगले एक साल में 50,000 चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए बोल्ट के साथ साझेदारी की है। बोल्ट एक अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क है। हीरो इलेक्ट्रिक ने बुधवार को कहा कि इस साझेदारी के तहत पूरे भारत में 750 से अधिक हीरो इलेक्ट्रिक के टच प्वाइंट में बोल्ट चार्जर लगाए जाएंगे। इससे 4.5 लाख से अधिक ग्राहकों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा लगभग 2,000 हीरो इलेक्ट्रिक चालक अपने घरों में बोल्ट चार्जिंग इकाइयों का निशुल्क लाभ ले सकेंगे। हीरो इलेक्ट्रिक के सीईओ सोहिंदर गिल ने एक बयान में कहा, हमारा मिशन कार्बन मुक्त गतिशीलता को बढ़ावा देना और एक मजबूत ईवी सफर का अनुभव देने के लिए मजबूत चार्जिंग नेटवर्क का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ से लाखों हीरो इलेक्ट्रिक ग्राहकों का सफर आसान होगा।

## भारत 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने की आकांक्षा लेकर चलें: अमिताभ कांत

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत का मानना है कि भारत को 2047 तक उच्च-आय वाला देश बनने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी इस आकांक्षा को हासिल करने के लिए साल-दर-साल सतत आर्थिक वृद्धि की जरूरत होगी।

कांत ने बुधवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि भारत अपने निजी क्षेत्र की ताकत का इस्तेमाल करता है, तो वह आगे बढ़ सकता है। हमारी प्रति व्यक्ति आय करीबन 2,000 अमेरिकी डॉलर है। भारत एक निम्न मध्यम आय वाला देश है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा, हमारी आकांक्षा 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने की होनी चाहिए। इसे साल-दर-साल सतत वृद्धि से हासिल किया जा सकता है।

कांत ने कहा कि 1947 तक दक्षिण कोरिया, चीन और भारत की प्रति व्यक्ति आय कमोबेश एक समान होगी। इसके 75 साल बाद दक्षिण कोरिया की आय भारत से सात गुना होगी। उन्होंने कहा कि चीन और दक्षिण कोरिया ने एक-के-बाद-एक साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यदि भारत ऊंची वृद्धि दर हासिल नहीं करता है, तो यह निम्न आय वृद्धि के परिवेश में ही ह्यफंसाह्न रहेगा। कांत ने कहा कि आज अफसरशाही की वजह से कारोबार का आगे बढ़ना मुश्किल है। हमने ऐसे नियम और नियमन बनाए हैं, जो उद्यमिता को समाप्त करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सार्वजनिक-निजी-भागीदारी की परियोजनाओं के पुनर्गठन, परियोजनाओं से जोखिम समाप्त करने की कला सीखनी होगी और निजी क्षेत्र से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।



- हमारी प्रति व्यक्ति आय करीबन 2,000 अमेरिकी डॉलर है। भारत एक निम्न मध्यम आय वाला देश है।

### आईएमएफ ने लगाया भारत के 8.2 फीसदी विकास दर का अनुमान

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के 8.2 फीसदी विकास दर का अनुमान लगाया है। हालांकि यह पहले के लगाए 9 फीसदी विकास दर के अनुमान से कम है। आईएमएफ की तरफ से विकास दर का यह अनुमान अमेरिका और चीन के विकास दर से अधिक है। आईएमएफ के अनुसार कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध का असर अमेरिका की आर्थिक वृद्धि पर नकारात्मक असर डाल सकता है। वैश्विक संस्था के नए आकलन में भारत की वृद्धि दर की रफ्तार घटने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले लगभग दोगुनी रफ्तार से बढ़ेगी। आईएमएफ के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष में अमेरिका की विकास दर 3.7 फीसदी तक रहने का अनुमान है। वहीं, चीन के बारे में संस्था का अनुमान है कि इन दोनों कारणों की वजह से चीन की विकास दर 4.4 फीसदी तक हो सकती है।

## टूक ने एक और शानदार टीडब्लूएस बड्स S2 लॉन्च किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

1499 रुपये की शुरूआती कीमत पर उत्कृष्ट संगीत के अनुभव का वादा टूक ने हाल में मृणाल ठाकुर को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है टूक S2 INR 499 के विशेष लॉन्च मूल्य पर उपलब्ध होगा, जो 24 अप्रैल तक वैध है नई दिल्ली, 20 अप्रैल 2022 : भारत के सबसे तेजी से बढ़ रहे ऑडियो ब्रांड्स में से एक, टूक ने आज अपना बहुप्रतीक्षित S2 टीडब्लूएस बड्स लॉन्च किया है। इसकी विशेष लॉन्च कीमत 1499 रुपये है। ये ईयरबड्स सबसे लोकप्रिय टीडब्लूएस बड्स र1 का उत्तराधिकारी है और अमेजन एवं फ्लिपकार्ट पर तीन रंगों - काला, नीला और सफेद में उपलब्ध होगा। टूक साउंड प्रोफेशनल्स और संगीत प्रेमियों के लिए उच्च गुणवत्ता के वायरलेस स्टीरियो, वायरलेस हेडफोन, इयरफोन और बीस्पोक अकाउस्टिक उपकरण बनाता है। ये नए ईयरबड्स अनेक उत्कृष्ट फीचर्स से लैस मिलेंगे। इनकी खूबियों में स्मार्ट एप्लीकेशन के जरिए कस्टमाइज करने योग्य 20 प्रिसेट ईक्यू मोड्स शामिल हैं। साथ ही इसमें स्लाइड-ऐंड-शेयर टेक्नोलॉजी के साथ संलग्न एक शानदार स्लाइडिंग केस लगा है जो वन-स्टेप इंस्टैंट पेयरिंग की सुविधा प्रदान करता है। ये बड्स 48 घंटे तक का बेमिसाल कुल प्लेटाइम भी ऑफर करते हैं और एक चार्ज पर 10 घंटे तक चल सकते हैं। उच्च कोटि के कालिंग अनुभव के लिए इन बड्स में दमदार क्वैड-माइक वातावरण शोर निराकरण यानी एनवायर्नमेंटल नॉइज कैंसलेशन (ईएनसी) से भी सुसज्जित होंगे। इसके अलावा ये ईयरबड्स श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ 55 एमएस तक की अल्ट्रा लो लेटेंसी के साथ असली गेमिंग अनुभव सुनिश्चित करेंगे। दोगुने तेज और विश्वसनीय कनेक्शन के लिए ब्लूटूथ 5.1 के साथ एकीकृत ये ईयरबड्स विशेषज्ञता पूर्वक ट्यून्ड 10 एमएम डायनामिक स्पीकर्स द्वारा पावर्ड दमदार गहरा बास प्रदान कारते हैं। इस पेशकश के विषय में टूक इंडिया के सीईओ, पंकज उपाध्याय ने कहा कि, टूक बड्स र1 की भारी कामयाबी के बाद हम एक और शानदार पेशकश लेकर आये हैं, जिसमें इयरबड के अभी तक के स्वरूप को बदलने की शक्ति है। टूक बड्स S2 में कई बेहतरीन फीचर्स हैं जिन्हें संगीत के दीवानों को खुश करने के लिए खास तौर पर बनाया गया है। हमें पक्का भरोसा है कि यह नवीनतम पेशकश हमें साधारण मूल्य वाले टीडब्लूएस सेगमेंट में वस्तुतः लीडर होने के हमारी कोशिश को बल प्रदान करेगी।




## लंबे इंतजार के बाद शेयर बाजार में दिखी मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले 11 अप्रैल से ही लगातार गिरावट का सामना कर रहा भारतीय शेयर बाजार बुधवार को आज मजबूती की राह पर बढ़ता नजर आ रहा है। शेयर बाजार ने आज कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ की और कारोबार शुरू होने के बाद लगातार मजबूती बनी हुई है। जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में अभी तक के कारोबार में अच्छी बढ़त नजर आ रही है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच 278.28 अंक की मजबूती के साथ 56,741.43 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत थी। बाजार खुलते ही तेज लिवाली के सपोर्ट से शुरूआती 10 मिनट में ही सेंसेक्स उछल कर 56,881.59 अंक तक पहुंच गया। इस स्तर पर कुछ मिनट के लिए कारोबार शांत रहा, लेकिन इसके बाद बाजार में एक बार फिर तेज लिवाली शुरू हो गई।

लिवाली के इस सपोर्ट से शुरूआती 30 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स 573.11 अंक की उछाल के साथ 57,036.26 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इस स्तर पर बाजार में थोड़ी बिकवाली भी हुई, जिससे सेंसेक्स में भी थोड़ी फिसलन आई। लेकिन कुछ ही देर में बाजार में फिर खरीदारी शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स दोबारा उछल गया। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 488.05 अंक की मजबूती के साथ 56,951.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 86.60 अंक की मजबूती के साथ 17,045.20 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती 10 मिनट में हुई जोरदार खरीदारी का फायदा निफ्टी को भी मिला। इस खरीदारी के बल पर ये सूचकांक उछलकर 17,086.10 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद अगले कुछ मिनट तक बाजार की गतिविधि सामान्य रहने के कारण निफ्टी की स्थिति में भी कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। लेकिन कुछ ही देर बाद बाजार में दोबारा शुरू हुई तेज खरीदारी ने निफ्टी को 178.80 अंक की मजबूती के साथ 17,137.45 अंक के स्तर तक पहुंचा दिया। इस स्तर पर बाजार में कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, जिससे निफ्टी की चाल पर भी असर पड़ा। लेकिन कुछ मिनट की बिकवाली के बाद ही शेयर बाजार पर एक बार फिर लिवाल हावी हो गए, जिससे निफ्टी की स्थिति में भी सुधार आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 155.40 अंक की मजबूती के साथ 17,114.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

पॉजिटिव ग्लोबल संकतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी शेयर बाजार ने तेजी के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। बीएसई का सेंसेक्स 253.86 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56,717.01 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 76 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,045.20 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सेंसेक्स 703.59 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 56,463.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 215 अंक यानी 1.25 प्रतिशत का गोता लगाकर 16,958.65 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।



- सेंसेक्स 573 अंक तक उछला

### शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे मजबूत

**मुंबई।** एशियाई और उभरते बाजारों की मुद्राओं के सकारात्मक रुख की बीच रुपया बुधवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे मजबूत होकर 76.31 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.41 पर खुला, और फिर बढ़त दर्ज करते हुए 76.31 पर आ गया, जो पिछले बंद के मुकाबले 19 पैसे की वृद्धि दशार्ता है।

रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे की गिरावट के साथ 76.50 पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.64 पर था। इसबीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.03 प्रतिशत बढ़कर 108.35 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 5,871.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## स्पोटिफाई ने बिना किसी भुगतान के क्रिएटर फंड को किया बंद

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

स्वीडिश संगीत स्ट्रीमिंग सेवा स्पोटिफाई ने अपने ग्रीनरूम क्रिएटर फंड को चुपचाप बंद कर दिया है। यह एक लाइव ऑडियो ऐप क्रिएटर फंड है जिसे उसने पिछले साल काफी धूमधाम से लांच किया था।

पॉडन्यूज के अनुसार, कंपनी ने वादा किया था कि क्रिएटर फंड अमेरिका में क्रिएटर्स को 2021 में बाद में गर्मियों में भुगतान शुरू करेगा।

मार्च में, जानकारी को बदल दिया गया कि फंड 2022 में लाइव हो जाएगा। अब, स्पोटिफाई ने क्रिएटर्स को ईमेल भेजकर कहा है कि वह लाइव ऑडियो ऐप क्रिएटर फंड को बंद कर रहा है।

मंगलवार की देर रात रिपोर्ट में कहा गया, हमें इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि फंड ने कभी किसी पैसे का भुगतान किया है। क्लबहाउस प्रतियोगी के रूप में लॉन्च किया गया ग्रीनरूम क्रिएटर फंड, यूजर्स को मशहूर हस्तियों, प्रभावितों और अन्य क्रिएटर्स के साथ लाइव बातचीत को स्ट्रीम करने और उन्हें साप्ताहिक आधार पर भुगतान करने की अनुमति देने के लिए था।

कंपनी ने एक ईमेल में कहा, हमारी योजना लाइव क्रिएटर्स के लिए अन्य पहलों की ओर बढ़ने की है। पिछले हफ्ते, म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म स्पोटिफाई ने घोषणा की थी कि वह ग्रीनरूम का नाम बदलकर स्पोटिफाई लाइव कर रहा है और अपनी लाइव क्षमताओं को सीधे स्पोटिफाई ऐप पर ला रहा है। स्पोटिफाई लाइव अब स्टैंड-अलोन ऐप और स्पोटिफाई ऐप में लाइवस्ट्रीम फंक्शन दोनों के रूप में पाया जा सकता है।

कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, यह बदलाव लाइव-ऑडियो क्रिएटर्स के भविष्य में हमारे विश्वास और दुनिया भर के सभी 406 मिलियन स्पोटिफाई श्रोताओं को प्रदान किए जा रहे लाइव अनुभव को दशार्ता है।




### एनआईटीईएस ने इंफोसिस की शिकायत श्रम मंत्रालय से की

**बेंगलुरु।** आईटी और आईटीईएस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठन नैसेंट इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंप्लॉयी सीनेट (एनएआईटीईएस) दिग्गज टेक कंपनी इंफोसिस के कर्मचारियों ने करार शर्तों के खिलाफ श्रम मंत्रालय में शिकायत दर्ज कराई है। एनएआईटीईएस का कहना है कि इंफोसिस कर्मचारियों को काम पर रखते समय एक कांट्रैक्ट पर हस्ताक्षर कराती है, जिसमें ऐसी शर्त रखी जाती है कि वे कंपनी छोड़ने के बाद उसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनियों जैसे टीसीएस, विप्रो, आईबीएम, एक्ससेंचर और कॉग्निजेंट में काम नहीं करेंगे। एनएआईटीईएस ने इंफोसिस के कांट्रैक्ट की इस शर्त के खिलाफ श्रम मंत्रालय तथा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराते हुये कंपनी के खिलाफ समुचित कार्रवाई किये जाने का आग्रह किया है। एनएआईटीईएस ने कहा है कि मंत्रालय इंफोसिस को ऐसी अवैध, अनैतिक और मनमानी शर्त हटाने के लिये कहे। इंफोसिस ने हाल में ही कर्मचारियों को यह निर्देश दिया था कि वे कंपनी छोड़ने के छह माह बाद तक उसके प्रतिद्वंद्वियों के यहां नौकरी ज्वाइन न करें।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका और आस्ट्रेलिया के बीच 2007 के बाद पहली बार होगा तरणताल में मुकाबला

सिडनी। अमेरिका और आस्ट्रेलिया 2007 के बाद पहली बार इस साल अगस्त में द्विपक्षीय तैराकी प्रतियोगिता में एक दूसरे का सामना करेंगे। इन दोनों देशों ने पिछले साल के तोक्यो ओलंपिक में तैराकी प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 50 पदक जीते थे और वे इस खेल में दुनिया में शीर्ष पर काबिज हैं। इस द्विपक्षीय मुकाबले में प्रत्येक देश के 30 तैराक भाग लेंगे जो 19 से 21 अगस्त तक सिडनी के ओलिंपिक एक्वाटिक सेंटर और बोंडी समुद्र तट पर खुली तैराकी स्पधाओं में भाग लेंगे। दुनिया में तरणताल में अपना दबदबा बनाने वाले इन दोनों देशों के बीच इस तरह का पहला मुकाबला पहली बार 2003 में आयोजित किया गया था।

### राहुल पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिये जुर्माना

नवी मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिये मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा कि राहुल ने आईपीएल आचार संहिता के लेवल एक अपराध को स्वीकार किया और उन्हें जुमार्ना मंजूर है। राहुल की टीम के साथी मार्कस स्टोइनिस को भी उसी मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिये फटकार लगायी गयी है।

### एसी मिलान को हराकर इंटर मिलान इटालियन कप के फाइनल में

मिलान। इंटर मिलान ने लॉटेरो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी एसी मिलान को दूसरे चरण के सेमीफाइनल में 3-0 से हराकर इटालियन कप फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मार्टिनेज ने अपने दोनों गोल पहले हॉफ में किये। उनके इस शानदार प्रदर्शन से इंटर मिलान ने कुल 3-0 के अंतर से जीत दर्ज की। इन दोनों टीम के बीच सेमीफाइनल के पहले चरण का मैच गोलरहित छूटा था। इंटर मिलान की तरफ से तीसरा गोल रोबिन गोसेन्स ने किया। यह जनवरी में अटलांटा छोड़कर इंटर मिलान से जुड़ने के बाद उनका पहला गोल है। इंटर मिलान फाइनल में युवेंटस या फियोरेनटिना से भिड़ेगा। फाइनल 11 मई को खेला जाएगा।

### विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया में मैत्री मैच खेलेंगे ब्राजील और अर्जेंटीना

मेलबर्न। अर्जेंटीना और ब्राजील विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया में 11 जून को एक मैत्री मैच में एक दूसरे का सामना करेंगे। पिछली बार इन दोनों टीम का सामना पिछले साल सितंबर में साओ पाउलो में विश्व कप क्वालीफाईंग मैच में हुआ था। यह मैच कुछ मिनट बाद ही रोक दिया गया था क्योंकि अर्जेंटीना के चार खिलाड़ियों को कोरोना वायरस नियमों का उल्लंघन करने के कारण स्टेडियम से बाहर करने के लिये ब्राजील के स्वास्थ्य अधिकारी मैदान में घुस गये थे। दोनों टीम ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया है और निलंबित किया गया यह मैच दोबारा नहीं खेला गया। विक्टोरिया राज्य सरकार ने बुधवार को पुष्टि की कि ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर मैच खेला जाएगा। पांच साल पहले इसी मैदान पर इन दोनों टीम के बीच मैच खेला गया था जिसमें 95 हजार दर्शक उपस्थित थे।

### कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने मैच में शानदार गेंदबाजी की

# दिल्ली के गेंदबाजों का कमाल पंजाब किंग्स को 115 रनों पर रोका

**मुंबई, एजेंसी**

दिल्ली ने आईपीएल 2022 में बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया है। पंजाब की टीम ने 10 विकेट पर 115 रन पर ही गिर गए। शाहरुख खान का खराब फॉर्म आज के मुकाबले में भी जारी रहा। वो 20 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। खलील अहमद ने उनको आउट किया। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट अपने नाम किए हैं। शाहरुख खान और राहुल चाहर क्रीज पर हैं।

पूरी तरह सेट हो चुके जितेश शर्मा 23 गेंद पर 32 रन बनाकर अक्षर पटेल की गेंद का शिकार हुए। यह मैच दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। दिल्ली अभी आठवें और पंजाब सातवें स्थान पर है। पंजाब के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और शिखर धवन एक बार फिर बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए। शिखर 10 गेंद में 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मयंक के बल्ले से 24 रन निकले। धवन को ललित और मयंक को मुस्तफिजुर रहमान ने आउट किया। दोनों सलामी बल्लेबाज के आउट होने के बाद बड़ा स्कोर बनाने की जिम्मेदारी मध्यक्रम के



**साझेदारी**

- पंजाब के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और शिखर धवन एक बार फिर बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए

बल्लेबाजों पर आई, लेकिन बेयरस्टो और लिविंगस्टोन ने निराश किया। इस सीजन एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाए बेयरस्टो सिर्फ 9 रन बनाकर खलील अहमद की गेंद पर कैच आउट हो गए। वहीं, लिविंगस्टोन भी कुछ खास नहीं कर पाए और अक्षर पटेल की गेंद पर सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए। मैच शुरू होने से पहले दिल्ली के लिए एक बुरी खबर भी आई। विकेटकीपर बैटर टिम शिफर्ट कोरोना पॉजिटिव पाए गए। मैच के साढ़े 3 घंटे पहले शिफर्ट के पॉजिटिव होने की रिपोर्ट आई। इससे पहले ऑलराउंडर मिचेल मार्श पॉजिटिव होने के कारण डॉक्टर्स की निगरानी में हैं। दिल्ली टीम में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। इनमें दो खिलाड़ियों के अलावा बाकी सपोर्ट स्टाफ हैं।

**स्कोरकार्ड**

पंजाब किंग्स 115/10 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल<br>बोल्ड मुस्तफिजुर रहमान | 24 | 15 | 4 | 0 |
| शिखर धवन<br>कॉट ऋषभ पंत बोल्ड ललित यादव | 9 | 10 | 1 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो<br>कॉट मुस्तफिजुर रहमान बोल्ड खलील अहमद | 9 | 8 | 2 | 0 |
| लियाम लिविंगस्टन<br>स्टंप ऋषभ पंत बोल्ड अक्षर पटेल | 2 | 3 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड अक्षर पटेल | 32 | 23 | 5 | 0 |
| शाहरुख खान<br>कॉट ऋषभ पंत बोल्ड खलील अहमद | 12 | 20 | 0 | 0 |
| कगिसो रबाडा<br>बोल्ड कुलदीप यादव | 2 | 6 | 0 | 0 |
| नाथन एलिस<br>बोल्ड कुलदीप यादव | 0 | 2 | 0 | 0 |
| राहुल चाहर<br>कॉट रोवमन पॉवेल बोल्ड ललित यादव | 12 | 12 | 1 | 1 |
| अर्शदीप सिंह<br>रन आउट (ऋषभ पंत) | 9 | 17 | 2 | 0 |
| वैभव अरोड़ा<br>नाबाद | 2 | 4 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 2 रन (B: 0, LB: 1, WD: 1, NB: 0) | | | |
| कुल | 115/10 20.0(RR: 5.75) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| शार्दूल ठाकुर | 2 | 0 | 20 | 0 | 10.00 |
| खलील अहमद | 4 | 0 | 21 | 2 | 5.25 |
| ललित यादव | 2 | 0 | 11 | 2 | 5.50 |
| मुस्तफिजुर रहमान | 4 | 0 | 28 | 1 | 7.00 |
| अक्षर पटेल | 4 | 0 | 10 | 2 | 2.50 |
| कुलदीप यादव | 4 | 0 | 24 | 2 | 6.00 |

# हमारे गेंदबाज रणनीति पर अमल करने में नाकाम रहे : राहुल

**नवी मुंबई, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि उनके गेंदबाज टीम की रणनीति के अनुसार चलने में नाकाम रहे और उन्होंने यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की 18 रन की जीत में फाफ डुप्लेसी को कप्तानी पारी खेलने का मौका मिला। आरसीबी के कप्तान डुप्लेसी ने 64 गेंदों में 96 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम का स्कोर छह विकेट पर 181 रन तक पहुंचाया। इसके जवाब लखनऊ की टीम आठ विकेट पर 163 रन ही बना पायी।

राहुल ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे क्योंकि हम जानते थे कि विकेट कैसा है और किस लेंथ में गेंदबाजी करनी है। हमें लंबे समय तक इसी रणनीति पर टिके रहने की जरूरत थी। उन्होंने कहा, कभी-कभी हम अपनी रणनीति के अनुसार नहीं चल पाते हैं। हमें कोशिश करनी चाहिए थी बल्लेबाज हमारी गेंदों का अनुमान नहीं लगा पाये। इस तरह की पिच पर जिस पर अनुमान लगाना आसान होता है यदि हमने सही क्षेत्र में गेंदबाजी की होती तो हम बीच के ओवरों में दो-तीन विकेट और निकालकर उन पर दबाव बना सकते थे। राहुल ने हालांकि डुप्लेसी की



**अनुमान**

- हमें कोशिश करनी चाहिए थी बल्लेबाज हमारी गेंदों का अनुमान नहीं लगा पाये

प्रशंसा की और उनकी पारी को सर्वश्रेष्ठ कप्तानी पारियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा, यह बल्लेबाजी के लिये आसान विकेट नहीं था लेकिन उन्होंने (डुप्लेसी) पारी अच्छी तरह से संवारी। हमारे शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों में से किसी एक को उस तरह की पारी खेलने की जरूरत थी। राहुल ने कहा, इससे हमारे पास मैच जीतने का अच्छा मौका होता, लेकिन हम साझेदारियां नहीं निभा पाये। उन्होंने बेहतरीन पारी खेली। यह सर्वश्रेष्ठ कप्तानी पारियों में से एक थी।

# जयदेव उनादकट बोले- गेंदबाजों को एक इकाई के रूप में अच्छा खेलना होगा

**नवी मुंबई, एजेंसी**

लगातार हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने बुधवार को कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अगले मुकाबले में गेंदबाजों को एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुंबई इंडियंस अभी तक सभी छह मैच हार चुकी है। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने निराश किया है।

उनादकट, बासिल थम्पी और मुरूगन अश्विन सभी महंगे साबित हुए हैं। उनादकट ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, सामूहिक प्रयास की जरूरत है और हमें उसी पर जोर देना होगा। हम अपनी गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे कुछ गेंदबाजों ने कुछ अच्छे ओवर डाले हैं लेकिन एक इकाई के रूप में मिलकर हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। हमने



**जानकारी**

- सामूहिक प्रयास की जरूरत है और हमें उसी पर जोर देना होगा
- हमें मैच दर मैच फोकस करके अपने प्रदर्शन के दुरूस्त करना होगा

बात की है कि एक ईकाई के रूप में कैसे अच्छा खेलना है। डैथ ओवरों या पावरप्ले पर कोई नहीं बात नहीं हुई है, बस बात एक ईकाई के रूप में अच्छे प्रदर्शन पर ही की गई है। मुंबई को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये अब बाकी आठों मैच जीतने होंगे लेकिन उनादकट ने कहा कि वह इतने आगे की नहीं सोच रहे। उन्होंने कहा, इतना आगे की सोचने की कोई जरूरत नहीं है। हमें मैच दर मैच फोकस करके अपने प्रदर्शन के दुरूस्त करना होगा। एक बार ऐसा होने पर सब ठीक हो जायेगा। फिलहाल एक जीत और दो अंक से खाता खोलना अहम है।

# बांग्लादेशी पूर्व ऑफ स्पिनर मुशर्रफ हुसैन का निधन

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर मुशर्रफ हुसैन का निधन हो गया। 40 साल के हुसैन पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश की राजधानी ढाका के अस्पताल यूनाइटेड में भर्ती थे। उन्होंने मंगलवार को ब्रेन ट्यूमर से लंबी लड़ाई के बाद दम तोड़ दिया। हुसैन रुबेल ने बांग्लादेश के लिए 2008 से 2016 तक इटंरनेशनल क्रिकेट खेला था।




उन्होंने अपने करियर में 56 टी-20 मैचों में 60 विकेट लिए थे। मुशर्रफ हुसैन रुबेल के निधन से क्रिकेट जगत में शक की लहर है। बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर ने अपना डेब्यू 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच खेलकर किया था वहीं, अपना आखिरी मैच 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ मीरपुर में खेला था। बांग्लादेश फैंस रुबेल के निधन से काफी निराश हो गए हैं। सोशल मीडिया पर ट्वीट कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। मुशर्रफ हुसैन बांग्लादेश के लिए पांच वनडे मैच खेले और इस दौरान कुल चार विकेट अपने नाम करने में सफल रहे थे। रुबेल को मार्च 2019 में ब्रेन ट्यूमर का पता चला था, तब से वो ब्रेन ट्यूमर का इलाज करा रहे थे। मुशर्रफ ने 112 फर्स्ट क्लास मैचों में 2.69 की इकोनॉमी रेट से 392 विकेट ले चुके हैं। वहीं 104 लिस्ट ए के मैचों में 4.28 की इकोनॉमी रेट से 120 विकेट और 56 टी-20 मैचों में 6.30 की इकोनॉमी रेट से 60 विकेट ले चुके हैं। वहीं 5 वनडे मैचों में 4.45 की इकोनॉमी रेट से 4 विकेट ले चुके हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रेयान कैंपबेल कोमा से बाहर , लेकिन अब भी आईसीयू में भर्ती

**लंदन, एजेंसी**

नीदरलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर रेयान कैंपबेल अब कोमा से बाहर हैं, लेकिन दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें अब भी यहां के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रखा गया है। शनिवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद 50 वर्षीय कैंपबेल को आईसीयू में भर्ती



कराया गया था। ब्रिटेन में अपने परिवार के साथ रह रहे कैंपबेल को सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई महसूस हुई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कैंपबेल के भाई मार्क के पर्थ रेडियो को दिये गये बयान के आधार पर कहा कि चिकित्सकों के अनुसार मस्तिष्क को किसी तरह की क्षति पहुंचने का कोई सबूत नहीं है। मार्क कैंपबेल ने आईसीसी के बयान में कहा, वह नीम बेहोशी से बाहर निकल आये हैं। अब चिकित्सक यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके दिल में क्या खराबी है। कैंपबेल नीदरलैंड की टीम के न्यूजीलैंड दौरे के बाद यूरोप लौट गये थे। उन्हें जनवरी 2017 में नीदरलैंड का कोच नियुक्त किया गया था। एक खिलाड़ी के रूप में उन्होंने आस्ट्रेलिया और हांगकांग दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप 2016 में हांगकांग का प्रतिनिधित्व किया था। वह 44 साल 30 दिन में इस प्रारूप में पदार्पण करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे।

# आईपीएल में उम्मीदें बरकरार रखने के लिये चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगा मुंबई इंडियन्स

**नवी मुंबई, एजेंसी**

लगातार छह हार के बाद बाहर होने की कगार पर पहुंची मुंबई इंडियन्स की टीम आज यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी उम्मीदें बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में एक भी मैच नहीं जीता है और गुरुवार को हारने पर वह टूनार्मेंट से बाहर हो जाएगी।

मौजूदा चैंपियन चेन्नई की स्थिति भी अच्छी नहीं है और वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर स्थित मुंबई से केवल एक पायदान ऊपर है। उसकी टीम को भी छह मैचों में से पांच में हार का सामना करना पड़ा है और आज हार से वह बाहर होने के कगार पर पहुंच जाएगी। मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म है, जिन्होंने छह मैचों में केवल 114 रन बनाए हैं। मुंबई को अगर लक्ष्य का पीछा करना है या



पहले खेलते हुए बड़ा स्कोर बनाना है तो रोहित को बड़ी पारी खेलनी होगी। युवा बल्लेबाज ईशान किशन भी अपनी 15.25 करोड़ रुपये की मोटी कीमत को सही साबित नहीं कर पाये हैं। उन्होंने छह मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 191 से अधिक रन बनाये हैं। डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने कुछ अच्छी पारियां खेली हैं लेकिन उन्हें मिलकर मध्य क्रम में जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने भी अब तक निराश किया है जिनकी मैच विजेता की छवि धूमिल पड़ती जा रही है। वह अब तक हर मैच में नाकाम रहे हैं और उन्होंने सिर्फ 82 रन बनाये हैं। मुंबई के पास कागजों पर अच्छी बल्लेबाजी तो है जो चेन्नई के अपेक्षाकृत कम अनुभवी आक्रमण पर हावी हो सकता है। मुंबई के लिये बल्लेबाजी से अधिक गेंदबाजी चिंता का विषय है। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर उसके अन्य गेंदबाजों ने अब तक लचर प्रदर्शन किया है। टाइमल मिल्स, जयदेव उनादकट, बासिल थम्पी या मुख्य स्पिनर मुरुगन अश्विन

**प्रदर्शन**

- जसप्रीत बुमराह को छोड़कर उसके अन्य गेंदबाजों ने अब तक लचर प्रदर्शन किया है

को अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मिल्स ने अपने आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तीन ओवर में 54 रन लुटाए, जबकि उनादकट और अश्विन ने क्रमशः 32 और 33 रन दिये। मुंबई ने फैबियन एलन को आजमाया लेकिन वह भी चार ओवर में 46 रन लुटा गये।

चेन्नई के लिये रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म में वापसी सकारात्मक संकेत है। उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ पिछले मैच में 48 गेंदों में 73 रन बनाये थे। रॉबिन उथप्पा और शिवम दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया था लेकिन गुजरात के खिलाफ वे नहीं चल पाये थे।

# मानसिक रूप से थके विराट को इंग्लैंड दौरे से पहले या बाद में आराम की जरूरत : शास्त्री

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर मानसिक थकान हावी है तथा उन्हें अभी क्रिकेट से विश्राम देने की सख्त जरूरत है ताकि वह अगले सात-आठ साल तक देश के लिये खेल सकें। कोहली अभी अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से सात मैचों में केवल दो बार 40 रन से अधिक का स्कोर बनाया है। दिल्ली के रहने वाले इस 33 वर्षीय बल्लेबाज ने सभी प्रारूपों में पिछले 100 मैचों में शतक नहीं लगाया है।

उन्होंने भारत और आरसीबी दोनों की टी20 कप्तानी छोड़ दी थी। वह टेस्ट कप्तानी से भी हट गये हैं जबकि उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था। शास्त्री का मानना है कोहली जैसे खिलाड़ी की कोविड-19 के कारण खिलाड़ियों के एक जगह तक सीमित हो जाने के माहौल में अच्छी तरह से देखभाल करने की जरूरत है। शास्त्री ने



स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं यहां सीधे मुख्य खिलाड़ी की बात करता हूं। विराट कोहली पर व्यस्तता के कारण थकान हावी है। यदि किसी को विश्राम की जरूरत है तो वह कोहली है। उन्होंने कहा, चाहे वह ढाई महीने का विश्राम हो या डेढ़ महीने का। यह इंग्लैंड दौरे से पहले हो या बाद में, उन्हें विश्राम की जरूरत है क्योंकि उनमें अभी छह-सात साल की क्रिकेट बची है और आप मानसिक थकान के कारण उन्हें नहीं गंवाना चाहोगे। कोहली मंगलवार को आईपीएल मैच में पहली गेंद पर आउट हो गये थे। आरसीबी ने कप्तान फाफ डुप्लेसी की 96 रन की पारी की मदद से इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 18 रन से हराया। शास्त्री ने कहा, जब मैं कोच था तब मैंने पहली बार इसकी शुरूआत की थी। मैंने पहली बात यही कही थी कि आपको खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर आप जबर्दस्ती करते हैं तो फिर एक खिलाड़ी को गंवा सकते हैं। वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाएगा। इसलिए हमें बेहद सतर्क रहना होगा। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी शास्त्री की बात पर सहमति जतायी और कहा कि कोहली को नयी ऊर्जा हासिल करने के लिये कुछ समय के लिये खेल और सोशल मीडिया से दूर रहना होगा। पीटरसन ने कहा, वह कई चीजों से जुड़ा है।

# सालाह के दो गोल से लिवरपूल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 4-0 से हराया

**लिवरपूल, एजेंसी**

लिवरपूल ने मोहम्मद सालाह के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाईटेड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सालाह ने पहले शुरूआती गोल करने में लुई डियाज की मदद की। डियाज ने पांचवें मिनट में ही लिवरपूल को बढ़त दिला दी थी। इसके बाद सालाह ने सैडियो माने के प्रयास से 22वें मिनट में स्कोर 2-0 किया। माने ने 68वें मिनट में टीम की तरफ से तीसरा गोल दागा जिसमें डियाज ने उनकी मदद की। सालाह ने डियाज की जगह मैदान में उतरे डिएगो जोटा की सहायता से 85वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। इस जीत से



लिवरपूल के 32 मैचों में 76 अंक हो गये हैं और वह मैनचेस्टर सिटी को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गया है। सिटी के 31 मैचों में 74 अंक हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने नवजात जुड़वां बच्चों में से एक की मौत के कारण इस मैच में नहीं खेल पाये थे। दोनों टीम के प्रशंसकों मैच इस स्टार स्ट्राइकर के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की।

# भारत में दिव्यांगों के लिए शतरंज ओलंपियाड की नहीं होगी मेजबानी

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) जुलाई-अगस्त में महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड का आयोजन करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। चेन्नई ने 2012 में पहली शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी की थी। यह 14वां ब्लाइंड शतरंज ओलंपियाड था, जो यहां के प्रतिष्ठित ले रॉयल मेरिडियन होटल में आयोजित किया गया था।

और ठीक एक दशक बाद भारत को दो शतरंज ओलंपियाड - 44वें शतरंज ओलंपियाड 2022 और दिव्यांगों के लिए शतरंज ओलंपियाड 2022 की मेजबानी करने का अधिकार मिला है। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) ने भारत को इस साल होने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए मुख्य शतरंज ओलंपियाड और शतरंज ओलंपियाड आवंटित किया था। हालांकि, यह कहा गया है कि दिव्यांगों के लिए शतरंज ओलंपियाड 2022 भारत में आयोजित नहीं किया जाएगा। नेत्रहीनों के लिए 2012 के ओलंपियाड को याद करते हुए, चारुदत्त जाधव, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय ब्रेल शतरंज संघ (आईबीसीए) और ऑल इंडिया शतरंज फेडरेशन फॉर द ब्लाइंड (एआईसीएफबी) ने आईएएनएस से कहा, उस वर्ष रूस ने स्वर्ण पदक जीता था। यह आयोजन लगभग एक बड़ी सफलता थी। 30 टीमें भाग ले रही हैं। ले रॉयल मेरिडियन होटल ने हमारे अनुरोध का जवाब दिया। उस साल भारतीय टीम पांचवें स्थान पर रही थी। ली रॉयल मेरिडियन के मालिक अप्पू होटल्स के प्रबंध निदेशक ए. सेनीमलाई ने आईएएनएस को बताया, हमारे पास एक बड़ा बैंक्वेट हॉल है। ओलंपियाड एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है और हमने इसे बेहतर ढंग से आयोजित कराने का फैसला किया था। एफआईडीई के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि दिव्यांगों के लिए शतरंज ओलंपियाड 2022 भारत में नहीं होगा। जाधव ने कहा कि हाल ही में एफआईडीई द्वारा दिव्यांगों के लिए ओलंपियाड शुरू किया गया। नतीजतन, नेत्रहीन/बधिर और शारीरिक रूप से अक्षम शतरंज खिलाड़ियों की तीन अंतरराष्ट्रीय टीमों को मुख्य ओलंपियाड में भाग लेने की अनुमति नहीं थी।

### मैनचेस्टर युनाइटेड और लिवरपूल के प्रशंसकों ने जताई क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हमदर्दी

**लिवरपूल।** अपने नवजात जुड़वा बच्चों में से एक के निधन के बाद स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के प्रति मैनचेस्टर युनाइटेड और लिवरपूल फुटबॉल क्लबों के प्रशंसकों ने प्रीमियर लीग मैच के दौरान सहानुभूति जताई। रोनाल्डो और उनकी साथी जॉर्जिना रोड्रिगेज ने सोमवार को अपने बच्चे के निधन की जानकारी दी। युनाइटेड के सात नंबर जर्सी वाले खिलाड़ी रोनाल्डो के समर्थन में क्लब के प्रशंसकों ने वीवा रोनाल्डो के नारे लगाये। लिवरपूल के प्रशंसकों ने भी क्लब का गीत यू विल नेवर वॉक अलोन गाया। लिवरपूल के मैनेजर जर्गेन क्लोप ने कहा, फुटबॉल ऐसा ही होना चाहिये। इस मौके पर कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं। इस समय सबसे जरूरी यही है। युनाइटेड के अंतरिम मैनेजर राफ रांगनिक ने कहा, इससे बुरा किसी के साथ क्या हो सकता है। युनाइटेड को लिवरपूल ने 4.0 से हराया।

# कोपा डेल रे फाइनल से पहले रीयाल बेटिस और वेलेंसिया को मिली हार



**मैड्रिड, एजेंसी**

रीयाल बेटिस ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में एल्ची के हाथों 1-0 से हार के कारण चैंपियन्स लीग में जगह बनाने के करीब पहुंचने का मौका गंवा दिया। बेटिस को कोपा डेल रे फाइनल से पहले इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। बेटिस कोपा डेल रे फाइनल में शनिवार को वेलेंसिया का सामना करेगा। वेलेंसिया को भी एक अन्य मैच में विल्लारीयाल ने 2-0 से हराया। टेटे मोरेंटे के 82वें मिनट में किये गये गोल से बेटिस की चैंपियन्स लीग के लिये क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस मैच में जीत से उसके दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना, तीसरे स्थान की टीम सेविला और चौथे स्थान की टीम एटलेटिको मैड्रिड के समान अंक हो जाते। ला लिगा के एक अन्य मैच में मालोर्का ने अलावेस को 2-1 से हराया।

## संक्षिप्त खबरें

### नाइजीरिया : सैन्य विमान दुर्घटना में दो की मौत

अबुजा। नाइजीरियाई वायु सेना का एक सैन्य विमान नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कडुना में प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वैनगार्ड अखबार ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तानी निर्मित प्रशिक्षण विमान सुपर मुशक सैन्य कर्मियों के साथ एक प्रशिक्षण मिशन पर था। पंच अखबार के मुताबिक, विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम दो पायलटों की मौत हो गई। नाइजीरियाई वायु सेना ने दुर्घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

### 500 से अधिक रोहिंग्या मलेशियाई हिरासत से भागे

कुआलालंपुर। मलेशिया में बुधवार को 500 से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी एक विरोध प्रदर्शन के बाद नजरबंदी से भाग गए, लेकिन अधिकांश को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। आप्रवासन विभाग ने बताया कि 528 रोहिंग्या उत्तरी पिनांग राज्य में बने एक अस्थायी हिरासत केंद्र का ब्लॉक दरवाजा और बैरियर ग्रिल तोड़कर भाग गए। विभाग ने एक बयान में कहा कि पुलिस और अन्य एजेंसियों को तैनात किया गया है और 362 बंदियों को फिर से गिरफ्तार किया गया है। विभाग के अधिकारी ने फरार कैदियों के बारे में अधिक जानकारी दिए बिना कहा बाकी बंदियों की तलाश जारी है। मलेशिया, जिसमें एक प्रमुख आबादी मुस्लिमों की है, म्यांमार से भाग रहे मुस्लिम रोहिंग्या या बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों से बचने की कोशिश करने वालों के लिए एक पसंदीदा स्थान है। मलेशिया शरणार्थियों को दर्जा नहीं देता है, लेकिन देश में एक लाख से अधिक रोहिंग्या और अन्य म्यांमार जातीय समूहों सहित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त से मान्यता प्राप्त लगभग एक लाख 80 हजार शरणार्थी हैं। इसके अलावा समुद्र के रास्ते अवैध रूप से देश में पहुंचने वाले गैर-दस्तावेजी भी यहां रहते हैं।

### आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अब तक कुल 25 हजार कार्यक्रम हुए : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 18 अप्रैल तक कुल 25 हजार कार्यक्रम हुए। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में प्रतिदिन लगभग 50 कार्यक्रम होते हैं। प्रति घन्टे 2 और प्रति 30 मिनट में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत 18 अप्रैल तक जो कुल कार्यक्रम हुए हैं उनकी संख्या 25 हजार है। ठाकुर ने बताया कि मंत्रालयों और विभागों के द्वारा 8,616 कार्यक्रम अब तक किये जा चुके हैं। इसके साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 9,516 कार्यक्रम किये गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि दूसरे देशों में विदेश मंत्रालय एवं अन्य संगठनों के द्वारा 2,347 कार्यक्रम आयोजित किये गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव का अर्थ है- स्वतंत्रता की ऊर्जा का अमृत, स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं के प्रेरणा का अमृत, नए विचारों और प्रतिज्ञाओं का अमृत, आत्मनिर्भरता का अमृत। इसीलिए ये महोत्सव राष्ट्र जागरण का पर्व है, सुशासन के सपनों को साकार करने का त्योहार और वैश्विक शांति और विकास का त्योहार है।

# पाकिस्तान : सूचना मंत्री मरियम ने की पीएमडीए भंग करने की घोषणा

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान की नवनियुक्त सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने पाकिस्तान मीडिया विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) को भंग करने की घोषणा की है। स्थानीय अखबार डॉन ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुश्री औरंगजेब ने सूचना मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद यह घोषणा की, जहां उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी काला कानून नहीं बनाया जाएगा या उस पर अमल नहीं किया जाएगा जो लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार को प्रतिबंधित करे।

उन्होंने कहा, पहले से ही दबाव झेल रही मीडिया की आवाज को प्रतिबंधित करने के लिए एक काला कानून (पीएमडीए के रूप में) लाने का प्रयास... मैं आज घोषणा करती हूं कि पीएमडीए अब तक जिस भी आकार या रूप में काम कर रहा था, उसे भंग किया जा रहा है। सुश्री औरंगजेब ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस से ठीक पहले मतिउल्लाह जान, हामिद मीर और असद तूर सहित सभी पत्रकारों और उन लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की, जिनके कार्यक्रमों को पिछली सरकार ने ऑफ-एयर कर दिया था। मीडिया संगठनों सहित सभी हितधारकों की एक संयुक्त कार्रवाई समिति मीडिया के सामने आने वाली चुनौतियों और समस्याओं पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी, ताकि एक बीच का रास्ता निकाला जा सके, जो सभी के लिए व्यावहारिक और स्वीकार्य हो।

सूचना मंत्री ने जोर देकर कहा कि पहले से ही कार्यरत पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पेमरा) के अलावा कोई नियामक प्राधिकरण स्थापित नहीं किया जाएगा। पिछले साल पीएमडीए की स्थापना के पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) सरकार के प्रस्ताव की पत्रकारों, कार्यकताओं और तत्कालीन विपक्ष ने कड़ी आलोचना की थी। स्थापना के बाद पीएमडीए पाकिस्तान में प्रिंट, प्रसारण और डिजिटल मीडिया के नियमन के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होने वाला था। सुश्री औरंगजेब ने काले कानून-इलेक्ट्रॉनिक अपराध रोकथाम (संशोधन) अध्यादेश, 2022 को भी याद किया, जिसे पिछली सरकार ने लाने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने उसे रद्द कर दिया था।

### यूक्रेनी शरणार्थियों की सहायता के प्रयासों का वित्तपोषण कर रहा अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन में संघर्ष से भाग रहे यूक्रेनी शरणार्थियों की मदद करने के प्रयासों को वित्तपोषित कर रहा है। श्रीमती थॉमस-ग्रीनफील्ड ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान कहा, अमेरिका 1,00,000 तक यूक्रेनियों का स्वागत कर रहा है, और हम उन सभी लोगों का समर्थन करने के प्रयासों को वित्तपोषित कर रहे हैं जो यूक्रेन से भाग आए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन महानिदेशक एंटोनियो विटोरिनो ने बैठक के दौरान कहा कि यूक्रेन में संघर्ष से 50 लाख लोग भाग निकले हैं जबकि यूक्रेन के अंदर करीब 71 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। यूएन में रूसी राजदूत दिमित्री पॉलींस्की ने बताया कि 24 फरवरी को रूस के विशेष सैन्य अभियान की शुरूआत से पहले, कम से कम 17 लाख लोगों ने यूक्रेन के सैनिकों द्वारा डोनबास क्षेत्र की गोलाबारी के तुरंत बाद रूस में नागरिकता, शरणार्थी का दर्जा या अस्थायी आश्रय मांगा था। श्री पॉलिंस्की ने यह भी कहा कि यूक्रेन के वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 1990 से 2021 की अवधि में देश की आबादी 5.4 करोड़ से घटकर 4.1 करोड़ हो गई, और मौसमी श्रम व्यवस्था के कारण लगभग 30 लाख लोग देश छोड़ चुके हैं।

## रूस ने युद्ध में और सैनिक झोंके पूर्वी यूक्रेन में हमले तेज किए

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र में कोयला खदानों और कारखानों पर नियंत्रण हासिल करने के लिए मंगलवार को हमले तेज कर दिए। उसने शहरों और कस्बों के पास सैकड़ों मील लंबे मोर्चे को निशाना बनाया। रूसी बलों का मुख्य लक्ष्य पूर्वी डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करना है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेना के यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने के असफल प्रयास के बाद यहां जीत उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण हो गई है।

पूर्वी शहर खारकीव और क्रामातोर्स्क पहले ही घातक हमलों की चपेट में हैं। रूस ने यह भी कहा कि उसने डोनबास के पश्चिम में जपोरिजिया और निप्रो के आसपास के क्षेत्रों पर मिसाइल हमले किए हैं।

क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि पश्चिमी शहर मायकोलीव में बुधवार तड़के कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई। पास के शहर बशतांका में भी एक अस्पताल में गोलीबारी की सूचना मिली थी। डोनबास में तबाह हो चुके बंदरगाह शहर मारियुपोल में यूक्रेनी सैनिकों ने बताया कि रूसी सेना ने बंदरगाह शहर के एक विशाल इस्पात संयंत्र को नष्ट कर दिया है और एक अस्पताल को भी निशाना बनाया है, जहां सैकड़ों लोगों ने पनाह ली थी। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने बताया कि रूसी बल यूक्रेन के कई सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहे हैं, जिसमें कई शहरों या गांवों में या उसके आसपास सैनिकों के अड्डे और मिसाइल वारहेड स्टोरेज डिपो शामिल हैं। दोनों ही पक्षों ने इसे युद्ध का एक नया चरण बताया है। रूसी सेना ने देश के दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में 300 मील (480 किलोमीटर) से अधिक के व्यापक मोर्चे पर सोमवार को जबरदस्त हमले शुरू किए थे। यूक्रेन की सेना ने बताया कि रूसी सेना ने लगभग सभी सीमाओं पर हमारे सुरक्षा घेरे को तोड़ने की कोशिश की। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रात को देश के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि रूसी सेना युद्ध में अपना सब कुछ झोंक रही है। देश के अधिकतर सैनिक यूक्रेन में या रूसी सीमाओं पर मौजूद हैं। जेलेंस्की ने कहा, उन्होंने लगभग हर उस उस चीज को निशाना बनाया है, जो हमें रूस के खिलाफ लड़ने में सक्षम बनाती है। जेलेंस्की ने कहा कि केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के रूसी दावों के बावजूद उसकी सेना द्वारा आवासीय क्षेत्रों पर हमले करना और नागरिकों की हत्या करना जारी है।

## अमेरिका: परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद होने के जोखिम से बचाने के लिए छह अरब डॉलर की पहल

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद होने के जोखिम से बचाने के लिए छह अरब डॉलर की एक पहल करेगा। इसमें परमाणु ऊर्जा को कार्बन मुक्त स्रोत के रूप में जारी रखने की आवश्यकता का हवाला दिया गया है, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करता है।

नागरिक परमाणु ऋण कार्यक्रम के लिए मंगलवार को प्रमाणीकरण और बोली की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से संकटग्रस्त मालिकों या परमाणु ऊर्जा रिएक्टर के संचालकों को परेशानी से उबारना है। ऊर्जा विभाग ने आधिकारिक घोषणा से कुछ समय पहले द एसोसिएटेड प्रेस को विशेष रूप से जानकारी दी। यह आर्थिक रूप से संकटग्रस्त परमाणु रिएक्टर को बचाने के लिए किया गया अभी तक का सबसे बड़ा संघीय निवेश है। परमाणु ऊर्जा रिएक्टर के मालिक या संचालक, जिनके आर्थिक कारणों से बंद होने की आशंका है, वे समय से पहले बंद होने से बचने के लिए धन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें उन रिएक्टर को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने पहले ही बंद करने की योजना की घोषणा कर दी थी। दूसरे चरण में अधिक आर्थिक रूप से संकटग्रस्त रिएक्टर को मदद दी जाएगी।

कार्यक्रम को राष्ट्रपति जो बाइडन के 100000 करोड़ डॉलर के बुनियादी ढांचे के सौदे के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा, जिस पर उन्होंने नवंबर में हस्ताक्षर किए थे। ऊर्जा सचिव जेनिफर ग्रानहोम ने एक बयान में कहा, अमेरिकी परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारी कार्बन मुक्त बिजली में आधे से अधिक का योगदान करते हैं और राष्ट्रपति बाइडन हमारे स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने के वास्ते इन संयंत्रों को सक्रिय रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कीव जाऊंगा या नहीं, पता नहीं : जो बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उन्हें फिलहाल नहीं पता कि वह यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने जल्द ही कीव जाएंगे या नहीं। जब श्री बाइडेन से सवाल हुआ कि क्या वह कीव जाएंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता। बाइडेन प्रशासन कथित तौर पर एक उच्च-स्तरीय अमेरिकी अधिकारी को कीव भेजने के निर्णय पर विचार कर रहा है। यह अधिकारी स्वयं बाइडेन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन या विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन हो सकते हैं। जब पिछले हफ्ते एक संवाददाता ने श्री बाइडेन से पूछा कि क्या वह कीव जाने के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने इसका जवाब हां में दिया था। इसी बीच सोमवार को व्हाइट हाउस प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बाइडेन की कीव जाने की कोई योजना नहीं है।

### स्थगित हुई मिशन एक्सियॉम-1 की अनडॉकिंग

**वाशिंगटन।** एक्सियॉम स्पेस कंपनी ने एक बयान में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए पहले सर्व-निजी मानव मिशन एक्सियॉम-1 की अनडॉकिंग को स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को जारी एक बयान में कंपनी ने कहा, मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से एएक्स1 मिशन की अनडॉकिंग को रोक रहे हैं। बयान में कहा गया कि एक्सियॉम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स की टीमें एक्सियॉम-1 मिशन की वापसी के लिए अगले सर्वोत्तम अवसर का आकलन कर रही हैं। आठ अप्रैल को एक्सियॉम-1 चालक दल के सदस्यों, अमेरिका और स्पेन के कमांडर माइकल लोपेज-एलेग्रिया, अमेरिकी पायलट लैरी कॉनर, इजराइली मिशन विशेषज्ञ एयटन स्टिब्बे और कनाडा के मिशन विशेषज्ञ मार्क पैथी ने आईएसएस के लिए अपनी तीसरी उड़ान पर जा रहे ड्रैगन एंडेवर अंतरिक्ष यान के साथ स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। चालक दल को आईएसएस पर एक माइक्रोग्रैविटी वातावरण में 25 से अधिक विज्ञान प्रयोगों को पूरा करने का काम सौंपा गया था।

## हंगामा प्ले ने नया भोजपुरी रॉमकॉम/कॉमेडी सइयां मगन पहलवानी में, लॉन्च किया

### शो के मुख्य सितारे हैं साहिल आनंद और रितु सिंह

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




गुंजन पंत, विजय कुमार सिंह, पंकज कुमार, रतन सिंह राजपूत और रागनी चौरसिया जैसे लोकप्रिय भोजपुरी एक्टर भी इस शो में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म हंगामा प्ले ने सैयां मगन पहलवानी में नामक एक नया भोजपुरी शो लॉन्च किया है। इस शो में पंकज कुमार, रतन सिंह राजपूत और रागनी चौरसिया के साथ भोजपुरी सुपरस्टार साहिल आनंद, रितु सिंह, गुंजन पंत और विजय कुमार सिंह की अगुवाई में कलाकारों की जगमगाती फौज मौजूद है।

यह सीरीज शादी करने को मरे जा रहे एक युवा जोड़े, पहचान की गलतफहमी और एक गुस्सैल घराने की हल्की-फुल्की कॉमेडी है। के सेरा सेरा बॉक्स ऑफिस द्वारा निर्मित यह शो के. मनोज सिंह ने लिखा है और सचिन अग्रवाल ने इसे डाइरेक्ट किया है। सइयां मगन पहलवानी में वीर (साहिल आनंद) और खुशी (रितु सिंह) की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक-दूसरे से प्यार करते हैं। खुशी के पिता भीम सिंह (पंकज कुमार) बेटी के इस प्रेम प्रसंग से बिलकुल अनजान हैं।

अपनी बेटी की शादी के लिए उनकी केवल एक ही शर्त है कि उनका दामाद एक पहलवान होना चाहिए, वह भी कोई ऐरा-गैरा पहलवान नहीं, बल्कि उसे स्टेट चैंपियन होना चाहिए! भीम सिंह की यह शर्त जानकर वीर डर जाता है। पहलवान होना तो दूर, वह कभी किसी अखाड़े के अंदर घुसा तक नहीं था, लेकिन वह भी कोई कच्चा खिलाड़ी नहीं है। वह अपने दोस्त राजा (विजय कुमार सिंह) को खुशी के प्रेमी होने का दिखावा करते हुए उसके परिवार से मिलने के लिए तैनात करता है। योजना बड़ी सीधी सी है- राजा मौजूदा स्टेट चैंपियन पहलवान को पछाड़ देगा और फिर वीर राजा को पटक देगा, ताकि सिंह परिवार का दामाद बन सके! सब कुछ प्लान के मुताबिक ही हो जाता, अगर राजा की पत्नी तितली (गुंजन पंत) अपने पति की तलाश करती हुई वहां न आ धमकती! अब भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है और पात्रों को खुशी के परिवार से अपनी असली पहचान छुपाने का हर संभव प्रयास करना पड़ता है और खुशी व वीर की एक दूसरे से शादी भी करानी ही करानी है। अंधाधुंध कॉमेडी सैयां मगन पहलवानी में एक ऐसी स्वादिष्ट खिचड़ी है जिसमें दिल खोल कर भरपूर गरम मसाला छिड़का गया है!

## दक्षिण कोरिया में कोरोना के 1,11,319 मामले दर्ज

सियोल, एजेंसी




दक्षिण कोरिया में मंगलवार मध्यरात्रि तक कोरोना के 1,11,319 नए मामले दर्ज किये गए, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 16,583,220 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने कहा कि दैनिक मामले पिछले दिन दर्ज किए गए 1,18,504 मामलों से थोड़ा कम और एक सप्ताह पहले दर्ज किये गए 1,95,393 मामलों से बहुत कम थे।

स्वास्थ्य अधिकारियों का मानना है कि वायरस के अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वेरिएंट और इसके उपप्रकार बीए.2 के प्रसार से प्रेरित नयी लहर मार्च के मध्य में अपने चरम पर थी और अब इसमें गिरावट आई है। नए मामलों में, 17 बाहर से आए लोगों में दर्ज किए गए, जिससे विदेशी मामलों की कुल संख्या 31,635 हो गई। अधिकारियों के अनुसार 808 संक्रमितों की स्थिति गंभीर है। पिछले 24 घंटों में कुल 166 और लोगों की मृत्यु हुई, जिसके बाद वायरस से मरने वालों की संख्या 21,520 हो गई। अब तक दक्षिण कोरिया में 44,529,088 लोग (86.8 प्रतिशत) कोविड-19 वैक्सीन की दोनों खुराक ले चुके हैं जबकि 33,024,450 लोग (64.4 प्रतिशत) बूस्टर डोज लगवा चुके हैं।

### कोयला भंडार की कमी को लेकर राहुल का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सिर्फ आठ दिन का कोयला भंडार बचे होने की खबर पर केंद्र की मोदी सरकार को घेरते हुए बुधवार को कहा कि उसे नफरत फैलाने की बजाय देश के लोगों को बराबर रोशनी देने की व्यवस्था करनी चाहिए। श्री गांधी ने कहा कि महंगाई के दौर में लोगों को बिजली नहीं मिलेगी तो रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध कराने वाले छोटे उद्योग बंद हो जाएंगे और युवाओं के समक्ष रोजगार का बड़ा संकट पैदा हो जाएगा, इसलिए नफरत और घृणा की बजाय देश के लोगों को सहूलियत देने पर ध्यान देना चाहिए। श्री गांधी ने ट्वीट कर कहा, आठ साल की बड़ी-बड़ी बातों का परिणाम देखिए कि देश के पास केवल आठ दिन का कोयला भंडार शेष है। मोदी जी, महंगाई का दौर चल रहा है। बिजली कटौती से छोटे उद्योग धराशायी हो जाएंगे। इन छोटे उद्योगों के खत्म होने से लोगों के समक्ष नौकरियों का और बड़ा संकट पैदा हो जाएगा।

## जापान ने औपचारिक रूप से रूस के सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र का दर्जा वापस लिया

तोक्यो, एजेंसी



जापान ने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर बुधवार को रूस का सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र का दर्जा औपचारिक रूप से रद्द कर दिया, क्योंकि तोक्यो ने नागरिकों के खिलाफ रूसी सेना के व्यापक अत्याचारों के खुलासे के बीच प्रतिबंधों को बढ़ा दिया। रूस के व्यापार दर्जे को खत्म करना मास्को के खिलाफ जापान का नवीनतम कदम है और पिछले महीने प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा द्वारा घोषित प्रतिबंधों की सूची का हिस्सा है जिसमें आठ रूसी राजनयिकों और व्यापार अधिकारियों को निष्कासित करने का निर्णय भी शामिल था।

जापान की संसद द्वारा रूस की व्यापार स्थिति का निरसन, अन्य देशों द्वारा सामूहिक रूप से लगाए गए अन्य प्रतिबंधों के साथ, रूस पर दबाव तेज करने की उम्मीद है, लेकिन यह कदम मास्को से प्रतिशोध को भी प्रेरित कर सकता है। व्यापार की स्थिति का निरसन सभी रूसी आयातों पर टैरिफ पर लागू करता है। बुधवार को आए संसदीय निर्णय में उन लोगों द्वारा रखी गई आभासी मुद्रा के हस्तांतरण को रोकने के लिए एक विदेशी मुद्रा कानून में संशोधन भी शामिल है जो संपत्ति फ्रीजिंग के अधीन हैं। पूर्वी एशिया में आक्रमण के प्रभाव के बारे में चिंताओं के कारण जापान रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है, जहां चीन की सेना तेजी से मुखर हो गई है। जापान ने सैकड़ों रूसी व्यक्तियों और समूहों की संपत्ति को भी फ्रीज कर दिया है। साथ ही नए निवेश और व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें ऐसे माल का निर्यात भी शामिल है जिसका इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। जापान ने रूसी कोयले के आयात को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना की भी घोषणा की।

बुधवार को, निष्कासन के अधीन आठ रूसी राजनयिकों को हनेडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए एक बस में तोक्यो में रूसी दूतावास से निकलते हुए देखा गया, जहां वे देश लौटने के लिए एक रूसी सरकारी विमान में सवार हुए। जापान को पहले ही रूस से प्रतिशोध का सामना करना पड़ा है। मॉस्को ने हाल ही में तोक्यो के साथ एक शांति संधि पर वार्ता को स्थगित करने की घोषणा की जिसमें रूसी कब्जे वाले द्वीपों पर वार्ता शामिल थी जिसे पूर्व सोवियत संघ ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में जापान से जब्त कर लिया था।

### राजस्थान में क्यों नहीं हुए, अमृत महोत्सव के कार्यक्रम : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि देश के अमृतकाल के अवसर पर सबकी भागीदारी होनी चाहिए लेकिन दंगों एवं भ्रष्टाचार के इतिहास वालों से उम्मीद नहीं की जा सकती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां पार्टी मुख्यालय में सामाजिक पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन करते हुए संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव देश का कार्यक्रम है। देश भर में विभिन्न राज्य सरकारों ने अपने अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किये हैं। वह राजनीतिक बात नहीं करना चाहते हैं लेकिन एक सवाल है कि क्या राजस्थान में ऐसा कोई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह देश का अमृतकाल है और इसलिए इसमें सबकी भागीदारी होनी चाहिए लेकिन जिनका इतिहास भ्रष्टाचार और दंगों से भरा रहा हो, उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है।

**नियम** सड़क हादसों पर रोकथाम के लिए विशेषज्ञों की एक टीम बनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन संचालन को सुरक्षित बनाने की दिशा में पहल की जाए

## गहलोत ने सड़क सुरक्षा नियमों की कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

जयपुर, एजेंसी



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में सड़क हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त की और हर व्यक्ति की जान को बचाना और सड़क दुर्घटनाएं रोकना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता बताते हुए इनकी रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा नियमों की कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। श्री गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा इनसे होने वाली जनहानि रोकने के लिए उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली प्रत्येक मौत विचलित करने वाली होती है। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष दस हजार से अधिक व्यक्तियों की असामयिक मौत होना चिंता का विषय है। इसे में, हर व्यक्ति की जान को बचाना और सड़क दुर्घटनाएं रोकना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों और अन्य राज्यों में हुए नवाचारों का उपयोग करते हुए ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने आदि पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही घटिया हेलमेट की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाए। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस पूरे परीक्षण के बाद ही जारी किया जाए। श्री गहलोत ने कहा कि सड़क हादसों पर रोकथाम के लिए विशेषज्ञों की एक टीम बनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन संचालन को सुरक्षित बनाने की दिशा में पहल की जाए। लोगों को नियमों की पालन के लिए जागरूक किया जाए।

श्री गहलोत ने प्रदेशवासियों से सड़क सुरक्षा नियमों की पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति वाहन चलाते समय नियमों की आवश्यक रूप से पालन करे। यह उनके जीवन की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और वाहन चालन में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें ताकि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने बताया कि राज्य में वर्ष 2021 में 20 हजार 951 सड़क दुर्घटनाओं में 10 हजार 43 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि इनमें से 82 प्रतिशत तेज गति से वाहन चलाने, पांच प्रतिशत गलत दिशा में वाहन चलाने एवं 13 प्रतिशत मौतें नशे एवं मोबाइल फोन के उपयोग सहित अन्य कारणों से हुई हैं।

### सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की किसी को न हो छूट : नकवी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि कास्ट, कम्युनिटी, कनेक्शन नहीं, बल्कि क्राइम और करतूत पर कार्रवाई होती है। श्री नकवी ने जहांगीरपुरी हिंसा में एकतरफा कार्रवाई के आरोपों पर आज यहां पत्रकारों से कहा कि गुनहगार गोत्र से नहीं, गुनाह से गिरफ्तार होता है। किसी को भी समाज के सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लगातार नफरत की नो-बॉल, हेट की हैट्रिक में लगे हुए हैं।

## प्रधानमंत्री लाल किले में श्री गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व समारोह में होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को रात 9:15 बजे लाल किले में सिखों के नौवें गुरू श्री गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे और एक स्मारक सिक्का तथा डाक टिकट भी जारी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार द्वारा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से किया जा रहा है। इस दो-दिवसीय (20 और 21 अप्रैल) कार्यक्रम के दौरान, देश के विभिन्न हिस्सों से रागी और बच्चे शब्द कीर्तन में भाग लेंगे।



गुरु तेग बहादुर जी के जीवन को दशार्ने वाला एक भव्य लाइट एंड साउंड शो भी होगा। इसके अलावा सिखों की पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका का भी आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के उपदेशों को रेखांकित करने पर केंद्रित है। गुरु तेग बहादुर जी ने विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्हें मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर कश्मीरी पंडितों की धार्मिक स्वतंत्रता का समर्थन करने के लिए मार डाला गया था।

उनकी पुण्यतिथि 24 नवंबर हर साल शहीदी दिवस के रूप में मनाई जाती है। दिल्ली में गुरुद्वारा सीस गंज साहिब और गुरुद्वारा रकाब गंज उनके पवित्र बलिदान से जुड़े हैं। उनकी विरासत इस राष्ट्र के लिए एकजुटता की एक महान शक्ति के रूप में कार्य करती है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555